रांची

बुधवार

14.12.2022

पौष कृष्ण पक्ष 06

विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

वर्ष-23 अंक-308 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

केवल एक भावी लक्ष्य के लिए जिंदगी जीना एक साधारण बात है। वर्तमान में रहने से ही जीवन सार्थक बनता है, न कि बस चोटी पर पहुंचने की आशा में रहने से।

## समीक्षा ○ गुमला-लोहरदगा जिला में संचालित योजनाओं के परफॉर्मेंस से सीएम नाराज, बोले -

# कार्यशैली सुधारें अधिकारी नहीं तो होगी कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को जिला परिषद, लोहरदगा परिसर में लोहरदगा और गुमला जिला में राज्य सरकार की

- सीएम ने 31 दिसम्बर तक सुधार का दिया निर्देश
- मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी की जांच कर कार्रवाई का मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश
- गुमला उपायुक्त के परफॉर्मेंस से नाराज सीएम ने सुनायी खरी-खोटी

महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रगति व निपटारे की समीक्षा की। बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना, मनरेगा योजना, छात्रवृति योजना, से संबंधित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों, राजस्व न्यायालय, विधि व्यवस्था अंतर्गत अपराध की स्थिति (चोरी, अपहरण, हत्या, लूट, दंगा, बलात्कार, आर्म एक्ट, नक्सल आदि अनुसंधान की स्थिति, वारंट-कुर्की के निष्पादन की स्थिति समेत अन्य पहलुओं की समीक्षा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंडाल्को द्वारा अवैध रूप से खनन कार्य करने की शिकायत मिल रही है। तथ्यपरक व ईमानदारी से जांच कर दोषी मिलने पर कंपनी पर एफआईआर करें। अवैध खनन कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कुडू के चिरी में अनामृत फाउंडेशन द्वारा संचालित मध्याह्न भोजन की अव्यवस्था एवं गड़बड़ी की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान गुमला और लोहरदगा में योजनाओं के परफॉर्मेंस से नाराज दिखे सीएम ने 31 दिसम्बर तक सुधार का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगर समय के अनुसार सुधार नहीं हुई तो आलाधिकारियों पर कार्रवाई होगी। वहीं, समीक्षा के क्रम में गुमला, लोहरदगा सदर थाना, कुडू थाना की क्राइम रेटिंग ज्यादा देखी गयी जिसमें कुडू ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



### पुरूषों की सहभागिता जरूरी

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि दोनों जिलों में जेएसएलपीएस, सेविका/सहायिका आदि के रूप में महिलाएं कार्य कर रही हैं, लेकिन पुरूषों की भागादीरी कम है। पुरूषों की सहभाकिता बढ़ाने की आवश्यकता है। यह जनजातीय बहुल क्षेत्र है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते क्राइम पर चिंता व्यक्त की।

### मुख्य सचिव ने अधिकारियों की कार्यशैली पर जतायी नाराजगी

**मुख्य** सचिव सुखदेव सिंह ने सरकार की ड्रीम प्रोजेक्ट से जुड़ी योजनाओं की संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर दोनों जिलों के अधिकारियों की कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का इन योजनाओं पर सबसे ज्यादा जोर है, लेकिन इन योजनाओं के क्रियान्वयन में भी आपके द्वारा लापरवाही बढ़ती जा रही है। जो लक्ष्य निर्धारित है, उसके विपरीत उपलब्धियां नगण्य हैं। सिर्फ आंकड़ों में बात करने से काम नहीं चलेगा। हकीकत में लाभुकों को इन योजनाओं से जोड़ने की पहल में शिथिलता बरती जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि 15 दिनों के अंदर फोकस वाली योजनाओं के सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करें, वरना कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

### अपराध को नियंत्रित करें वरना कार्रवाई को तैयार रहें : डीजीपी

**मुख्यमंत्री** की समीक्षा बैठक में पुलिस महानिदेशक नीरज सिन्हा ने लोहरदगा और गुमला जिले में उग्रवाद और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कई थाना क्षेत्रों में दुष्कर्म और हत्या जैसी घटनाएं बढ़ रही है। आपराधिक कांडों के अनुसंधान में विलंब हो रहा है। आपराधिक मामलों का जितना निष्पादन हो रहा है उससे तेज गति से आपराधिक घटनाएं थानों में हो रही हैं। उन्होंने कहा कि यह पुलिस की नाकामी को दर्शाता है। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि अपराध को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठायें, वरना कार्रवाई को तैयार रहें। जिस थाना क्षेत्र में अपराधिक घटनाएं बढ़ेगी, वहां के पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जायेगी।

## खतियानी जोहार यात्रा में सीएम ने कहा -

# सरकार की योजना अब सीधा गांव की जनता के पास जायेगी



राहुल कौशल

**लोहरदगा।** लोहरदगा के समाहरणालय मैदान में मंगलवार को आयोजित खतियानी जोहार यात्रा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आदिवासी के डीएनए में डर शब्द नहीं है। अलग राज्य बनने के बाद लगभग 20 साल शासन करनेवाले लोगो का साथ जब यहां के मूलवासी और आम जनता साथ छोड़ दी, तो वे लोग बौखलाकर साजिश करना शुरू कर दिये हैं। इन साजिशों से यहां का आदिवासी डरनेवाले नहीं है। सीएम ने कहा कि वर्तमान में जबसे गठबंधन सरकार बनी है तब से मुख्यमंत्री आवास में जनता की भीड़ मुख्यमंत्री को मिठाई खिलाने और फूल माला पहनाकर आभार जताने के लिए आती है। 1932 का खतियान विधानसभा में पास करने का काम किया तो विपक्षी दलों के नेताओं के सीने पर सांप लोट गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजना अब सीधा गांव की जनता के पास जायेगी। अलग राज्य बनने के बाद से झारखंड की सरकारी भूमि आवंटन का राजस्व केंद्र सरकार के पास ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### बेहतर शिक्षा के लिए सरकार उठा रही सभी समुचित कदम

**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन ने छात्राओं से कहा कि आप खूब मन लगाकर पढ़ें। शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में नयी ऊंचाइयों को प्राप्त करें। इसके लिये राज्य सरकार की ओर से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी बेहतर शिक्षा के लिए सरकार सभी समुचित कदम उठा रही है। आप अगर मेडिकल, इंजीनियरिंग, लॉ जैसे क्षेत्रों में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो सरकार आपको मदद करेगी। इसके अलावा यूपीएससी, जेपीएससी, बैंकिंग, रेलवे, एसएससी, जैसी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को आर्थिक सहायता देने की योजना सरकार ने शुरू की है।

## न्यूज गैलरी

### त्रिकूट पहाड़ हादसे में हाईकोर्ट सरकार के जवाब से असंतुष्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ. रवि रंजन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मंगलवार को देवघर के त्रिकूट पहाड़ में हुए ट्रॉली हादसे में तीन लोगों की मौत मामले की हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले की अगली सुनवाई 14 जनवरी, 2023 को होगी। इससे पहले राज्य सरकार द्वारा दाखिल जवाब से कोर्ट असंतुष्ट नजर आया। कोर्ट ने सरकार को मामले में फिर से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि मामले में बीआईटी मेसरा व सिम्फर की ओर से कोर्ट को रिपोर्ट सौंपी गयी थी। कोर्ट ने राज्य सरकार से एक कमेटी बनाकर रिपोर्ट सौंपने को कहा था। इस वर्ष अप्रैल महीने में त्रिकूट पहाड़ पर रोप-वे हादसे में तीन लोगों की जान चली गयी थी। इस पर कोर्ट में स्वत संज्ञान लिया था।

### मोदी ने मन की बात के लिए लोगों से मांगे सुझाव

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 दिसम्बर को आकाशवाणी के माध्यम से देशवासियों से मन की बात करेंगे और इसके लिए उन्होंने लोगों से सुझाव मांगे हैं। श्री मोदी रेडियो और दूरदर्शन पर प्रसारित होनेवाले अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिये देशवासियों से रूबरू होंगे। श्री मोदी का आगामी रविवार को प्रसारित होनेवाला यह कार्यक्रम वर्ष 2022 का अंतिम है। इसके लिये उन्होंने देशवासियों से सुझाव मांगे हैं। उन्होंने मंगलवार को ट्वीट करके कहा कि 2022 की आखिरी मन की बात इस महीने की 25 तारीख को होगी। मैं कार्यक्रम के लिए आपका सुझाव प्राप्त करने के लिए उत्सुक हूं। मेरा आपसे आग्रह है कि नमो ऐप, माईगोव पर लिखें या 1800-11-7800 पर अपना संदेश रिकॉर्ड करें।

### विभागीय अनुमति के बाद ईडी को फुटेज देगा जेल प्रशासन

**रांची।** रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में ईडी के आरोपियों को वीवीआईपी सुविधा देने को लेकर जेल प्रशासन और ईडी आमने-सामने हैं। ईडी ने रांची जेल की सेल की सीसीटीवी फुटेज की मांग की थी। जिसके बाद जेल प्रशासन ने कोर्ट की शरण ली थी। इस मामले में पीएलएलए कोर्ट ने जेल प्रशासन को सीसीटीवी फुटेज देने का निर्देश दिया था, लेकिन जेल प्रशासन से जब ईडी ने फूटेज की मांग की तो प्रशासन ने फिलहाल फुटेज देने से इंकार कर दिया। ईडी के अधिकारियों ने मंगलवार को भी इस संबंध में जेल प्रशासन से फुटेज की मांग की, तब बताया गया कि जेल आईजी को अबतक विभागीय अनुमति नहीं मिली है। ऐसे में फुटेज नहीं दिया जा सकता। विभागीय अनुमति मिलने के बाद ही ईडी को फुटेज देने की बात कही गयी है। वहीं, अंदेशा जताया जा रहा है कि रांची जेल प्रशासन इस मामले में पीएमएलए कोर्ट के फैसले के खिलाफ ऊपरी अदालत की शरण ले सकती है।

## ईडी ने रिम्स और सीआईपी निदेशक को भेजा पत्र

# अस्पताल में भर्ती पूजा-पंकज की गतिविधियों पर रखें नजर

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** ईडी ने राज्य सरकार की निलंबित सचिव पूजा सिंघल व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश दिया है। पूजा सिंघल के मामले में रिम्स निदेशक जबकि पंकज मिश्रा के मामले में सीआईपी निदेशक को ईडी ने पत्र लिखा है। ईडी ने पत्र के जरिये दोनों पर नजर रखने का निर्देश दिया है। वहीं, इस मामले में डीजीपी नीरज सिन्हा को भी पत्राचार कर न्यायिक हिरासत में अस्पताल में इलाजरत दोनों आरोपियों की गतिविधि पर नजर रखने को कहा गया है।

**पंकज मिश्रा को लेकर क्यों सचेत है ईडी :** पंकज मिश्रा ने हिरासत में रिम्स में रहने के दौरान 27 जुलाई से 20 अक्टूबर तक 300 से अधिक कॉल किये थे। जबकि गैरकानूनी तरीके से पंकज मिश्रा कई लोगों से रिम्स में मिले थे। इस मामले में ईडी जांच कर रही है। पंकज मिश्रा को अब रिम्स से सीआईपी के नशामुक्ति केंद्र भेजा गया है, जहां वह इलाजरत है। ईडी ने ऐसे में सीआईपी निदेशक को पत्र लिखा है कि पंकज मिश्रा एक हजार करोड़ के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### पेईंग वार्ड में फोन का इस्तेमाल कर सकती है पूजा सिंघल

**निलंबित** आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल पर भी ईडी की नजर है। अंदेशा है कि रिम्स के पेईंग वार्ड में रहने के दौरान वह फोन का इस्तेमाल कर सकती हैं, साथ ही अवांछनीय तरीके से कुछ लोग भी उनसे मिलने आ सकते हैं। ऐसे में रिम्स निदेशक को कहा गया है कि वह उनकी गतिविधियों की मॉनिटरिंग करायें। साथ ही डीजीपी को भी इस मामले में पत्र भेजा गया है।



# बाइक सवार अपराधियों ने महिला को दिनदहाड़े मारी गोली, गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के सहजानंद चौक के समीप मंगलवार को दिनदहाड़े बाइक सवार तीन अपराधियों ने सुषमा बड़ाइक नामक महिला को गोली मार कर घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गये। वहीं, महिला को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां सुषमा की स्थिति गंभीर बनी हुई है। सुषमा बड़ाइक अपने बॉडीगार्ड के साथ बाइक पर बैठकर अपने घर की तरफ जा रही थी, उसी दौरान अपराधियों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग की।

**क्या है पूरा मामला :** सुषमा बड़ाइक झारखंड का चर्चित नाम है। पुलिस के द्वारा सुषमा बड़ाइक को एक बॉडीगार्ड भी उपलब्ध करवाया गया था, लेकिन अपराधियों ने बॉडीगार्ड के सामने ही सुषमा बड़ाइक को गोली मार दी। हटिया डीएसपी राजा मित्रा ने बताया कि अपने बॉडीगार्ड के साथ सुषमा बाइक पर बैठकर हाईकोर्ट जा रही थी। इसी दौरान तीन की संख्या में अपराधियों ने पीछे से आकर फायरिंग शुरू कर दी। बाइक के पीछे बैठी सुषमा को गोलियां लगी जिसके बाद वह नीचे गिर पड़ी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग जब जुटने लगे, तो अपराधी तेज गति से बाइक चलाकर मौके से फरार हो गये।



# गोलीकांड में कांग्रेस विधायक ममता देवी को पांच साल की सजा



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** गोला गोलीकांड के आरोपी रामगढ़ विधायक ममता देवी को पांच साल की सजा सुनायी गयी है। हजारीबाग जिला जज चतुर्थ कुमार पवन की अदालत ने सजा सुनायी है। विधायक पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। आठ दिसम्बर को विधायक ममता देवी दोषी करार दिये जाने के बाद पुलिस हिरासत में ले लिया गया था। विधायक ममता देवी की सजा पर 12 दिसम्बर को फैसला होना था, लेकिन कोर्ट के एक वकील की निधन होने के बाद सजा नहीं सुनायी जा सकी थी। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने विधायक ममता देवी को 307, आर्म्स एक्ट सहित आधा दर्जन धाराओं में दोषी करार दिया था। इस केस में विधायक ममता देवी, राजीव जायसवाल, मनोज पुज्जर, अभिषेक सोनी, बालेश्वर भगत, कुवंर महतो, जादू महतो, आदिल इनामी, दिलदार हुसैन, बासुदेव प्रसाद, सुभाष महतो, कुलेश्वर महतो को दोषी करार दिया गया था।

# तवांग झड़प के बाद मोर्चे पर वायुसेना के लड़ाकू विमान

**तवांग (एजेंसी)।** तवांग में भारत और चीन के सैनिकों की झड़प के बाद इंडियन एयरफोर्स ने अरुणाचल सीमा पर कॉम्बैट एयर पेट्रोलिंग, यानी जंगी उड़ानें शुरू

- तवांग पर है चीन की नजर, अरुणाचल में तीन बार चीनी ड्रोन घुसपैठ रोकी

कर दी हैं। नौ दिसम्बर को तवांग में हुई झड़प से पहले भी चीन ने अरुणाचल सीमा में अपने ड्रोन भेजने की कोशिश की थी। इसके बाद भारतीय वायुसेना ने तुरंत अपने लड़ाकू विमान अरुणाचल सीमा पर तैनात किये थे। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार तवांग के करीब यांगत्से में एलएसी के पास दो इलाकों होलीदीप और परिक्रमा एरिया में चीन भारतीय चौकियों का विरोध कर रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में दो-तीन बार इन चौकियों की तरफ बढ़ रहे ड्रोन को भारतीय लड़ाकू विमानों ने रोका है। सुखोई-30एमकेआई ने ये एयर वॉयलेशन रोका था।

### एलएसी पर भारतीय वायुसेना की चीनी ड्रोन पर नजर



**सूत्रों** ने कहा कि अगर ड्रोन एलएसी की बराबरी में उड़ते हैं तो भारतीय सेना को इससे कोई परेशानी नहीं है। अगर कोई एयरक्राफ्ट या ड्रोन भारतीय सीमा की ओर उड़ान भरते हैं और हमारे रडार पर इनकी आक्रामक गतिविधि दिखायी देती है तो ये एयर वॉयलेशन होगा और भारतीय वायुसेना तुरंत एक्शन लेगी। नॉर्थ ईस्ट में वायुसेना की मौजूदगी काफी मजबूत है। असम के तेजपुर और चाबुआ में कई जगहों पर सुखोई-30 की तैनाती है। राफेल फाइटर जेट्स भी बंगाल के हशीमारा में तैनात हैं, जो काफी कम समय में नॉर्थ ईस्ट को कवर कर सकते हैं।

## झारखंड हाईकोर्ट का निर्देश

# जेपीएससी का मार्क्स स्टेटमेंट वेबसाइट पर करें अपलोड

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन (जेपीएससी) को सातवें से दसवें बैच की सिविल सर्विस परीक्षा के अभ्यर्थियों के कटऑफ मार्क्स की लिस्ट, मार्क्स स्टेटमेंट, मॉडल आंसर शीट सहित अन्य ब्यौरे वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश दिया है। सोनू कुमार रंजन एवं अन्य अभ्यर्थियों की ओर से दायर याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए जस्टिस आनंदा सेन की कोर्ट ने यह निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि सातवें से दसवें बैच के लिए संयुक्त रूप से ली गयी जेपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा की मेरिट लिस्ट वर्ष मई 2022 में जारी हो गयी है। सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति भी हो गयी, लेकिन टॉपर, सफल और असफल अभ्यर्थियों को अब तक कट ऑफ मार्क्स, मार्क्स स्टेटमेंट, मॉडल आंसर शीट, अपनी कॉपी की छाया प्रति देखने का अवसर नहीं मिल पाया है। अभ्यर्थियों ने इसे लेकर जेपीएससी को रिप्रेजेंटेशन भी दिया था।

## भारत-चीन सैनिकों के बीच तवांग सेक्टर में नौ दिसम्बर को हुई थी झड़प

# भारत का 71.1 बिलियन डॉलर है रक्षा बजट

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** भारत और चीन के सैनिकों के बीच नौ दिसम्बर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में एक बार फिर झड़प हुई। भारतीय सेना के मुताबिक, चीनी

- चीन का रक्षा बजट है भारत से साढ़े तीन गुना ज्यादा 261 बिलियन डॉलर

सैनिक तवांग सेक्टर में घुस आये थे। इसके बाद भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई की। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि चीनी सैनिकों की संख्या 300 के आसपास थी। इस बारे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में कहा है कि चीनी सैनिकों ने यथास्थिति बदलने की कोशिश की और हाथापाई की। हमारे सैनिकों ने बहादुरी से जवाब दिया है। हमारा कोई सैनिक गंभीर रूप से घायल नहीं है न तो किसी जवान की जान गयी है। चीन पिछले कुछ सालों से लगातार अपने रक्षा बजट में इजाफा करता जा रहा है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत से गलवान और लद्दाख में झड़प के ठीक बाद इसी साल चीन ने अपना सालाना बजट बढ़ाकर 261 बिलियन डॉलर कर दिया है जो, साल 2021 में 209 बिलियन डॉलर था। दूसरी तरफ, भारत का सालाना रक्षा बजट 71.1 बिलियन डॉलर है। रक्षा बजट के मामले में भारत दुनिया में तीसरे नंबर पर है, लेकिन चीन का रक्षा बजट भारत के साढ़े 3 गुना से भी ज्यादा है।

### भारत और चीन की थल सेना की स्थिति



थल सेना के मामले में भारत के पास कुल 3,544,000 जवान हैं। इसमें 14,44,000 एक्टिव और 21,00,000 रिजर्व जवान हैं। ग्लोबल फायर पावर की रिपोर्ट के अनुसार चीन की सेना में कुल 2,693,000 जवान हैं, जिसमें 21,83,000 एक्टिव और 5,10,000 रिजर्व सैनिक हैं। दोनों देशों के बीच हथियारों की तुलना करें, तो भारत के पास 4292 टैंक हैं, जबकि चीन के 3501 टैंक हैं। चीन के पास 33,000 बख्तरबंद गाड़ियां हैं, जबकि भारत के पास 8,686 गाड़ियां हैं। चीन के पास 3800 स्वचालित आर्टिलरी है, जबकि भारत के पास महज 235 स्वचालित आर्टिलरी है। इसी तरह भारत के पास 4060 फील्ड आर्टिलरी है, जबकि चीन के पास 3600 है। भारत के पास केवल 266 रॉकेट प्रोजेक्टर हैं, जबकि चीन के पास 2650 रॉकेट प्रोजेक्टर हैं। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## तवांग में अचानक घुस आये 300 चीनी सैनिक

# 80 भारतीय सैनिकों ने किया मुकाबला, कई घंटे चले लाठी-डंडे

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भारत-चीन के सैनिकों में झड़प हुई, जिसमें दोनों तरफ के कई सैनिक जख्मी हैं। दोनों तरफ के सैनिकों ने एक-दूसरे को लाठी-डंडों से पीटा। जून 2020 में पूर्वी लद्दाख में गलवान की घटना के बाद से भारतीय और चीनी सैनिक नौ दिसम्बर की सुबह अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भिड़ गये। अरुणाचल प्रदेश में झड़प नौ दिसम्बर 2022 की सुबह लगभग तीन बजे पूर्वी तवांग में यांग्त्से के पास हुई थी। सैन्य सूत्रों के अनुसार, लाइन ऑफ कंट्रोल का यह हिस्सा दोनों पक्षों के बीच विवादित क्षेत्रों में से एक है। लाइन ऑफ कंट्रोल के पास एक नाले के दोनों ओर भारतीय और चीनी सैनिक तैनात हैं, लेकिन उस रात लगभग 300 चीनी सैनिक भारतीय पक्ष में आ गये। सीमा उल्लंघन के बारे में कोई चेतावनी नहीं दी गयी थी। अचानक संतरी पर हमला होने की आवाज सुनकर लगभग 80 भारतीय सैनिक घुसपैठियों को पीछे धकेलने के लिए रात के अंधेरे में तेजी से जुट गये। चर्चा है कि झड़प के दौरान कई घंटे लाठी-डंडे चले। जिसमें दोनों पक्षों के कुछ सैनिकों को मामूली चोटें आने की बात कही जा रही है। कहा जाता है कि इसके बाद दोनों पक्ष तुरंत ही विवादित क्षेत्र से हट गये। घटना के बाद क्षेत्र में भारतीय कमांडर ने सुरक्षा और शांति बहाल करने के लिए और इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए समकक्ष चीनी अधिकारियों के साथ एक फ्लैग मीटिंग की।



झड़प की खबरों के बाद भारतीय सेना ने बयान जारी कर कहा कि नौ दिसम्बर को दोनों देशों के बीच ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### किसानों के बीच मुआवजा राशि का चेक वितरण किया गया



**बुढ़मू।** वन विभाग कार्यलय परिसर बुढ़मू में वन विभाग के द्वारा 6 किसानों के बीच मुआवजा राशि चेक का वितरण किया गया। इस दौरान प्रखंड के मोहनपुर के इश्तियाक अंसारी को 15000 रुपए का दिया गया। वही सारले के डीहवा टोली निवासी मंजू देवी को 10000 रूपया, सुखदेव मुंडा डीहवा टोली को 10,000, और मुंदर मुंडा को 10000, शीला तिगा को 10000, हेवंती देवी को 10000रुपए का चेक दिया गया। चेक वितरण बुढ़मू प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू ने किया।गौरतलब है कि पिछले कुछ माह पहले सारले पंचायत के डिहवा टोली के 6 किसानों का हाथियों के झुंड द्वारा फसल नष्ट कर दिया गया था। वही एक किसान को 15000 रूपया का चेक दिया गया। जबकी बाकी किसानों के बीच दस - दस हजार रुपये का चेक दिया गया। मौके पर अजय कुमार गुप्ता, समीर कुमार मजलूम अंसारी, विरसा महली, विनय कुमार मुंडा सहित कई लोग उपस्थित।

### मुरी में महिला ने बच्चे को ट्रेन में दिया जन्म, आधे घंटे तक रुकी रही आसनसोल ट्रेन



**मुरी।** पश्चिम बंगाल चास के करमा निवासी रामदेव महतो अपनी पत्नी 27 वर्षीय शीला देवी के साथ मंगलवार दोपहर रांची से आसनसोल ट्रेन से चास जाने के लिए सफर कर रही थी। महिला के साथ मां एवं उनकी सास भी साथ में थी। मुरी से 15 किलोमीटर पहले किता स्टेशन ही महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी। महिला की हालत देख अन्य यात्रियों ने अपनी-अपनी सीट खाली कर दी। जल्द ही कोच के हिस्से को पूरी तरह कपड़ों से ढक दिया गया।घटना की जानकारी तुरंत रेल कर्मियों द्वारा रेलवे चिकित्सा प्रभारी को सूचना दी गई । जिसके बाद बच्चे का जन्म होने तक करीब आधे घंटे तक ट्रेन को रोक कर रखा गया। महिला का प्रसव उसकी रेलवे चिकित्सकों द्वारा किया गया। बच्चे के जन्म के बाद ट्रेन फिर से खुली और उसके बाद, जहां महिला और उसके बच्चे को अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल महिला और बच्चा दोनों स्वस्थ बताए जा रहे हैं। देर शाम बरकाकाना आद्रा पैसेंजर ट्रेन से घर भेजा गया। इस मौके पर रेलवे चिकित्सा प्रभारी जे कक्षप , रेलकर्मी एलिजाबेथ, रेलवे स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### हरे कृष्ण उत्सव आज

**सिल्ली।** इस्कॉन अनुमोदित हरे कृष्ण नामहट्ट संग सिल्ली मुरी के संयुक्त तत्वावधान में बड़ा मुरी स्थित जन जागरण दुर्गा पूजा पंडाल में 14 दिसंबर दिन बुधवार को हरे कृष्ण उत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें इस्कॉन नाम हट के अंचल वरिष्ठ परिव्राजकाचार्य अधिकारी सन्यासी श्री श्रीमद् गौरंग प्रेम स्वामी महाराज एवं बांकुड़ा पुरुलिया जिला नाम हट के प्रभारी जिला प्रचारक श्रीवास चरणदास ब्रह्मचारी शामिल होंगे। सिल्ली नामहट्ट संघ के बुद्धदव कुशवाहा ने इसकी जानकारी हुई देते हुए कहा कि उत्सव में अपराह्न 3 से 8 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में हरिनाम संकीर्तन, शोभायात्रा, तुलसी आरती, गौर आरती, हरि कथा, भागवत सत्संग तथा महाप्रसाद वितरण शामिल हैं।

### ट्रेने प्रभावित रहेंगी

**रांची ।** धनबाद मंडल के गढ़वा रोड, तोलरा एवं रजहरा स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से कई ट्रेने प्रभावित रहेंगी।

ट्रेनें रद्द रहेंगी : 1. ट्रेन संख्या 18631 रांची-चोपन एक्सप्रेस यात्रा प्रारम्भ दिनांक 14/12/2022, 16/12/2022, 18/12/2022, 21/12/2022, 23/12/2022, 25/12/2022 एवं 28/12/2022 को रांची से रद्द रहेगी।

## हाईकोर्ट जाने के क्रम में सुषमा बाड़ाईक को जान से मारन के लिए अपराधियों चलाई गोली

# पूरी प्लानिंग के साथ हत्या करने की थी योजना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आईपीएस पर यौन शोषण का केस दर्ज करने के बाद सुर्खियों में आयी सुषमा रांची। आईपीएस पीएस नटराजन पर यौन शोषण का केस दर्ज करने के बाद सुर्खियों में आयी सुषमा बड़ाईक उर्फ पदमा की पूरी प्लानिंग के साथ हत्या करने की योजना थी। इसके लिए बाइक सवार अपराधियों ने सुषमा को मारने के लिए वैसे स्थान का चयन किया, जहां पर सीसीटीवी कैमरा भी नहीं लगा था। अपराधियों ने सुषमा को उसके घर से रेकी की थी। जब वह हरमू चौक और सहजानंद चौक के बीच में स्थित जीतेंद्र सिंह के आवास के पास पहुंची, तब अपराधियों ने गोलीबारी घटना को अंजाम दिया। मामले में सुषमा के बॉडीगार्ड हिलारियुस टोपनो का पुलिस ने बयान दर्ज किया है। हिलारियुस ने अपने बयान में कहा है कि छह दिसंबर से सुषमा के बॉडीगार्ड के रूप में उनके घर में तैनात था। मंगलवार की सुबह हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित घर से सुषमा को बाइक पर बैठाकर अपने साथ हाईकोर्ट ले जा रहे थे। हरमू चौक और सहजानंद चौक के बीच जीतेंद्र सिंह के घर के सामने गोली चलने की आवाज हुई। बाइक के पीछे सीट पर बैठी सुषमा गिरने लगी। इसी दौरान बाइक में पीछे बैठी सुषमा गिरने लगी। इसी बीच बगल से बाइक से गुजर रहे तीन लोग सुषमा को गाली देते हुए उन पर दूसरी गोली फायर कर दी। वह और सुषमा असंतुलित होकर बाइक समेत सड़क किनारे रखे गिट्टी पर गिर गई। इस क्रम में देखा कि गोलीबारी करने वाले बाइक सवार अपराधी पिस्टल लहराते हुए भाग निकला। सुषमा को छाती और पेट के उपरी हिस्से (पंजरा) में गोली लगी।

**बड़ा तालाब की ओर भागे अपराधी:** रांची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस उस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरा से फुटेज खंगाल रही है। पुलिस को पता चला है कि अपराधी गोली बारी की घटना को अंजाम देने के बाद बड़ा तालाब की ओर भागे हैं। पुलिस को अपराधियों के भागने की फुटेज भी मिला है। अब पुलिस बड़ा तालाब के आगे के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरा देख रही है, ताकि यह पता चले कि यहां से अपराधी किस ओर भागे हैं। रांची पुलिस सुषमा बड़ाईक की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी को खंगाल रही है। पुलिस यह पता कर रही है कि 2005 से लेकर अब तक सुषमा ने किन-किन लोगों के खिलाफ केस दर्ज करायी है। मिली जानकारी के अनुसार सुषमा ने अब तक तीन थानों में आठ प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### तीन दिन से मिल रही थी सुषमा को फोन पर धमकी

सुषमा बड़ाईक उर्फ पदमा को तीन दिन से लगातार फोन पर धमकी मिल रही थी। दानिश रिजवान, निजाम और नीरज सिन्हा नामक व्यक्ति सुषमा पर केस उठाने का दबाव बना रहा था। इस दौरान तीनों आरोपी उसे यह धमकी दे रहे थे कि अगर वह केस नहीं उठायी तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। घायल होने के बाद मेडिका अस्पताल में पूछताछ में सुषमा और उसके परिजनो ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। साथ ही वायस कॉल की रिकार्डिंग भी परिजनों को पुलिस को उपलब्ध करायी है। परिजनों के अनुसार आरोपी निजाम पूर्व में सुषमा का बॉडीगार्ड रह चुका है। सुषमा ने उस पर दुष्कर्म का आरोप लगाकर एसटीएससी थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। हालांकि घटना के बाद से तीनों फरार चल रहा है। वहीं अन्य पर भी सुषमा ने छेड़खानी व दुष्कर्म का आरोप लगाकर केस दर्ज करायी है। सभी मामले कोर्ट में लंबित हैं।

## भारत जोड़ो यात्रा को एतिहासिक बनाने के लिए सामुहिक प्रयास आवश्यक : डॉ. राकेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी की एक आवश्यक बैठक मंगलवार को कांग्रेस भवन, रांची में संपन्न गई है। बैठक की अध्यक्षता झारखण्ड प्रदेश कमिटी के उपाध्यक्ष प्रदीप तुलस्यान ने किया। इस बैठक में रांची जिला कांग्रेस कमिटी के नव नियुक्त अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, कार्यकारी अध्यक्ष अईनुल हक अंसारी, सहित जिला कमिटी एवं प्रखण्ड कमिटी के निर्वतमान एवं पूर्व पदाधिकारिगण तथा वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थिति थे। बैठक में रांची जिला के सभी प्रखंडों के सक्रिय कांग्रेसजन शामिल हुए। इस बैठक में संगठनात्मक मजबूती, नई कमिटी का गठन, प्रत्येक प्रखण्ड में कार्यालय, सदस्यता अभियान, मंडल एवं पंचायत कमिटी का गठन, आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। साथ ही साथ आगामी 17 दिसम्बर को राजधानी रांची में आयोजित होने जा रहें भारत जोड़ा यात्रा की सफलता के लिए रणनीति बनाई गई एवं इस हेतू जिम्मेदारियों का बटवारा किया गया। नव नियुक्त ग्रामीण जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने कहा कि रांची में आयोजित होने जा रहे भारत जोड़ो यात्रा को एतिहासिक बनाने के लिए सामुहिक प्रयास आवश्यक है। यह यात्रा भारतीय राजनीति में दुरगामी प्रभाव लाने वाली है। इसलिए इसका भव्य एवं सफल आयोजन आवश्यक है। डॉ महतो ने यह भी कहा कि रांची जिला कांग्रेस कमिटी के संगठन को सशक्त एवं धारदार बनाया जायेगा। पुराने साथियों के अनुभव को समाहित करते हुए नये लोगो को भी जिम्मेदारी दी जायेगी। प्रयास होगा कि संगठन के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे।

## रातू बनापीडी के नौशाद बने रांची जिला के चीफ ऑर्डिनेटर

**नवीन मेल संवाददाता**



**रातू।** प्रखंड के बनापीडी निवासी नौशाद आलम को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जवाहर बाल मंच के रांची जिला ग्रामीण का चीफ कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। तेज तर्रार और जुझारू युवा नौशाद आलम ने कोऑर्डिनेटर बनाये जाने पर शीर्ष नेतृत्व सोनिया गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल, राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ जी. बी हरी, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर और झारखंड इंचार्ज तैय्यब शाहिद, झारखंड राज्य चीफ कोऑर्डिनेटर एस तारिक अनवर, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि बहुत बड़ी जिम्मेदारी शीर्ष नेतृत्व के द्वारा मुझे सौंपी गई है। मैं इस जिम्मेदारी को पूरी लगन और ईमानदारी से निभाने की हर संभव प्रयास करूंगा।

## झारखंड हैंडबॉल टीम में रातू के तीन खिलाड़ियों का हुआ चयन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रातू।** रातू के तीन खिलाड़ियों का चयन झारखंड हैंडबॉल टीम में हुआ है। खिलाड़ियों में कैंब्रियन पब्लिक स्कूल रातू की छात्रा आयुषी उरांव, पॉल स्टार स्कूल रातू की श्रृष्टि कुमारी व उत्क्रमित मध्य विद्यालय रातू चट्टी की छात्रा प्रिया कुमारी शामिल है। राँची हैंडबॉल संघ के सचिव विष्णु कुमार ने बताया कि तीनो खिलाड़ी बिहार के सारण में 14 से 18 दिसंबर तक हो होने वाली 37वी सब जूनियर राष्ट्रीय ,(बालिका) हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिय झारखंड हैंडबॉल टीम के साथ टाटा से सारण , बिहार के लिए रवाना हो गयी।

## बेड़ो में खुला अखंड भारत अकेडमी कोचिंग सेंटर



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उक्त बातें बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बगल में अखंड भारत एकेडमी कोचिंग सेंटर का उद्घाटन करते हुए बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के राजीव रंजन अधिकारी ने मंडल अध्यक्ष आलोक मिश्रा, बलराम सिंह, करुणा निधि, आनंद साहू, अनिल उरांव समेत पवन साहू के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कोचिंग सेंटर के माध्यम से बच्चे अपना आइक्यू लेवल बढ़ा रहे हैं, वही कोचिंग संस्थान में पढ़ाने वाले शिक्षक भी अपने छात्रों को उचित शिक्षा प्रदान कर कामयाबी की राह पर ले जाते हैं। इधर अखंड भारत अकेडमी के शिक्षकों में प्रवीण कुमार गुप्ता और रोहित हजाम ने बताया कि इस कोचिंग संस्थान में गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान एवं हिंदी विषयों की विशेष तैयारी छात्रों को कराई जाएगी। वही अंग्रेजी एवं हिंदी दोनों माध्यमों से प्रशिक्षण भी छात्रों को दी जाएगी। इसके अलावा मैट्रिक में जैक और सीबीएसई बोर्ड की तैयारी भी कराई जाएगी साथ ही साथ इंग्लिश ग्रामर की तैयारी कराई जाएगी। इस अखंड भारत अकेडमी कोचिंग संस्थान में कक्षा 1 से 10 तक के जैक और सीबीएसई बोर्ड की तैयारी कराई जाएगी। इसके अलावा छात्रों का अखंड भारत अकेडमी कोचिंग संस्थान में 5 दिन का फ्री क्लास कराया जाएगा।

## रातू प्रखंड मुख्यालय में मुखिया संघ की बैठक आयोजित, भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखिया हुए एकजुट

**रातू।** रातू प्रखंड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखिया संघ की बैठक आयोजित की गई। प्रखंड प्रमुख संगीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में रातू प्रखंड के सभी मुखिया शामिल हुये। बैठक में विभिन्न विभागों के योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने प्रखंड व अंचक कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में रुपये की मांग की जाती। इसके अलावा अधिकारियों द्वारा पंचायतो में संचालित हर योजनाओं में कमीशन की मांग की जाती है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अधिकारियों द्वारा पंचायत की राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। गांव का पैसा ब्लॉक परिसर को सजाने में लगाया जा रहा है।

## विधायक ने प्रखंड मुख्यालय में पीएचडी विभाग के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# पंचायतों में चल रही योजनाओं की ली जानकारी

**नवीन मेल संवपाददाता**



**मांडर।** मांडर प्रखंड मुख्यालय में मांडर विधानसभा क्षेत्र के पांचों प्रखंड के पीएचडी विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के अध्यक्षता में रखी गयी। इस बैठक में बीडीओ, सीओ एवं विधायक प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। बैठक में पीएचडी विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के बारे विस्तार से जानने का प्रयास किया। जिसमें पीएचडी विभाग द्वारा कौन-कौन सी योजना धरातल में उतारा जा रहा है और कौन-कौन से गांव उससे जुड़े हुए हैं और कैसे ग्रामीणवासियों को इसका लाभ पहुंचेगा। विधायक ने चान्हो प्रखंड के पीएचडी विभाग के पदाधिकारियों से जानकारी लेते हुए कहा कि जो योजना 6 पंचायत में चल रहा है, ये डीप बोरिंग कहां-कहां कराया गया है और कितना डीप किया गया है। विधायक ने डीप बोरिंग के सम्बन्ध में कंपनी से भी जानकारी ली और कहा कि आप मुझे डिटेल बनाकर दे। जिसमें पंचायत का नाम, ग्राम का नाम, कितना बोरिंग किया और उसका गहराई कितना है। ये मुझे एक सप्ताह के अंदर डिटेल उपलब्ध करायें। विधायक ने मांडर प्रखंड की समस्याओं से भी अवगत हुई और उसे दो दिन के अंदर निदान करने को कहा। साथ ही विधायक ने पांचों प्रखंड के पदाधिकारियों से कहा कि आप के विभाग द्वारा जो गलती हुइ है उसे जल्द एक महीने के अंदर सुधार करें। अगर आप सुधार नहीं करते है तो उसे लेकर मैं आप पर कारवाई करूंगी। साथ ही आपके विभाग को अगर कोई समस्या आ रही है तो आप हमारे से सम्पर्क करें, ताकि मैं उसका निदान करा सकूं। विधायक ने बीडीओ से भी चौदहवें वित्त के द्वारा जो योजना गांव में लाया गया है उसका भी पुरा डिटेल कुछ दिन में मांगा।

## बेड़ो में बैठक कर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पशुपालन योजना अंतर्गत कई लाभुकों का किया चयन

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी के कक्ष में पशुपालन निदेशालय द्वारा संचालित योजना बत्तख चूजा, बकरी पालन, सूअर पालन, देसी लेयर बायलर, कुकुट योजना के तहत लाभुकों के चयन हेतु चयन समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार की उपस्थिति में आयोजित किया गया। बैठक का अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप के द्वारा किया गया। बैठक में बकरा विकास के तहत एसटी/ एससी के 12 लाभुक एवं जनरल/ ओबीसी के 12 लाभुक सुकर विकास के तहत एसटी/ एससी -2, ओबीसी- दो ब्रायलर कुकुट(500 चूजा) एसटीएससी - दो , जनरल/ ओबीसी- दो एवं बत्तख पालन हेतु लाभुकों का चयन किया गया। बत्तख पालन हेतु समुचित आवेदन नहीं रहने के कारण एसटी/ एससी के 45 लक्ष्य के विरुद्ध 38 लाभुकों का चयन किया गया एवं जनरल व ओबीसी कोटा के तहत 50 लाभुकों के विरुद्ध 18 लाभुकों का ही चयन किया जा सका। बत्तख पालन के लिए इच्छुक योग्य लाभुक प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी से संपर्क कर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। विदित हो कि पशुपालन निदेशालय द्वारा संचालित इन योजनाओं में एसटी/एससी लाभुकों को 90% अनुदान पर तथा जनरल ओबीसी को 75% प्रतिशत अनुदान पर यह लाभ दिया जाता है। जिसमें इसमें एसटी/एससी को बत्तख पालन में 1530 रुपए का अनुदान, बकरी पालन में 22320 रुपए का अनुदान, सूअर पालन में 52020 रुपए का अनुदान, देसी बॉयलर में 106380 रुपए अनुदान एवं बैलर कुकुट इकाई में 60750 रुपए का अनुदान दिया जाता है। बैठक में मुख्य रूप से पशुपालन पदाधिकारी डॉ संजय तिर्की, प्रोफेसर कर्मा उरांव, वेरोनिका उरांव, जिला परिषद सदस्य पार्वती उरांव एवं वासुदेव बड़ाईक समेत प्रखंड कल्याण पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सिल्ली कॉलेज के 7 वुशू खिलाड़ियों का हुआ चयन

**सिल्ली।** रांची विश्वविद्यालय द्वारा बिरसा मुंडा स्टेडियम मोराबादी में मंगलवार को आयोजित इंटर कॉलेज वूशु चयन प्रतियोगिता सिल्ली कॉलेज 7 खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिसमें दीपक कुमार महतो, शशिकांत महतो, अविनाश कोइरी, भुनेश्वर शर्मा, सोनाली कुमारी, वर्षा रानी एवं सविता कुमारी शामिल है। सभी सफल खिलाड़ी रांची विश्वविद्यालय की ओर से आगामी 7 से 11 फरवरी तक चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में आयोजित नेशनल इंटर यूनिवर्सिटी वुशू प्रतियोगिता में भाग लेंगे। रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव सह सिल्ली कॉलेज के सचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, प्राचार्य डॉ मुकुंद महतो, खेल प्रभारी प्रभा मेहता, कोच वाहिद अली, त्रिभुवन महतो, अनंत कुमार महतो, भवानंद चौधरी, नकुल चंद्र महतो, श्यामल दे, सनत महतो एवं कॉलेज के शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## 12 दिसंबर को सुप्रीम कोट में एसएलपी का हवाला देते हुए उपस्थित नहीं हुए थे प्रमोद मिश्रा

# ईडी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भेजा दूसरा समन

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत डीएसपी प्रमोद मिश्रा को ईडी ने दूसरा समन भेज दिया है। मंगलवार की शाम ईडी ने डीएसपी प्रमोद मिश्रा का नोटिस पुलिस मुख्यालय भेज दिया है। इस बार उन्हें 15 दिसंबर की सुबह 11 बजे रांची के ईडी कार्यालय में उपस्थित होने को कहा गया है। इससे पहले ईडी ने छह दिसंबर को प्रमोद मिश्रा को नोटिस भेजकर 12 दिसंबर को उपस्थित होने का समन भेजा था। इस मामले में डीजीपी कार्यालय ने भी प्रमोद मिश्रा को उपस्थित होने का निर्देश दिया था। लेकिन 12 दिसंबर को वह एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। प्रमोद मिश्रा ने सरकार के द्वारा सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी में जाने का हवाला देते हुए ईडी के समक्ष हाजिर नहीं होने की बात कही थी। प्रमोद मिश्रा पर आरोप है कि उन्होंने बगैर अनुसंधान महज 24 घंटे में बरहरवा टॉल प्लाजा केस में सुपरविजन रिपोर्ट निकाल मंत्री आलमगीर आलम और मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का नाम केस से बाहर कर दिया था, जबकि इस मामले में शेष आठ आरोपियों पर कोर्ट में चार्जशीट दायर की गई थी।

**सुप्रीम कोर्ट में ईडी की जांच पर दायर किया गया है एसएलपी :** झारखंड हाईकोर्ट ने 6 दिसंबर को ठेकेदार शंभु नंदन भगत के द्वारा टॉल प्लाजा केस की जांच सीबीआई से कराने के मामले में आईए दायर करते हुए ईडी को परिवादी बनाने की मांग की थी। झारखंड हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद ईडी को परिवादी बनाते हुए 24 घंटे में हाईप्रोफाइल आरोपियों को क्लीनचिट देने पर सवाल उठाया था। इस मामले में हाईकोर्ट के सिंगल बेंच के फैसले को झारखंड सरकार के एसएलपी में गैरकानूनी बताया गया है। एसएलपी में यह कहा गया है कि बरहरवा टॉल प्लाजा का केस मामूली टेंडर मैनेज करने से जुड़ा केस था, लेकिन इस मामले में पुलिस जांच में क्लीनचिट मिलने के दो साल बाद ईडी ने प्रिडिकेटिव ऑफिंस का केस दर्ज किया है। पुलिस अनुसंधान के मामले में ईडी के हस्तक्षेप को गलत बताते हुए सुप्रीम कोर्ट का रूख झारखंड सरकार ने किया है। सुप्रीम कोर्ट में दायर एसएलपी में कहा गया है कि हाईकोर्ट ने दो साल बाद मामले में ईडी को परिवादी बनाया है। जबकि इस मामले में दो साल पहले ही पुलिस अनुसंधान पुरा हो चुका है, साथ ही केस में ट्रायल भी चल रहा है।

## रांची सांसद संजय सेठ ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची / नई दिल्ली ।** रांची सांसद संजय सेठ ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात किया। इस मुलाकात के दौरान सांसद ने रेल मंत्री से रांची रेलवे स्टेशन के विकास पर चर्चा की। सांसद ने चांडिल, खलारी, टाटीसिल्वे, सिल्ली, पिस्का नगड़ी सहित अन्य स्टेशनों के विकास, वहां यात्री सुविधाओं के विस्तार और ट्रेन ठहराव के मुद्दे पर मंत्री के समक्ष अपनी बात रखी। सांसद ने ट्रेन ठहराव नहीं होने से हो रही समस्याओं से भी केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। इसके अतिरिक्त रांची लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर बनने वाले रेल ओवर ब्रिज, अंडरपास को लेकर भी रेल मंत्री से विस्तृत चर्चा की। रेल मंत्री से मुलाकात के बाद सांसद ने बताया कि रेल मंत्री ने रांची लोकसभा क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना है और उसके त्वरित समाधान की दिशा में पहल करने की बात कही है। बहुत जल्द सकारात्मक परिणाम भी मिलेंगे ।


## कार्यालय जिला परिवहन पदाधिकारी, हजारीबाग

**आम सूचना**

**विषय :- Exaveator/Loader/JCB, Crane, Earth Moving Vehicles आदि वाहनों का Sale Amount अद्यतन करवाने के संबंध में।**

एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधान महालेखाकार कार्यालय झारखण्ड रॉची के लेखा परीक्षण प्रतिवेदन के संदर्भ संख्या OBS-430894 द्वारा आपत्ति दर्ज किया गया है कि झारखण्ड करारोपण संशोधित अधिनियम 2020 के अनुपालन में Exaveator/Loader/JCB, Crane, Earth Moving Vehicles आदि वाहनों का मूल्य के आधार पर करारोपण नहीं किया गया है।

अतः उन वाहन स्वामियों को निदेश दिया जाता है कि अपने–अपने वाहन का Invoice, Pan Card एवं Mobile No. के साथ अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर Sale Amount अद्यतन कराना सुनिश्चित करें ताकि संशोधित अधिनियम के तहत पथकर की गणना की जा सके।

जिला परिवहन पदाधिकारी
हजारीबाग

PR 284922 Transport (22-23)_D

## न्यूज गैलरी

### पूर्व सांसद महेश पोद्दार एवं समाजसेवी देवकीनंदन नारसरिया को किया गया सम्मानित



रांची। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल मारवाड़ी सम्मेलन अधिवेशन के स्वागताध्यक्ष पूर्व सांसद महेश पोद्दार के आवास पर जाकर उन्हें पुष्प गुच्छ, संकल्प स्मारिका एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए आशीर्वाद लिया और समाज के व्यापक हित में द्रुतगति से कार्य करने का संकल्प दोहराया। साथ ही समाज के वरिष्ठ समाजसेवी परम आदरणीय श्री देवकीनंदन नारसरिया को को भी पुष्प गुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शिष्टमंडल में प्रांतीय महामंत्री रविशंकर शर्मा, कोषाध्यक्ष राहुल मारू, प्रदेश प्रवक्ता संजय सर्राफ, संयुक्त महामंत्री सुभाष पटवारी, कार्यालय प्रभारी मनीष लोधा, आकाश अग्रवाल, आदि मौजूद थे।

### प्रांतीय अध्यक्ष दो दिवसीय दौरे पर देवघर रवाना हुए

रांची। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विनय कुमार सरावगी, प्रांतीय महामंत्री रवि शंकर शर्मा, मंगलवार 13 दिसम्बर से दो दिवसीय संगठनात्मिक दौरे पर देवघर रवाना हुए, जाने के क्रम में जैनामोड़ शाखा,बेरमो शाखा,गिरिडीह शाखा,के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठन विस्तार, समाज सुधार, जनसेवा तथा अन्य बातों पर चर्चा करेंगे। तत्पश्चात देवघर के पदाधिकारियों एवं समाज बंधुओं से मिलकर संगठन की मजबूती पर पहल करेंगे। संगठनात्मक दौरा में प्रमंडलीय उपाध्यक्ष अशोक जैन संथाल परगना प्रमंडलीय उपाध्यक्ष शिवजी सर्राफ गिरिडीह जिला अध्यक्ष प्रदीप जैन जिला उपाध्यक्ष बेरमो शाखा ओम प्रकाश खेतान विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे। देवघर पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष गोविंद प्रसाद डालमिया का अभिनंदन एवं सम्मान के उपरांत प्रांत के कार्यालय मंत्री अनिल अग्रवाल की पुत्री के विवाह में शामिल होंगे। उक्त जानकारी प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

### उपभोक्ताओं को नियमित रूप से बिजली बिल देने का निर्देश

इटकी। बिजली आपूर्ति प्रशाखा कार्यालय में मंगलवार को विलिंग से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ऊर्जा मित्र एजेंसियों को विभाग द्वारा कई निर्देश जारी किए गए। ऊर्जा मित्रों को उपभोक्ताओं के घर पहुंचकर मीटर रीडिंग के आधार पर बिजली बिल नियमित रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। वहीं 18 दिसंबर तक 60 प्रतिशत से अधिक विपत्र को निर्गत करने के काम को पूरा करने की सलाह दी गई। वहीं जिन उपभोक्तओं का 5000 से अधिक बिजली बिल बकाया हो वैसे बकाएदारों की सूची तैयार कर विभाग को सौंपने का निर्देश दिया गया है। इस काम में कोताही बरतने वाले ऊर्जा मित्रों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। कार्यक्रम में जेई राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, सहायक विद्युत अभियता प्रशांत कुमार सिंह, नौशाद, पवन कुमार अभिषेक कुमार आदि बिजलीकर्मी शामिल थे।

### लोगों के बीच कंबल का किया वितरण

रांची। गुरुनानक सेवक जत्था की ओर से अभावग्रस्त परिवार के सदस्यों और फुटपाथ पर गुजर-बसर करने वालों के बीच कंबल का वितरण किया गया। संस्था के सदस्यों ने रांची रेलवे स्टेशन,बस अड्डा,रिम्स समेत शहर के अन्य इलाके में जाकर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल और जरूरत के सामान भेंट किए। कमेटी की ओर से मानवता की सेवा का यह क्रम कई वर्ष से चलाया जा रहा है। मौके पर सूरज झंडई, नरेश पपनेजा, करण अरोड़ा, अमन सचदेवा, विनीत खत्री, रॉनित मुंजाल, इनिष काठपाल, पीयूष मिड्ढा, रौनक ग्रोवर, पीयूष थरेजा, छोटू सिंह, कशिश नागपाल, तनय काठपाल, आकाश थरेजा, अमन डावरा, भूपिंदर सिंह आदि थे।

## भू-राजस्व से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित

# उपायुक्त ने पदाधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को भू-राजस्व से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अपर समाहर्ता रांची, अनुमण्डल पदाधिकारी बुंडू, उप समाहर्त्ता भूमि सुधार, जिला के सभी अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार के विभिन्न एजेंसियों एवं अंतर्विभागीय भूमि हस्तांतरण के संबंध में अद्यतन स्थिति, लंबित दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन, लंबित प्रमाण पत्र के मामले, अवैध जमाबंदी, विभिन्न एजेंसियों को जंगल झार भूमि से संबंधित अनापत्ति एवं एफआरए एवं विभिन्न स्तर के राजस्व पदाधिकारियों के न्यायालयों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में सबसे पहले उपायुक्त द्वारा भारत सरकार तथा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों को भूमि हस्तांतरण की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने भूमि हस्तांतरण हेतु प्राप्त अधियाचना की अंचलवार अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उपायुक्त ने संबंधित अंचल अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए भूमि चिन्हितीकरण के बाद प्रस्ताव भेजने का निदेश दिया। थाना भवनों के लिए भूमि अधियाचना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि भविष्य को देखते हुए थाना भवनों के लिए भूमि अधियाचना की गयी, आनेवाले दिनों में विधि-व्यवस्था के लिए ये बेहद महत्वपूर्ण है, उन्होंने कहा कि जिन थाना भवनों के लिए भूमि चिन्हित की जानी है उसे पूरा कर जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजें। जिले में नेशनल हाईवे के चल रहे प्रोजेक्ट और कांटाटोली फ्लाई ओवर निर्माण में भू-अर्जन और भुगतान की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा उपायुक्त द्वारा की गयी। पलमा-गुमला सेक्शन अंतर्गत सरकारी एवं अधिग्रहित जमीन के म्यूटेशन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का निदेश उपायुक्त द्वारा संबंधित अंचलधिकारी को दिया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा लैंड डिमार्केशन, सक्सेशन पार्टिशन/म्यूटेशन आदि की भी अंचलवार समीक्षा की गयी। म्यूटेशन से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को निष्पादन योग्य मामलों का निर्धारित समय में निपटारा करने का निदेश दिया।

> थाना भवनों के लिए भूमि अधियाचना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि भविष्य को देखते हुए थाना भवनों के लिए भूमि अधियाचना की गयी, आनेवाले दिनों में विधि-व्यवस्था के लिए ये बेहद महत्वपूर्ण है।

## मुरी स्टेशन पर महिला यात्री का सुरक्षित प्रसव ट्रेन में करवाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** रांची रेल मंडल यात्रियों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर है।मंगलवार को मंडल के चिकित्सकों द्वारा एक महिला यात्री की सहायता करते हुए ट्रेन संख्या 03597 (रांची - आसनसोल मेमू पैसेंजर) में मुरी स्टेशन पर सुरक्षित प्रसव कराया गया। महिला यात्री शीला देवी, पति रामदेव महतो ट्रेन संख्या 03597 (राँची - आसनसोल मेमू पैसेंजर) में राँची से चास रोड स्टेशन तक यात्रा कर रहीं थी। मुरी स्टेशन से पहले उन्हें तेज प्रसव पीड़ा होने लगी और चिकित्सा सुविधा की आवश्यकता महसूस हुई, अन्य यात्रियों की मदद से उन्होंने इसकी सूचना ट्रेन के टिकट निरीक्षक को दी तथा टिकट निरीक्षक एवं स्टेशन मास्टर मुरी के माध्यम से यह सूचना अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ जे कच्छप को दी गयी। खबर मिलते ही मण्डल के चिकित्सक ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अपनी टीम के साथ ट्रेन संख्या 03597 के मुरी आगमन से पूर्व प्लेटफार्म पर आ गए तथा ट्रेन में आगमन के पश्चात महिला यात्री की जांच की एवं परिस्थिनुसार महिला यात्री का प्रसव ट्रेन में करने का निर्णय लिया एवम अपनी टीम तथा रेल सुरक्षा बल की मेरी सहेली टीम के साथ मिलकर उस महिला यात्री का सुरक्षित प्रसव ट्रेन में कराया गया। महिला ने एक स्वस्थ्य बालक को जन्म दिया। चिकित्सक ने निरीक्षण कर बताया कि मां और बच्चा दोनों सुरक्षित और स्वस्थ हैं।

## मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची ।** मंगलवार को रांची रेल मंडल कार्यालय के सभाकक्ष में मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप गुप्ता की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, राँची की चतुर्थ त्रैमासिक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में राजभाषा विभाग ने मंडल पर सभी विभागों द्वारा हिंदी में किए गए कार्यों का विवरण तथा दैनिक कार्यों में राजभाषा के प्रयोग को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दशार्या। मंडल रेल प्रबंधक सह अध्यक्ष, मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति प्रदीप गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह हर्ष का विषय है की हमारा राजभाषा विभाग काफी सक्रिय है और हिन्दी के प्रचार प्रसार में लगा है। राजभाषा गतिविधियों को और भी रोचक बनाने की जरूरत है जिससे अहिंदी भाषी लोग भी प्रोत्साहित हो सके। हिंदी एक बहुत ही सरल एवं सुंदर भाषा है अतः इसे समझना और कार्य करना बहुत आसान है। बैठक में अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी सह मुख्य परियोजना प्रबन्धक (गति शक्ति) सतीश कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बहुत ही प्रसन्नता का विषय है की हमारे रांची मण्डल की पत्रिका का प्रकाशन किया गया है` साथ ही हिन्दी में सभी कार्यों को सुचारु एवं निर्बाध ढंग से करने की सलाह दी। इस मौके पर राजभाषा विभाग, रांची मण्डल की पत्रिका कोयल के 12वें अंक तथा समाचार पत्रिका रेल दर्पण के 17वें अंक का लोकार्पण मंडल रेल प्रबंधक सह अध्यक्ष, मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति प्रदीप गुप्ता द्वारा किया गया। मण्डल के कार्मिक विभाग ने विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्यों को हिन्दी भाषा में एक पावर पॉइंट प्रेसेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों के लिए हिन्दी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे सभी अधिकारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुशील कुमार बेहरा, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) कुलदीप कुमार, मण्डल परिचालन प्रबन्धक श्रेया सिंह एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

## झारखंड सरकार के सहयोग से क्लाइमेट एक्शन प्लेटफॉर्म लॉन्च

# इंटेलीकैप और ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन ने की पहल

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** इंटेलीकैप और ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन (टीआरआईएफ) ने झारखंड सरकार के सहयोग से एक क्लाइमेट एक्शन प्लेटफॉर्म को लॉन्च किया। मंगलवार को होटल बीएनआर चाणक्या में आयोजित कार्यशाला में मनेगा आयुक्त झारखंड बी राजेश्वरी, उद्योग विभाग के निदेशक जितेंद्र कुमार सिंह, खूंटी के उपायुक्त शशि रंजन, ट्रांसफोर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन के एमडी अनिश कुमार, इंटेलकैप के एमडी संतोष सिंह की उपस्थिति में इस कार्यक्रम को लॉन्च किया गया। इंटेलीकैप और ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन (टीआरआईएफ) ने किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए क्लालइमेट एक्शमन प्लेटफॉर्म का विकास किया है। यह प्लेटफॉर्म राज्य के छोटे किसानों को कृषि और संबद्ध सेक्टरों के लिये क्लाइमेट/कार्बन फाइनेंस का फायदा उठाने के लिये सक्षम बनाने और एक क्षमता-निर्माण कार्यक्रम के माध्येम से उनमें तकनीकी कौशल विकसित करने के लिये है। यह प्लेटफॉर्म छोटे किसानों को जलवायु के मामले में स्मार्ट कृषि और एग्रो-फॉरेस्ट्री के लिये सहयोग एवं प्रशिक्षण प्रदान करेगा। मौके पर मनरेगा आयुक्त बी राजेश्वरी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन झारखंड समेत देशभर के लिए चिंता विषय बन गया है। जलवायु परिवर्तन का असर अब दिखने लगा है। आम जन जीवन के साथ खेती भी प्रभावित हो रही है। केंद्र और राज्य सरकार ऐसे कई कार्यक्रम चला रही है, जिसे पर्यावरण को नुकसान भी नहीं पहुंचेगा और जलवायु परिवर्तन की दिशा में एक बेहतर काम करेगा। उद्योग निदेशक जितेंद्र सिंह ने कहा कि उद्योग जगत पर्यावरण को दूषित होने से बचाने के लिए कई उपाय कर रहे हैं। ऐसी तकनीक का इस्तेमाल किया जा र है, ताकि पर्यावरण का नुकसान नहीं हो। नेचुरल गैस, तेल आदि का इस्तेमाल से प्रदूषण कर किया जा सकता है। इस दिशा में सरकार और उद्योग जगत कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में खूंटी उपायुक्त, और इंटेलीकैप और टीआरआईएफ के पदाधिकारिरयों ने भी अपने विचार रखे। ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन में फार्म प्रॉस्पेरिटी के डायरेक्टार अशोक कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार के सहयोग से यह क्लामइमेट एक्शन प्लेटफॉर्म से छोटे किसानों की आमदनी बढ़ाने में मदद मिलेगी और जलवायु परिवर्तन पर योजना बनाने तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये जरूरी कदम उठाने में राज्यि सरकार की सक्रिय भूमिका को सहयोग मिलेगा।

## एचईसी मुख्यालय के सामने अधिकारियों ने गन्ने का जूस निकाल जताया रोष

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** एचईसी अधिकारियों का आंदोलन 41वें दिन मंगलवार को भी जारी रहा। बकाए वेतन समेत अन्य मांगों को लेकर पिछले 40 दिनों से आंदोलनरत एचईसी के अधिकारियों व कर्मचारियों ने मंगलवार को एचईसी मुख्यालय के सामने गन्ने का जूस निकालकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर एचईसी के अधिकारियों ने कहा कि आज कंपनी की जो हालत है, उसके लिए भारी उद्योग मंत्रालय और केंद्र सरकार बराबर के जिम्मेदार हैं। एचईसी को भ्रष्ट प्रबंधन ने गन्ने की तरह निचोड़ कर बचे अवशेष जैसा कर दिया है। एचईसी के अधिकारियों ने कहा कि पिछले दो-तीन साल में कई बार मंत्रालय के द्वारा इस कंपनी की समीक्षा की गई, अनेक बार कंपनी के भविष्य की रूपरेखा मंत्रालय को सौंपा गया। लेकिन सब योजनाएं फाइलों में ही धूल फांकती रहीं और धरातल पर कुछ नहीं आ पाया। उन्होंने कहा कि कंपनी के आधुनिकीकरण के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी को जमीन हस्तांतरित किया गया। लेकिन मशीनों का आधुनिकीकरण तो कुछ हुआ नहीं और ना ही स्टैच्यूटरी बकाए का भुगतान हुआ, बल्कि कंपनी को गर्त में पहुंचा दिया गया। एचईसी के अधिकारी 41 दिनों से आंदोलनरत हैं, लेकिन अब तक सरकार और प्रबंधन की ओर से कोई पहल नहीं की गई है। अधिकारियों ने कहा कि हम सभी अपने हक और अधिकार की मांग कर रहे हैं।

### सरकार की नाकामियों के कारण महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं : आरती कुजूर

**रांची ।** राज्य में महिलाओं के प्रति बढ़ते हिंसा के मामलों पर भाजपा महिला मोर्चा ने गहरी चिंता व्यक्त की है। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह की मौजूदगी में महिला मोर्चा की बैठक में कई समसामयिक बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान पार्टी की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हाल के कुछ वर्षों में सरकार की नाकामियों के कारण महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा कई रचनात्मक कार्यों पर भी काम कर रही है जिस पर विस्तार से चर्चा की गई । उन्होंने बताया कि कुपोषण के खिलाफ जारी जंग में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं ऐसे में महिला मोर्चा इस दिशा में सहयोगात्मक कदम बढ़ाने जा रही है।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण पुरुष–महिला फुटबॉल कप प्रतियोगिता के दूसरे दिन आठ टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड सरकार के तत्वावधान में तीन दिवसीय रांची जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण पुरुष-महिला फुटबॉल कप प्रतियोगिता के दूसरे दिन खलारी, मांडर, कांके, ओरमांझी, तमाड, सोनाहातू, अनगड़ा, राहे प्रखंड की टीम क्वार्टर फाइनल मैच में पहुंचा। प्रतियोगिता के दूसरे दिन इस प्रतियोगिता के आयोजन सचिव सह जिला खेल पदाधिकारी, रांची संजीत कुमार ने महिला खिलाड़ियों से एवं पुरुष खिलाड़ियों से साझा के खेल परामर्शी देवेन्द्र सिंह ने परिचय प्राप्त कर किया। पूरे मैच एवं मंच का संचालन बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय, सेक्टर-2, धुर्वा, रांची के शारीरिक शिक्षक अजय झा तथा फुटबॉल प्रशिक्षक पूरन चंद्र महली ने संयुक्त रूप से किए। पूरे मैच के निर्णायक के रूप में जयंत उरांव, रोहित कच्छप, निशांत खलखो, छोटू मुंडा, शिशिर मिंज, धीरज उरांव ने अहम भूमिका निभाई। आज पुरुष वर्ग का मैच इस प्रकार हुआ : रातू प्रखंड को मांडर प्रखंड ने 1-0 गोल से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, तमाड प्रखंड ने बुडमू प्रखंड को संघर्षपूर्ण मैच में 4-3 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया।, सोनाहातू प्रखंड ने ईटकी प्रखंड को 4-2 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किए, अनगड़ा प्रखंड ने नामकुम प्रखंड को पेनाल्टी सूट में 4-1 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किए, राहे प्रखंड ने संघर्षपूर्ण मैच में लापुंग प्रखंड को 1-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किए। तीसरे दिन का खेल सुबह आठ बजे प्रारम्भ होगा। प्रतियोगिता का फाइनल मैच साढ़े तीन बजे प्रारम्भ होगा।

> ◆प्रतियोगिता के दूसरे दिन खलारी, मांडर, कांके, ओरमांझी, तमाड, सोनाहातू, अनगड़ा, राहे प्रखंड की टीम क्वार्टर फाइनल मैच में पहुंचा।

## सांसद संजय सेठ के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने दिया जवाब

# बेहतर स्वास्थ्य के लिए तीन वर्षों में झारखंड को मिले 2604 करोड़ रुपये

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने लोकसभा में बताया कि इनके मंत्रालय के द्वारा केंद्र प्रायोजित जितनी भी योजनाओं का संचालन होता है, उसकी निधि जारी करने का काम मंत्रालय के द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम की रूपरेखा दी जाती है। मंत्रालय के अधीन योजनाओं के प्रत्येक घटक के लिए अलग-अलग बजट के साथ केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं और केंद्र प्रायोजित योजनाओं को कार्यान्वित किया जाता है। बीते वर्ष 2019 से 2022 तक 2604.78 करोड़ की राशि निर्गत की गई है वहीं वित्तीय वर्ष 2021 - 22 में 691.88 करोड़ की राशि निर्गत की गई है। सांसद संजय सेठ के सवाल के जवाब में मंत्री ने बताया कि इसका परिणाम बेहतर हो, इसके लिए प्रत्येक 3 माह में समीक्षा भी की जाती है। एनजीओ को प्रदान की गई राशि, उसके उपयोग, उसका मूल्यांकन, इन सबके रिकॉर्ड को राज्य स्तर पर रखा जाता है। सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में यह सवाल पूछा था कि देश में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में केंद्र प्रायोजित कितनी योजनाओं का काम झारखंड में चल रहा है। इसके साथ ही उन योजनाओं के लाभुकों, 3 वर्षों तक उन योजनाओं के ब्यौरा से संबंधित सवाल सांसद ने सदन में रखा था। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय टीवी उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सहित कई योजनाओं के लिए राज्य स्तर पर निधि का आवंटन किया गया है। इसके अलावा मौजूदा जिला रेफरल अस्पतालों से जुड़े नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए भी राशि निर्गत की गई है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत झारखंड को 2019-20 में 830 करोड़, 20- 21 में 602 करोड़ और 21 - 22 में 640 करोड रुपए की राशि आवंटित की गई है। वहीं टीवी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत झारखंड को वित्तीय 3 वर्षों में क्रमशः 29 करोड़, 30 करोड़ और 42 करोड़ की राशि दी गई है। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत विगत 3 वर्षों में झारखंड को लगभग 6 करोड़ से अधिक की राशि निर्गत की गई है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत झारखंड को कोई निधि आवंटित नहीं की गई है। वहीं प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के तहत झारखंड को विगत 3 वर्षों में क्रमशः 126 करोड रुपए, 100 करोड रुपए और लगभग 8 करोड रुपए का आवंटन किया गया है।

> **इतनी बड़ी राशि का लेखा जोखा जनता को दे राज्य सरकार**
>
> सांसद संजय सेठ ने कहा कि इतनी बड़ी राशि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत सरकार ने झारखंड को दी है। झारखंड सरकार को चाहिए कि केंद्र सरकार के तहत चलने वाली योजनाओं की बेहतर तरीके से मॉनिटरिंग करें। अधिक से अधिक लोगों को इनका लाभ मिले, इस दिशा में सरकार को और बेहतर काम करना चाहिए ताकि हम केंद्र सरकार से झारखंड में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए और अधिक राशि मांग सकें। सांसद ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं के लिए सरकार को इन सभी राशियों का लेखा-जोखा पटल पर रखना चाहिए। जनता के सामने लाना चाहिए ताकि आम जनता को भी पता चले कि केंद्र सरकार राज्य को स्वास्थ्य के लिए क्या-क्या सुविधाएं मुहैया करा रही हैं।

### किसी भी परिस्थिति में मीडिया के माध्यम से बयानबाजी करना पार्टी हित में नहीं : अनुशासन समिति

**रांची ।** झारखंड प्रदेश अनुशासन समिति की अति आवश्यक बैठक मंगलवार को कांग्रेस भवन, रांची में समिति के अध्यक्ष बृजेन्द्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के सदस्य अनादि ब्रह्म, कालीचरण मुंडा, शमशेर आलम, अमुल्य नीरज खलखो उपस्थित थे। बैठक के संदर्भ में जानकारी देते प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि बैठक में समिति के अध्यक्ष द्वारा सर्वप्रथम पुतला दहन की निंदा की गई और उन्हें हिदायत दिया गया कि आगे ऐसे मामलों में जो भी संलिप्त पाये जाएंगे उनपर नियम प्रावधानों के अनुसार कारवाई की जाएगी। सभी समाचार पत्रों , प्रदेश अध्यक्ष और पार्टी के विषय में अनर्गल बातें की है उस पर संज्ञान लेते हुए उपर विस्तृत चर्चा की गई और यह तय किया गया कि किसी भी परिस्थिति में मीडिया के माध्यम से बयानबाजी करना पार्टी हित में नहीं है।

## 22 से 24 दिसंबर तक प. बंगाल में होने वाले ईस्ट इण्डिया स्ट्रेंथलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए झारखण्ड टीम का चयन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आगामी 22 दिसंबर से 24 दिसंबर तक पश्चिम बंगाल के मिदनापुर में होने वाले ईस्ट इंडिया स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु झारखंड टीम का चयन किया गया है। टीम का चयन राजधानी के बिरसा चौक स्थित हेल्थ क्लब में आयोजित ट्रायल के द्वारा किया गया। चयनित टीम के महिला वर्ग में प्रतिभा हेमब्रम, अशीषण कच्छप, हेमा तिर्की और हेमा कुमारी शामिल हैं जबकि पुरुष वर्ग में रोहन कुमार ,शुभम कुमार साहू, नीतीश कुमार राणा, रत्नेश कुमार, दिनेश नायक और उमेश चंद्र उपाध्याय है। टीम के मुख्य कोच अशोक कुमार गुप्ता हैं। ट्रायल के दौरान झारखंड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अमिताभ मिश्रा, सह सचिव अयोध्या प्रसाद अकेला, कोषाध्यक्ष भरत लाल एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### योजनाओं की समीक्षा

**पाकुड़** । पाकुड़ उपायुक्त ने मंगलवार को भूमि संरक्षण विभाग, कृषि विभाग और उद्यान विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा की । इस दौरान उन्होने सबंधित अधिकारियों को योजनाओं में अपेक्षित सुधार करते हुए पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया ।

### ग्यारह हजार वोल्ट के तार की चपेट में आने से गजराज की मौत

**जमशेदपुर** । पूर्वी सिंहभूम जिला के जादूगोड़ा मछुआ गांव में एक युवा हाथी की ग्यारह हजार वोल्ट के तार की चपेट में आने से मौत हो गई है। सुबह जब किशन अपने खेत को देखने गया, तब अपने खेत में उसने हाथी को मरा पाया,जिसके बाद ग्रामीणों की भीड़ हाथी को देखने के लिए उमड़ पड़ी। ग्रामीणों का कहना है की तार काफी नीचे था ,जिसकी कई बार बिजली विभाग को सूचना दी गई थी। जिसके बाद यह घटना घटी। आपको बता दे की हाथियों का झुंड पिछले तीन चार दिनों से क्षेत्र में भ्रमण कर रहा था, जिसकी सूचना वन विभाग को भी दी गई थी। जिला में जहां वन विभाग वन्य पशु की सुरक्षा के बड़े बड़े डींगे हकते है,वही धरातल पर सच्चाई कुछ और ही है।

### मंत्री जोबा मांझी ने नागरिक अधिकार कानून को लेकर जागरूक होने पर दिया जोर

**चाईबासा** । नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के निमित्त एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मंत्री जोबा माझी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने तरीके से जीने का एवं खुशी से रहने का अपना मौलिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि नागरिक अधिकार संरक्षण कानून चाहे वह भारत सरकार या राज्य सरकार के द्वारा बनाए गए हों, वह तभी लाभदायक हो सकता है, जब हम सभी इस संबंध में जानकारी रखते हों और उसका पूर्ण रूप से पालन करते हों। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम और अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत किए गए प्रावधानों, अनुदानों एवं कानूनी प्रक्रियाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की गयी।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**जामताड़ा** । जामताड़ा जिला रिसोर्स सेंटर में मंगलवार को सबकी योजना, सबका विकास अभियान के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उपविकास आयुक्त अनिलसन लकड़ा ने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत स्वस्थ गांव , बाल हितेषी गांव, स्वच्छ और हरित गांव बुनियादी ढांचा, सुशासन, महिलाएं एवं बाल हितैषी गांव जैसे कुल 9 योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा। इसके लिए प्रशासनिक स्तर से सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की इन महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं एवं गरीब परिवारों का अपेक्षित विकास संभव हो सकेगा।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरहेट व पतना का सीएस ने किया औचक निरीक्षण

**साहिबगंज** । मंगलवार को डॉक्ट रामदेव पासवान सिविल सर्जन साहिबगंज के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरहेट एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पतना का औचक निरीक्षण किया गया` निरक्षण के दौरान उन्होने ओपीडी , प्रसव कक्ष, पेशेंट वार्ड, ड्यूटी रजिस्टर, आपात चिकित्सा सेवा एवं अस्पताल में साफ– सफाई आदि को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सभी लोगों को निष्ठापूर्वक कार्य करने की हिदायत दी।

### अनुसूचित जाति आयोग के पदाधिकारियों ने नारायण धौरा का दौरा किया

**धनबाद** । राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार के उपाध्यक्ष अरुण हलदर, निदेशक संजय कुमार सिंह तथा अनुसंधान पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने मंगलवार को धनबाद के मधुबन थाना अंतर्गत ग्राम खरखरी के नारायण धौरा का दौरा किया। दौरा के बाद सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता कर कहा कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को सूचना मिली थी कि 7 नवंबर 2022 को नारायण धौरा में अनुसूचित जाति के सदस्यों के घरों, दुकानों में तोड़फोड़ की गई है। साथ ही वहां आगजनी करने एवं मारपीट व उत्पीड़न किए जाने की भी सूचना मिली थी। इस संदर्भ में आज घटना की स्थलीय जांच की एवं दस से अधिक पीड़ित परिवारों के सदस्यों से मिल का उनका पक्ष सुना गया। उनके साथ घटना की विस्तृत रूप से चर्चा की गई। उपाध्यक्ष ने कहा कि घटना की विस्तृत जानकारी मिलने के बाद घटना में संलिप्त आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने तथा पीड़ित परिवार को आयोग के निदेशानुसार शीघ्र मुआवजा देने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया है। साथ ही 72 घंटे के अंदर आयोग को रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद आयोग द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सिमडेगा एसपी ने मासिक क्राइम गोष्ठी का किया आयोजन, बोले-

# हाल के दिनों में जेल से छूटे अपराधियों पर नजर रखें

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा एसपी सौरभ ने मंगलवार की सुबह 10:00 बजे एसपी कार्यालय सभागार में जिले के सभी थाना प्रभारियों के साथ मासिक के क्राइम गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने सभी थाना प्रभारियों से थाना बार दिए गए पिछले महीना के दिशा-निर्देशों के अनुरूप में अब तक किए गए कार्यो की विस्तार पूर्वक जानकारी ली उन्होंने प्रोजेक्टर पीपीटी के माध्यम से थानावार अपराध नियंत्रण विधि व्यवस्था और अनुसंधान नियंत्रण से संबंधित सभी थाना प्रभारियों से जानकारी हासिल की। इस दौरान उन्होंने पिछले महीना में दिए गए थाना प्रभारियों को दिशा निर्देश के आलोक में अब तक के किए गए कार्यों पर संतुष्टि जताई। वही उन्होंने कार्यों को और बेहतर करने के लिए दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दो पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा अन्य पुलिसकर्मियों को भी बेहतर कार्य करने की बात कही ताकि आने




वाले महीने में उन्हें सम्मानित किया जा सके। मौके पर सिमडेगा एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हाल ही के दिनों में जेल से छूटे हुए अपराधियों पर नजर रखें और क्षेत्र में छोटी-बड़ी सभी प्रकार की गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर होने की आवश्यकता है। क्षेत्र में सोशल मीडिया के माध्यम से उन्माद फैलाने वालों पर भी नजर रखें साथ ही साइबर क्राइम पर विशेष फोकस बनाते हुए स्थानीय लोगों को इस पर जागरूक करें। पुणे सामुदायिक पुलिसिंग के तहत शुरू किए गए पुलिस अंकल ट्यूटोरियल में बेहतर कार्य करते हुए सभी बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए सभी कम्युनिटी पुलिस पदाधिकारियों के लिए भी दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिसंबर महीने में क्रिसमस सहित अन्य पर्व त्यौहार को ध्यान में रखते हुए पुलिस अलर्ट मोड पर काम करें सभी क्षेत्रों में लगातार घटती अभियान जारी रहे छेत्र में कहीं पर भी क्रिसमस गैदरिंग तथा अन्य प्रकार के कार्यक्रम हो रहे हैं तो उन पर विशेष नजर रखें ताकि किसी प्रकार की कोई भी आपराधिक गतिविधि ना हो। सभी थाना क्षेत्रों में लगातार अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन जांच अभियान चलता रहे साथी देसी शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए देसी शराब के कारोबार को पूरी तरह से बंद करवाएं। उन्होंने कहा कि लगातार आम जनमानस के बीच मधुर संबंध स्थापित करते हुए पुलिस और पब्लिक के बीच में दूरी को खत्म करें जिससे कि लोगों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़े। इस मौके पर उन्होंने कई अन्य दिशा-निर्देश भी जारी किए।

### सांसद निधि से विभिन्न गांवों में लगाया जा रहा सोलर लाइट

**गिद्धौर(चतरा)।** जिले के गिद्धौर प्रखंड में सांसद निधि से सोलर लाइट लगाने का कार्य मंगलवार को शुरू किया गया। मंगलवार को पहरा, गंगापुर, शिव मंदिर, इचाक, पिडारकोण, गड़के, गिद्धौर, जपुआ आदि गांवों के मंडप व मंदिर परिसर सहित सार्वजानिक स्थानों पर सोलर लाइट लगाया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार व सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़ कर किया गया। इस दौरान विशेष रूप से संबंधित बुथ अध्यक्ष रामानंद दांगी, महेंद्र राम, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, स्वछता अभियान के जिला संयोजक लखन दांगी, उप प्रमुख प्रीतम यादव, सुरेश प्रसाद राणा, बबलू कुमार साव, सुनील कुमार राणा, विकास कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## देवघर में कांग्रेसियों ने भारत जोड़ो यात्रा का किया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

देवघर । मंगलवार को देवघर में कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन किया । कार्यक्रम की शुरूआत शहीद आश्रम रोड से शुरू हुई जिसमें मुख्य रुप से कांग्रेस झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर , कृषि मंत्री बादल पत्रलेख , कांग्रेस विधायक दीपिका सिंह और प्रदीप यादव ने हिस्सा लिया । भारत जोड़ो यात्रा शहीद आश्रम रोड से शुरू होकर देवघर दुमका रोड होते हुए बस स्टैंड बजरंगी चौक से टावर चौक पहुंची जहां पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण हुआ । भारत जोड़ो यात्रा पुनः शुरू की गई जो अंबेडकर चौक पर जाकर समाप्त हुई । इस भारत जोड़ो यात्रा में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ऑटो में सवार होकर यात्रा कर रहे थे । मौके पर बादल पत्रलेख ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा भारत को जोड़ने की है । राहुल गांधी ने जो 35 किलोमीटर की यात्रा शुरू की है उसी के तर्ज पर झारखंड के विभिन्न जिलों में है या यात्रा की जा रही है । वही दीपिका पांडे ने कहा कि इन्होंने खुद राहुल गांधी के साथ पदयात्रा की है और जो उत्साह इस पदयात्रा में देखने को मिली वही उत्साह देवघर में भी देखने को मिल रहा है । कांग्रेस पार्टी भारत जोड़ने में निकली है और इसमें सफलता भी मिल रही है । इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा को लेकर काफी उत्साहित है । पूरे देश में भारत जोड़ो यात्रा को बेहतर रिस्पांस मिल रहा है । कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के संकल्प को दोहराते हुए भारत जोड़ो यात्रा देवघर में आयोजित की गई है । इसके अलावा उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 16 दिसंबर को खतियान जोहार यात्रा देवघर में करेंगे जिसमें भी कांग्रेस पार्टी अपनी भागीदारी निभाएगा ।

### डीडीसी ने मनरेगा कार्यक्रमों की समीक्षा की

## कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने पर झुमरी और पथलडीहा के पंचायत सेवक से मांगा स्पष्टीकरण

नवीन मेल संवाददाता

**कोडरमा।** डीडीसी लोकेश मिश्रा द्वारा कोडरमा प्रखंड में मनरेगा योजना का क्रियान्वयन, मानव दिवस का सजृन, 100 दिनों का रोजगार लक्ष्य के अनुरूप उपलब्ध कराने संबंधी सभी मुखिया, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं बीडीओ के साथ समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक के क्रम में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने के कारण पंचायत झुमरी और पथलडीहा पंचायत के पंचायत सेवक से स्पष्टीकरण किया गया। पंचायत झुमरी औ? चाराडीह पंचायत के ग्राम रोजगार सेवक से स्पष्टीकरण किया गया। पंचायत करमा, झुमरी औ चाराडीह के पंचायत सचिव का वेतन बंद करने का निर्देश दिया गया। पंचायत कोलगरमा के मुखिया को मनरेगा प्रगति नहीं लाने के कारण प्रगति लाने की बात कही। सभी पंचायत के पंचायत सचिव को नोडल पदाधिकारी बताते हुए मुखिया, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक के संयुक्त हस्ताक्षर से लक्ष्य के अनुरुप मानव दिवस सृजन का कार्य योजना तैयार कर 24 घंटे के अंदर मांग की गयी।

### धान अधिप्राप्ति को लेकर समीक्षा बैठक की

**कोडरमा।** अपर समाहर्ता श्री अनिल तिर्की द्वारा धान अधिप्राप्ति हेतु जिला अनुश्रवण समिति की बैठक एवं सहकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक किया गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी कोडरमा द्वारा बताया गया कि कुल 25 पैक्स एवं एफपीओ एवं कोडरमा बहुउद्देशीय विकास सहयोग समिति का प्रस्ताव प्राप्त हुआ। सभी प्रस्तावों पर धान अधिप्राप्ति केंद्र खुलने के लिए संकल्प में दिये गये मापदंड के आधार पर सभी का जांच पड़ताल किया गया। जिसमें 23 पैक्सो का सही पाये जाने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से चयन किया गया। पैक्स केंद्रों द्वारा 15 दिसंबर से धान अधिप्राप्ति का प्रारंभ किये जाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ–साथ धान के मिलिंग के लिए दो मीलर का चयन किया गया।

### विज्ञान व सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी में 120 बच्चे हुए शामिल

**कोडरमा।** मंगलवार को जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान ( डायट) कोडरमा में एक दिवसीय विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में डीसी आदित्य रंजन एवं जिला शिक्षा अधीक्षक कोडरमा की उपस्थित में कुल 44 विद्यालयों ने भाग लिया एवं 120 बच्चे उपस्थित हुए। इस प्रदर्शनी में विज्ञान में प्रथम स्थान पर आदर्श मध्य विद्यालय चंदवारा, द्वितीय स्थान पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेकोबार एवं तृतीय स्थान पर आदर्श मध्य विद्यालय कोडरमा रहा। सामाजिक विज्ञान में प्रथम स्थान पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय कन्या मरकच्चो, द्वितीय स्थान पर मॉडल विद्यालय कोडरमा एवं तृतीय स्थान पर मध्य विद्यालय बेलाटांड़-2 रहा।

### जिला परिषद सदस्य ने उपायुक्त से भेंट कर कई समस्याओं से कराया अवगत

## सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाकर लोगों के क्रय-विक्रय का मार्ग प्रशस्त किया जाय

नवीन मेल संवाददाता

**कांडी।** जिला परिषद क्षेत्र कांडी उत्तरी की सदस्य सुषमा कुमारी ने उपायुक्त से मिलकर प्रखंड की कई ज्वलंत समस्याओं के समाधान की मांग की है। जिला परिषद सदस्य सुषमा कुमारी ने सोमवार को जिला के उपायुक्त रमेश घोलप से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन समर्पित किया। जिसके माध्यम से कांडी की कई समस्याओं के समाधान की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि जिला के एक प्रमुख तथा महत्वपूर्ण बाजार कांडी की सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाकर लोगों के क्रय विक्रय का मार्ग प्रशस्त किया जाए। बाजार की जमीन का पूरी तरह अतिक्रमण कर लिए जाने के कारण सड़क पर बाजार लगता है। बाजार



को अतिक्रमण मुक्त कराकर इसका सुंदरीकरण कराया जाए। आजादी के अमृत वर्ष एवं कांडी प्रखंड सृजन के 23 वर्षों के बाद भी प्रखंड मुख्यालय में एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है। संभवतः कांडी अपने तरह का एकलौता प्रखंड होगा जहां एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है। जिस कारण लोगों को काफी कठिनाई होती है। विशेषकर महिलाओं के कष्ट व भारी परेशानी का तो वर्णन नहीं किया जा सकता। जबकि शौचालय निर्माण के लिए कालेज रोड व प्रखंड कार्यालय के सामने सरकारी जमीन उपलब्ध है। इस स्थिति में महिला व पुरुषों के लिए दस दस सीट का सेप्टिक टैंक शौचालय, मुत्रालय व स्नानागार का निर्माण कराया जाए। प्रखंड क्षेत्र के बिजली विहीन गावों का अतिशीघ्र बिजलीकरण कराया जाए। विभिन्न पंचायतों में अवस्थित स्वास्थ्य उपकेंद्रों में जेन्ट्स एवं लेडी डाक्टर की सेवा उपलब्ध कराई जाए। इस मौके पर जिप सदस्यों के साथ भी एक बैठक की गयी। जिसमें अपने क्षेत्र की अनेक समस्याओं को उठाते हुए उनके कारगर समाधान की मांग की।

## विजयी होनेवाले प्रतिभागियों का सम्मान समारोह 15 को

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** 33 वा प्रांतीय खेलकूद शिशु वर्ग समारोह 2022 शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में आयोजित हुआ जिसमें सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर से 15 बहने और 24 भैया ने भाग लिया था । 400 मीटर भैया कमलेश उरांव ने प्रथम स्थान इसी प्रतियोगिता में बहन हिमानी चाला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जंप में कमलेश उरांव ने प्रथम स्थान तथा बहन विद्या उरांव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रिले रेस 100/4=400 मीटर में कमलेश उरांव नीरज उरांव आशीष कुमार सिंह और आदित्य उरांव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा बहनों के रिले रेस में सृष्टि भगत विद्या, दिव्या और हिमानी चला ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया

**400 मीटर भैया कमलेश उरांव ने प्रथम स्थान हासिल किया**

। कमलेश उरांव ने व्यक्तिगत स्पर्धा गोला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। खो खो के खेल में बहनों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा भैया खो खो के खेल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।इस तरह 23 स्वर्ण पदक तथा 12 रजत पदक प्राप्त करके ऑल ओवर चैंपियन सिप का सम्मान प्राप्त किया । विद्यालय के भैया कमलेश उरांव ने व्यक्तिगत स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ एथलीट सम्मान को प्राप्त किया। इन भैया बहनों के सम्मान हेतु दिनांक 15.12. 2022 को एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया है।

### विभिन्न पंचायतों में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

**बालूमाथ।** हेरहंज प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पप्पू पासवान के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान विधानसभा प्रभारी पप्पू पासवान बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष मो.आमिर हयात, प्रदेश कांग्रेस नेता मो. जुबेर, प्रिंस खान, विनोद भुईंया, अनिल ,सीताराम आदि कांग्रेसियों ने प्रखंड के रजवार, गुरतूर ,हरैयाखाड़ ,कुरियामखुर्द आदि पंचायतों में हाथों में तिरंगा झंडा ले और पार्टी का झंडा बैनर आदि लेकर काफी संख्या में हिंदुस्तान जिंदाबाद नारा लगाते हुए पैदल यात्रा करते नजर आए। इस यात्रा के दौरान देशभक्ति नारों से पूरा पंचायत गूंज उठा। मौके पर ग्रामीणों को कांग्रेस पार्टी के परम आदरणीय नेता राहुल गांधी के विचारों से अवगत कराया।

### लातदाग गांव के समीप बाइक से गिरकर दो युवक घायल

**गढ़वा।** एनएच 75 गढ़वा-मुड़ीसेमर मार्ग पर मेराल थाना क्षेत्र के लातदाग गांव के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर राजू राम पिता स्व चंद्रकांत प्रसाद व सनन कुमार पिता कुलदीप राम गंभीर रुप से घायल हो गए। उक्त दोनों रमना थाना क्षेत्र के कोरगा गांव के रहनेवाले हैं। दोनों घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार राजू राम व सनन कुमार एकही मोटरसाइकिल से मेराल थाना क्षेत्र के गोंदा गांव स्थित बहन के ससुराल से अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान लातदाग के समीप अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में दोनों युवक घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को अस्पताल भेजवाया।

### आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने मुख्यमंत्री का किया स्वागत, सौंपा मांग पत्र, बोले-

## आंदोलनकारियों को समान रूप से मान-सम्मान सहित अन्य सभी सुविधाएं दी जाए

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** खतियानी जोहार यात्रा के अंतर्गत लोहरदगा पहुंचे आंदोलनकारी पुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, लोहरदगा जिला समिति की ओर से 32 किग्रा का फूलमाला पहनाकर स्वागत और सम्मानित किया गया। खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम में करीब 14 सौ की संख्या में झारखंड आंदोलनकारी मैना बागीचा के समीप एकत्रित हुए। आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, उपाध्यक्ष किशोर किस्कू, जिला संयोजक प्रो. विनोद भगत, जिला अध्यक्ष अमर किन्डो, सचिव



विशेषण भगत, प्रवक्ता अनिल कुमार भगत, महिला केन्द्रीय समिति संयोजिका विनिता खलखो, जहांआरा बेगम, एरेन कच्छप, बलोमुनी बाखला, नगर अध्यक्ष रूस्तम खान, सचिव दिनेश साहू आदि के द्वारा अमर शहीद स्वतंत्रता सेनानी वीर बुधू भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात झारखंड आंदोलनकारियों ने कतारबद्ध होकर झंडे बैनरों के साथ दिशुम गुरु शिबू सोरेन जिन्दाबाद, आंदोलनकारी पुत्र मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन जिंदाबाद, झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा जिन्दाबाद आदि नारे बुलंद करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचे थे। आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा जिला समिति की ओर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सम्मानित करने के क्रम में जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी आंदोलनकारी को समान रूप से मान-सम्मान, नियोजन, पेंशन सहित सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने जल्द ही जिला स्तर पर शिविर लगाकर आंदोलनकारियों की समस्याओं का समाधान करने की बात कही। साथ ही आंदोलनकारियों के मांगों त्वरित निष्पादन का भी भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में केन्द्रीय समिति के महासचिव कयूम खान, जिलाध्यक्ष अमर किन्डो, सचिव विशेषण भगत, जहांआरा बेगम, बालोमुनी बाखला आदि शामिल थे।

## माओवादियों के दो सहयोगी गिरफ्तार

### पूर्व से ही नक्सल गतिविधि में शामिल रहे है दोनों सहयोगी

**दोनों गिरफ्तार अभियुक्त पूर्व में भी जेल जा चुके हैं**

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा/सिमरिया।** माओवादी संगठन के लिए लेवी की मांग करने वाले व माओवादी को खाना पहुंचाने वाले दो अभियुक्त को पुलिस ने चतरा जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने जानकारी दते हुए बताया कि सिमरिया थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर चल रहे जलापूर्ति योजना निर्माण कार्य में माओवादी द्वारा लगातार लेवी की मांग की जा रही थी। इस संदर्भ में सिमरिया थाना कांड 213/22 में धारा 385/387 भादवि ए 17 सीएलए के तहत मामला दर्ज कर,



पुलिस अधीक्षक के द्वारा नक्सल संबंधित गतिविधि में शामिल लोगों के विरुद्ध सिमरिया तथा लावालौंग थाने की संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी अभियान चलाकर सुनेश यादव पिता प्रसादी यादव को लेवी मांगने वाले मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया। जो पूर्व से ही नक्सल गतिविधि में शामिल रहा है। साथ ही थाना क्षेत्र से नक्सली समर्थक संतोष गंझू पिता स्वर्गीय अयोधी गंझू, ग्राम बुलबुल थाना लावालौंग जो नक्सलियों को खाना-पीना व अन्य सामग्री उपलब्ध कराता था तथा नक्सलियों के सहयोग से अफीम की खेती भी किया था। जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। दोनों गिरफ्तार अभियुक्त पूर्व में भी जेल जा चुके हैं। छापामारी दल में सिमरिया थाना प्रभारी विवेक कुमार, लावालौंग थाना प्रभारी नंदन कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव वर्मा, शशिकांत साहू व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## न्यूज गैलरी

### विधायक ने वर्षा कुमारी को दी बधाई और भविष्य की शुभकामनाएं



**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने हजारीबाग की 'वर्षा कुमारी' का अंडर 15 झारखंड राज्य महिला क्रिकेट टीम में चयन होने पर हार्दिक बधाई व भविष्य की शुभकामनाएं दी है। उन्होने कहा कि आप पर हमें गर्व है और मुझे पूरा भरोसा है कि 'वर्षा' से प्रेरित होकर और भी लड़कियां खेल के प्रति जागरुक होंगी और हमारे जिले का नाम रोशन करेंगी।

### मुखिया पिता का आकस्मिक निधन से गांव में शोक की लहर



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत के मुखिया अब्बास अंसारी के पिता इसाक मियां का आकस्मिक निधन से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। खबर पाते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव कोनहाराकला पहुंचकर शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। पूर्व विधायक ने कहा कि मो इसाक सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे। उन्होंने अपना अधिकांश जीवन सामाजिक कार्यों में बिताया। उनका निधन समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। मौके पर पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, सलैया मुखिया सह प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद,कोनहारा खुर्द मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र शर्मा, राजकुमार नायक, महावीर यादव, वार्ड सदस्य जहीर अंसारी, ईश्वर यादव,मुकेश सोनी, राजेंद्र यादव,असगर अंसारी, इदरीस अंसारी समेत आदि लोग मौजूद थे।

### गैरेज में खड़ी दो बसों में लगी आग ट्रक भी आया आग की लपेट में

**दारू।** दारू में गैरेज में खड़ी दो बसों में आग लगने से जलकर राख हो गई। इस आग के लपेटे में ट्रक भी आ गया जो आधा जल गया। जैसे ही आग लगी चारों तरह अफरा तरफी मच गया। वहां खड़े लोगों ने इसकी सूचना कोई थाना तो कोई अग्निशामक को दी। सूचना मिलने पर जब अग्निशामक पहुंची उसके पहले दोनों बसे जलकर राख हो चुकी थी। ट्रक जो आग की लपेटे में आ गया था उसपर अग्निशामक दलों ने काबू पाया। तीनों गाड़ियों के जलने से करोड़ों का नुकसान बताया जा रहा है। यह घटना मंगलवार की दोपहर की है।

### मुखिया रिंकी देवी ने बच्चों के बीच किया पोशाक वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बेडोकला पंचायत अंतर्गत ग्राम केन्दुआ स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय केंदुआ में मुखिया रिंकी देवी,पंसस युसुफ अंसारी ने छात्रों के बीच दो-दो सेट पोशाक का वितरण किया। प्रधानाध्यापक अमृत रजवार ने बताया कि सरकार द्वारा बच्चों को नि:शुल्क दो सेट पोशाक,एक स्वेटर और जूता मौजा दिया जा रहा है। वितरण के क्रम में मुखिया रिंकी देवी ने अभिभावक से बच्चों को ससमय स्वच्छ पोशाक पहनाकर विद्यालय भेजने की अपील की । इस मौके पर प्रधानाध्यापक अमृत रजवार, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नकुल ठाकुर, मुमताज अंसारी, महादेव राणा, समेत विद्यालय के सभी शिक्षक गण व ग्रामीण उपस्थित थे।

### सुरेश यादव बने नावाडीह पैक्स अध्यक्ष

सतगावां। प्रखंड के नावाडीह पंचायत में मंगलवार को प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी राजू रजक की अध्यक्षता में पैक्स अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ। कुल 172 वोट पोल हुआ जिसमें सुरेश प्रसाद यादव पैक्स अध्यक्ष बने। अपने विपक्षी जयेंद्र प्रसाद यादव को शिकस्त देकर 59 वोट से जीत दर्ज कर पैक्स अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष नुनेश्वर प्रसाद यादव को बनाया गया। नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष ने कहा कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए पैक्स में आने वाले खाद, बीज को समय पर उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर धीरज यादव, मदन यादव, पिन्टू यादव, लखन यादव, विक्रम यादव मौजूद थे।

### इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-19 का ट्रायल संपन्न

**कोडरमा।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेले जाने वाले इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए कोडरमा जिला अंडर-19 क्रिकेट टीम के गठन हेतु जिला के अंडर-19 खिलाड़ियों का ट्रायल सोमवार को पुलिस लाइन मैदान में लिया गया। ट्रायल में पूरे जिले भर से लगभग 50 रजिस्ट्रर्ड खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिनकी बल्लेबाजी, गेंदबाजी, और क्षेत्ररक्षण को केडीसीए के पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया। कैंप में में रखने के लिए ट्रायल में शामिल खिलाड़ियों में से अच्छी प्रतिभा को देखकर खिलाड़ियों का चयन किया गया। कैंप 14 दिसंबर से पुलिस लाइन मैदान में लगातार आयोजित होंगे। ट्रायल केडीसीए के पदाधिकारी आलोक पांडे, उमेश सिंह, ओम प्रकाश, विशाल सूद, सुमन कुमार और रवि यादव की देखरेख में संपन्न हुए। उक्त आशय की जानकारी कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा और सचिव दिनेश सिंह ने दी।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत लोकाई दुर्गा मंदिर के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल की पहचान प्रदीप यादव (उम्र 30 वर्ष पिता गिरधारी यादव, ग्राम धरगांव डोमचांच) के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार अपने बाइक से कोडरमा से अपने घर धरगांव ?वापस जा रहा था। इसी क्रम में लोकाई दुर्गा मंदिर के समीप अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लेने से मोटरसाइकिल सवार युवक घायल हो गया जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

---

सीएसआर के तहत हो रहे कार्यों को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

# नये स्थलों की पहचान करते हुए अमृत सरोवर के तहत कार्य करने को लेकर दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सीएसआर के तहत विभिन्न एजेंसियों द्वारा रामगढ़ जिले में किए जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। सीएसआर के तहत पूर्व में हुई बैठक के दौरान दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने टाटा, सीसीएल सहित एजेंसीवार अधिकारियों व प्रतिनिधियों से मिशन अमृत सरोवर के तहत किए गए कार्यों की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त ने एजेंसियों को मिशन अमृत सरोवर के तहत उनके द्वारा किए गए कार्यों से संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं, उपायुक्त ने नये स्थलों की पहचान करते हुए अमृत सरोवर के तहत कार्य करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। ओएनजीसी सहित अन्य एजेंसियों जिनके द्वारा सीएसआर के तहत किए जा रहे कार्यों को उपायुक्त ने संतोषजनक नहीं पाया



उनके अधिकारियों को कार्यों को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया। रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में बंद पड़े खदानों में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में उपायुक्त सुश्री मिश्रा ने संबंधित एजेंसियों को बंद पड़े खदानों में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने से होने वाले फायदे की जानकारी देते हुए इसमें रूचि लेते हुए कार्य करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त माधवी मिश्रा ने एजेंसीवार सीएसआर के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा मांडू प्रखंड के बिरहोर समूह में किए जा रहे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने, सीएचसी मांडू का आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने व सौंदर्यीकरण कार्य ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया । उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातू में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करने के संबंध में पीवीयूएनएल को आवश्यक निर्देश दिए। बिजुलिया तालाब रामगढ़ में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने हेतु उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को स्थल निरीक्षण कर एस्टीमेट तैयार करने एवं इस संबंध में सीसीएल के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सीएसआर के तहत एंबुलेंस की उपलब्धता, एमटीसी वाहन, हिल व्यू स्टेडियम के जीर्णोद्धार, ओपन जिम का अधिष्ठापन सहित अन्य कार्यों को लेकर अधिकारियों व एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी सह प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न एजेंसियों के सीएसआर प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## 14 करोड़ 19 लाख की लागत से पेय जलापूर्ति योजना का विधायक ने किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** मंगलवार को पंचमाधव पंचायत के कारीमाटी गांव में 14 करोड़ 19 लाख की लागत से बनने वाले जलमीनार सह पाईप लाईन जलापूर्ति योजना का विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने शिलान्यास किया। इस दौरान उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पेयजल का सबसे बड़ा समस्या था। डीप बोरिंग भी असफल हो जाते थे। जिससे यहां के लोगो को पीने के पानी के लिए जूझना पड़ता था। जलमीनार बनने से यह समस्या का निदान होगा, और घर घर तक पाईप लाईन के माध्यम से पेयजलापूर्ति होगी। इसकी शुरूआत हो जाने से कारीमाटी, पडिरमा, माधोपुर, पंचमाधव, जरहिया, धुरगडगी, सिंहपुर, बुढीडीह, ओरिया, बुंडू, केंदुआ, तेलोडीह सहित कई गांव के लोग लाभान्वित होंगे। पेय जल स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता बिमल किशोर ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना को 2024 तक पूरा किया जाना है। इस जलमीनार की क्षमता 1.5 एमएलडी है। जिसके माध्यम से 1628 घरों में पाईप लाईन से पेयजल उपलब्ध करवाए जाएंगे। कार्यक्रम में प्रमुख मनोज रजक, जिप सदस्या मंजू देवी, मुखिया नीलम देवी, नारायण यादव व मनोज कुमार, सांसद प्रतिनिधि अनूप भाई वर्मा व गणेश यादव, विस विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, विस युथ कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर यादव, कामेश्वर रविदास, मुखलाल यादव, जगदीश यादव, मो हारून सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उमेश यादव ने किया।

> ■ 2024 तक प्रारंभ हो जायेगा 1.5 एमएलडी क्षमता वाले जलमीनार से 1628 घरों में जलापूर्ति

## लेखा संधारण को लेकर प्रखंड के पैक्स अध्यक्षों का हुआ प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** प्रभारी बीसीओ राजेश कुमार साह के द्वारा पैक्स अध्यक्षों को लेखा संधारण को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के विभिन्न पैक्स समिति के अध्यक्ष उपस्थित हुए। प्रशिक्षण आत्मा कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदीवर की उपस्थित में संपन्न हुआ । जिसमे बीएओ आजाद सिंह, बीटीएम राकेश कुमार उपस्थित रहे। प्रशिक्षण जिला से आए ऑडिटर सुरेश कुमार के द्वारा दिया गया। जिसमे रसोईया धमना, करियातापुर, कोल्हू आकला, धनवार, केदारुत आदि सहित करीब दर्जनों पंचायत के पैक्स अध्यक्ष मौजूद रहे जबकि कई पैक्स के अध्यक्ष शामिल अनुपस्थित रहे। ऑडिटर ने उपस्थित पैक्स अध्यक्षों को लेखा संधारण से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां दी। मौके पर धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, पैक्स अध्यक्ष सुनील साहू, मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

## डीएफएसओ का जारी है औचक निरीक्षण विभिन्न जगहों से लिए गये सैंपल, भेजा लैब

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय दी गई फूड सेफ्टी की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** बीते कुछ महीनों से जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी के द्वारा अनुमंडल के विभिन्न होटलों, ढाबों और दुकानों में औचक छापेमारी खाद्य पदार्थों की जांच हेतु सैंपल संग्रह किए जा रहे है। साथ ही संचालकों को फूड सेफ्टी से संबंधित विभिन्न जानकारियां दी जा रही है इसी क्रम में बरही एनएच2 डीएवी मोड़ के पास स्थित होटल क्वालिटी इन और बरकट्ठा के अशोक मिष्ठान भंडार में औचक निरीक्षण कर पनीर एवं महेश किराना स्टोर पचखेड़ी चौक से चिली सॉस का सैंपल संग्रह कर जांच हेतु लैब भेजने का काम किया । डीएफएसओं ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी । इस दौरान मुख्य रूप से साफ सफाई, मिलावट,



गुटखा, फूड लाइसेंस इत्यादि की जांच की गई । इसके साथ ही बरसोत स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में फूड सेफ्टी के तहत जागरुकता अभियान चलाया गया। डीएफएसओ ने विद्यालय के बच्चियों के बीच फूड सेफ्टी के कई नियम, साफ सफाई, भोजन व्यवस्था, आदि से संबंधी कई महत्वपूर्ण बातो की जानकारी दी दिया। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिका ज्योति वर्मा, सुषमा टोप्पो, गार्ड गणेश प्रसाद, इत्यादि मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान डीएफएसओ के साथ कंप्यूटर ऑपरेटर विकास शर्मा, अनुमंडल अनुसेवक आनंद किशोर व चालक इंदर इत्यादि मौजूद थे।

## अवैध ढिबरा लदा तीन 709 वाहन जब्त



**कोडरमा।** जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत ढोलाकोला के पास ढिबरा लदा तीन 709 वाहन जप्त किया गया। डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान ने बताया कि मिली गुप्त सूचना के आधार पर ढोलाकोला के पास ढिबरा लोड तीन 709 जप्त किया गया। इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है वाहन को जप्त करके थाना परिसर लाया गया। इन तीनों गाड़ी में 15 टन ढिबरा लोड बताया जा रहा है इसकी कीमत लगभग 5 लाख बताई जा रही है। इस अभियान डोमचांच थाना प्रभारी के अलावा पुलिस के जवान भी मौजूद थे।

## दो समुदायों में झड़प के बाद शांति समिति की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मरकच्चो।** थाना क्षेत्र के मरकच्चो बाजार पर सोमवार की शाम दुकानदार व ग्राहक मे हुई मामूली झड़प के बाद दो पक्ष आमने सामने हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मरकच्चो पुलिस आनन फानन मे मोके पर पंहुची और स्थिति को सामान्य कराया। मामले को लेकर पुलिस ने दोनों पक्ष की ओर से एक नाबालिग समेत चार लोगों को हिरासत मे लिया है। जिनमे एक पक्ष से शकील आलम उर्फ भोपाली तथा एक नाबालिग वहीं दूसरे पक्ष से गोपाल मोदी व



सूर्यदेव दीपक के नाम शामिल हैं। जानकारी अनुसार गोविन्द मोदी का मरकच्चो बाजार मे तिलकुट की दूकान है जहाँ तिलकुट खरीदने के दौरान कमरुल व जुबैर से झड़प हुई और देखते ही देखते दोनों पक्ष की ओर से लोग आमने सामने हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर श्रीराम पासवान, थाना प्रभारी सुमित साव, नवलशाही थाना प्रभारी पंचम तिग्गा समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के जवान तुरंत मौके पर पंहुचे और स्थिति को सामान्य कराया। रात भर पुलिस उक्त जगह पर कैम्प किये हुए रही। मामले को लेकर दोनों पक्ष की ओर से मरकच्चो थाना मे आवेदन देकर मामला भी दर्ज कराया है।

वही मामले को लेकर मंगलवार की शाम प्रबुद्ध ग्रामीणों के साथ थाना परिसर मे शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गयी। जहां दोनों पक्षो द्वारा शान्ति व सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने पर सहमति बनी। बैठक मे बीडीओ पप्पू रजक, सीओ रामसुमन प्रसाद, इंस्पेक्टर श्रीराम पासवान, थाना प्रभारी सुमित साव के अलावे प्रबुद्ध ग्रामीण मौजूद थे।

## क्षेत्र में खूब फल-फूल रहा है अवैध शराब चुलाई का धंधा

**नवीन मेल संवाददाता**

**इचाक।** इचाक क्षेत्र में महुआ शराब की अवैध चुलाई एवं बिक्री का गोरख धंधा निरंतर फल फूल रहा है। अवैध कारोबार से जहां माफिया तत्व लाखों की कमाई कर रहे हैं। वही केमिकल और यूरिया खाद के मिश्रण से बने देसी शराब का सेवन करने वाले युवा कई तरह के बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। कारोबारियों द्वारा रमणी, सिझुआ, दांगी, लोटवा, डुमरौन, तीलरा, नावाडीह, बोंगा , मूर्तियां, मंडपा, काला द्वार,आरा, फूफंदी, बढ़नियां, नेशनल पार्क, सयाल कला और खुर्द , गौरा, कारीमाटी क्षेत्र के जंगल स्थित नदी के किनारे सैकड़ों अवैध शराब भट्ठियां संचालित है। जहां से प्रत्येक दिन लगभग 10 हजार लीटर अवैध महुआ शराब का निर्माण माफिया तत्व करते हैं। माफिया द्वारा शराब की सप्लाई गांव के चौक चौराहों पर गुमटी और झोपड़ीनुमा दुकान के संचालकों को करते हैं। जहां प्रत्येक दिन पीने वालों की भीड़ जमती है। सूत्र बताते हैं कि शराब की चुलाई से न सिर्फ लोगों को हानि पहुंचा रहे हैं बल्कि वन क्षेत्र को भी नष्ट कर रहे हैं। जानकार बताते हैं कि शराब कारोबार में थाना से लेकर अवकारी और वन कर्मियों की संलिप्तता हैं जिनके रहमो करम पर यह गोरखधंधा फलफूल रहा है। बता दें कि शराब माफिया दर्जनों प्लास्टिक ड्रम को जमीन में गाड़ कर उसमें जावा महुआ डालते हैं फिर उसे निकालकर शराब चुलाई करते हैं। यह काम माफिया तत्वों द्वारा प्रातः चार बजे से 10 बजे दिन तक करते हैं। इसके बाद माफिया शराब की खेप को खुदरा विक्रेताओं को ट्यूब में भरकर बोरे में रखते हुए आराम से पुलिस के नाकों के नीचे गुजरते हैं। जिसकी भनक पुलिस को नहीं रहती है। जिस कारण क्षेत्र में चोरी, छिनतई, लूट, बलात्कार और आपराधिक घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि शराब कारोबारियों को पंचायत प्रतिनिधियों का भी संरक्षण प्राप्त है। यही वजह है कि वह किसी से डरते नहीं है विरोध करने वालों की पिटाई करने में भी माफिया बाज नहीं आते हैं।

उपायुक्त के जनता दरबार में आये तीन दर्जन से अधिक मामले

# संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग तीन दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने, पारिवारिक विवाद निपटारा, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान, बरही के कटीयोन में सामुदायिक भवन निर्माण, जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने, पीएम आवास योजना में अनिमियतता, खतियानी जमीन हड़पने, भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने एवं रोजगार,मनरेगा, भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमि अधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए। जिसे संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

### बीएसई ईस्ट जोन स्विमिंग चैंपियनशिप में के विजेता को डीसी ने किया सम्मानित



**सीबीएससी** ईस्ट जोन स्विमिंग चैंपियनशिप मे हजारीबाग के तैराक कुमार नीतीश 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में गोल्ड मेडल एवं कुमार निधीश ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में सिल्वर मेडल 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया है। हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने तैराकों को सम्मानित करते हुए बधाई दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हजारीबाग वासियों के लिए यह गौरवान्वित करने वाला पल है। मालूम हो कि 2 वर्ष पूर्व यह तैराक सेंट जेवियर्स के छात्र रहे हैं, अभी वर्तमान में नेतरहाट विद्यालय में पढ़ रहे हैं । पहले भी राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में इन्होंने कई सारे मेडल प्राप्त किए हैं हजारीबाग स्विमिंग एसोसिएशन से बहुत अन्य तेराको ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है जबकि हजारीबाग में संसाधन का अभाव रहते हुए भी मेडल हासिल करते आए हैं एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते आ रहे हैं । तैराकी संघ के सचिव डॉक्टर प्रहलाद सिंह के पूछे जाने पर उपायुक्त महोदया ने आश्वासन दिया की स्विमिंग पूल निर्माण के लिए डीपीआर बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए बैठक भी बहुत जल्द किया जाएगा। एवं बहुत ही जल्द स्विमिंग पुल हजारीबाग के तैराको के लिए उपलब्ध होगा। मौके पर खिलाड़ियों के पिता महेंद्र सिंह स्विमिंग कोच मन्नु कुमार राणा सचिव डॉ प्रह्लाद सिंह मौजूद रहे।

## झारखंड क्रिकेट अंडर 19 में चयनित खिलाड़ी का डॉबीआर अम्बेदकर पब्लिक स्कूल में स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** बरसोत पंचायत के श्रीनगर निवासी अमित कुमार यादव का झारखंड क्रिकेट अंडर 19 में चयन होने से इस क्षेत्र के लोग हर्षित है। अब प्रखंड का खिलाड़ी में राज्य स्तर परअपना जलवा दिखाएगा । मंगलवार को डॉ० भीम राव अम्बेदकर पब्लिक स्कूल मलकोको में विद्यालय परिवार की ओर से नवचयनित खिलाड़ी का स्वागत किया गया। प्राचार्य गुलाब कुमार दास ने बताया कि हमारे क्षेत्र के युवा का झारखंड अंडर 19 क्रिकेट में चयन होने से हम सभी रोमांचित है। इसके चयन से इस क्षेत्र का नाम रौशन हुआ है। यहां के बच्चो को भी ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ियों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। स्वागत करने वालों में प्राचार्य के साथ उप प्राचार्य सूरज कुमार दास, शिक्षक शिवकुमार, नंदलाल कुमार आदि विद्यालय के कई शिक्षक शामिल थे। सबों ने शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है। नवचयनित खिलाड़ियों का विद्यार्थियों ने तालियों के साथ स्वागत कर हौसलावर्धन किया।

## न्यूज गैलरी

### खतियान, स्थानीय नीति की जागरूकता के लिए साइकल से झारखंड भ्रमण पर निकला युवक पहुंचा बानो




**बानो।** खतियान लागू करने, स्थानीय नीति लागू कराने के उद्देश्य लोगों के बीच जागरुकता अभियान चलाने के लिए साइकिल से झारखंड भ्रमण पर निकले धनबाद के गोविंदपुर साधुवाद गांव निवासी विकास कुमार महतो मंगलवार को बानो पहुंचे। उन्होंने बताया कि वह सिंहभूम मनोहरपुर होते हुए बानो पहुंचा है। विकास कुमार महतो ने नवीन मेल संवाददता बानो को बताया कि इसके पूर्व भी साइकिल द्वारा पूरे भारत का 145 दिन में 13000 किलोमीटर यात्रा कर वापस घर आया हूँ। पुन: 1 नवम्बर से झारखंड के सभी 24 जिला के भ्रमण के लिए निकला हूँ। लोगो के बीच जागरूकता जगाने ताकि लोग अपने भाषा संस्कृति को न भूले। उन्होंने कहा की आज लोगों के बीच हमारे संस्कृति की जानकारी नही दी जाएगी तो आने वाली पीढ़ी अपने गाँव घर के नियम भूलते जाएंगे। साइकिल पर आगे जागो झारखंड भारत यात्रा का स्टिकर लगाए मस्त गति से साइकिल से एक एक गांव प्रखंड आगे बढ़ता जा रहा था।पीछे कैरियर में शान से तिरंगा लहराता हुआ झारखंड के युवा के शरीर को ऊजार्वान बनाता जा रहा था। विकास कुमार महतो का कहना है जहां रात होती हैं वहीं वह विश्राम कर लेते हैं।

### नेहरू युवा केंद्र ने पाकरटांड प्रखंड में स्वंयसेवक नामांकन प्रक्रिया का किया आयोजन



**पाकरटांड।** नेहरू युवा केन्द्र सिमडेगा के तत्वावधान में पाकरटांड प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, पाकरटांड में सघन स्वयंसेवक नामांकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 15 से 29 वर्ष के वैसे युवा, जो युवा मंडल सदस्य या राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नहीं है, ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में स्वयंसेवक की एक नई टीम तैयार करना है। स्वयंसेवकों का नामांकन 3 साल के लिए किया जा रहा है। पाकरटांड प्रखंड में कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक निरंजन साहू के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उन्होनें युवाओं को कोरोना महामारी के समय में स्वयंसेवक की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे मे जानकारी दी। नेहरू युवा केंद्र संगठन पूरे भारत में स्वयंसेवकों की एक टीम बनाकर आगामी किसी भी समस्या या आपदा से निपटने के लिए तैयार रहना चाहता है। कार्यक्रम में स्कूल के इच्छुक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### सरस्वती शिशु मंदिर सलडेगा में पूर्व छात्र समागम 18 को

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा में आगामी 18 दिसम्बर दिन रविवार को पूर्व छात्र समागम का विशाल कार्यक्रम आहुत होने जा रहा है उक्त कार्यक्रम में विद्यालय स्थापनाकाल से लेकर विगत सत्र तक में अध्ययन कर चुके समस्त भैया/बहनों का मधुर मिलन होगा।इस मिलन कार्यक्रम में पूर्ववर्ती और वर्तमान के छात्र छात्रों के इस अद्भुत समागम को अविस्मरणीय बनाने हेतु समस्त विद्यालय परिवार द्वारा व्यापक स्तर पर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू के द्वारा सभी विगत सत्रों छात्र छात्रों से इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आह्वान किया गया है।

### घरेलू विवाद में पुत्र ने किया पिता पर जानलेवा हमला, घायल



**सेन्हा-लोहरदगा।** रामनगर सेन्हा में देर रात घरेलू विवाद को लेकर पिता पुत्र में मारपीट हुआ। जिसमे पुत्र ने अपने पिता को जख्मी कर दिया। फिलहाल पिता का ईलाज अस्पताल में चल रहा है और अब वो खतरे से बाहर बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी 40 वर्षीय राम मांझी एवं उसके पुत्र सूरज कुमार मांझी के बीच देर रात घरेलू विवाद हो गया और यह विवाद बढ़ते बढ़ते मारपीट में बदल गया। इस विवाद में पुत्र सूरज कुमार मांझी ने अपने पिता के ऊपर छोटी टांगी से प्रहार कर जख्मी कर दिया। वही राम मांझी को घायल देख सोर गुल होने लगा। जिसपर घटना की सूचना स्थानीय थाना प्रभारी को दिया गया। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी ऋषिकान्त रामनगर सेन्हा पहुँच कर घायल को इलाज के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सकों द्वारा घायल का इलाज करने के पश्चात घर भेज दिया गया। चिकित्सकों ने बताया कि घायल राम माँझी खतरा से बाहर है। वही थाना प्रभारी ने बताया कि घायल व्यक्ति का सिर पर एवं आंख के बगल में छोटी टांगी से प्रहार करने के कारण सिर फट गया है और आंख के समीप कट गया है। फिलहाल वह खतरे से बाहर है। वहीं इस संदर्भ में पुलिस घटना को लेकर जाँच में जुट गई है।

### गुमला में युवक ने कीटनाशक खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**गुमला।** सदर थाना के तेलगांव निवासी लगभग 34 वर्षीय युवक बरतिया उरांव ने मंगलवार की देर शाम कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वे सभी खेत में काम करने गए थे,शाम को लौट कर देखा तो बरतिया कीटनाशक खाकर गंभीर अवस्था में पड़ा हुआ है। परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमनाम भर्ती कराया। जहां डाक्टरों की देखरेख में पीड़ित का उपचार जारी है।

# बोलबा अंचलाधिकारी ने पंचायत के मुखियाओं के साथ बैठक कर कई बिंदुओं पर की चर्चा

## राशन दुकानों में सही मात्रा में राशन मिलने के लिए निगरानी व सतर्कता समिति का हो गठन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** अंचलाधिकारी बलिराम मांझी की अगुवाई में मंगलवार को प्रखंड के सभी मुखियाओं के साथ बैठक की मौके पर पांचो पंचायत की मुखिया मौजुद थे। उन्होंने सरकारी कार्यों को सही तरीके से करते हुए किस प्रकार लोगों को लाभ दिलानी है इस को लेकर चर्चा किया। सर्वप्रथम पीडीएस दुकान की देखरेख हेतु निगरानी सह सतर्कता समिति का गठन कर सुचारू रूप से कार्डधारी को राशन वितरण करवाने की बात कही। पंचायत को मिलने वाली झारखंड खाद्यान कोष का अक्षरस पालन कर गरीब, असहाय को चावल देने की बात भी कहे। वही ठंड में जगह-जगह अलाव लगाने पर चर्चा हुआ एवं फसल राहत योजना के तहत वैसे किसान जिनका नाम सूची में है उन्हें चिन्हित कर उचित मुआवजा मिलें इसके लिए अच्छा पहल हो। वही प्रमुख मुद्दा हाथी प्रभावित लोगों से हमेशा संपर्क कर प्रशिक्षण हेतू उपाय पर चर्चा हुई। मौके पर खाद्य आयोग द्वारा बताई गयी बात को कादोपानी मुखिया द्वारा दुहराया गया। मालसाडा मुखिया द्वारा नव वर्ष को सामने आता देख दनगद्दी पर्यटक स्थान रख रखा, साफ-सफाई, संचालन साथ ही किसी प्रकार की दुर्घटना न घटे इसके लिए प्रबंधन समिति का गठन कर धन राशि व्यवस्था की बात कही। वही समसेरा मुखिया द्वारा बाजार, हाट की रख रखाव, साफ सफाई व संचालन हेतू प्रबंधन समिति ग्राम सभा कार्यकारणी से पारित कर देख रेख की बात कहा। साथ ही नीजी उपयोग एवं सरकार द्वारा प्रायोजित योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास,15 वें वित्त की योजना में बालू उठाव हेतू समस्या को रखा जिसपर अंचलाधिकारी द्वारा ग्राम सभा से पारित कर बालू उठाव हेतू प्रस्ताव कर उपयोग करनें को कहा। इसके अलावा कई बिंदुओं पर चर्चा हुई।

**मुख्यमंत्री लोक संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, सरकार की योजनाओं व कार्यो से कराया अवगत**

# सरकार की योजनाओं से खुद भी जुड़ें और दूसरों को भी जुड़ने के लिए प्रेरित करें : सीएम



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला/लोहरदगा।** राज्य सरकार की स्पष्ट सोच है कि हर व्यक्ति की ना सिर्फ बात सुनी जाए, बल्कि उसकी समस्याओं का भी समाधान हो। इसी कड़ी में हम जिलों का दौरा कर जनता से सीधा संवाद कर रहे हैं, ताकि उनकी परेशानियों को समझते हुए उसका निराकरण कर सके। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को गम्हरिया नवडीहा (पंचायत), घाघरा, गुमला में आयोजित लोक संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए ये बातें कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे खुद क्षेत्र भ्रमण कर विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत को समझने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा आम जनता को सरकार की योजनाओं से जोड़ने की दिशा में सरकार पूरी ताकत के साथ कार्य कर रही है। इस सिलसिले में मुख्यालय में पदस्थापित वरीय अधिकारी से लेकर प्रखंड स्तर के अधिकारी गांव-गांव और टोले-टोले जाकर आपको सरकार की योजनाओं से जोड़ने का काम कर रहे हैं। ये अधिकारी इस दौरान जो खामियां मिल रही है, उसको भी दूर करने का कार्य कर रहे हैं। वे विकास कार्यों का भी निरीक्षण कर रहे हैं ताकि इसमें किसी प्रकार की गड़बड़ी की गुंजाइश ना रहे। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पुरुष, महिला, बुजुर्ग, विद्यार्थी, युवा और दिव्यांग समेत सभी तबके के गरीबों और जरूरतमंदों के लिए सरकार की योजनाएं हैं। आप इन योजनाओं से जुड़े और दूसरों को भी जुड़ने में सहयोग करें। मौके पर मुख्यमंत्री से सीधा संवाद करते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभुकों ने अपने कार्यों और अनुभवों को साझा किया। उन्होंने सरकार के कार्यों, गतिविधियों और योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि इससे बड़े तबके को लाभ मिल रहा है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका से जोड़ने के लिए फूलो झानो आशीर्वाद योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत अभी 10 हजार की सहायता राशि दी जाती है, जिसे बढ़ाकर 25 हजार रुपए करने पर सरकार विचार कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर गम्हरिया के लिए जल जीवन मिशन के तहत जलापूर्ति योजना का उद्घाटन किया। इस योजना के तहत इस पंचायत के 1560 घरों में पाइप लाइन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जाएगी। लोक संवाद में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक भूषण तिर्की और जीगा सुशारन होरो, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे और जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री में लोहरदगा में कंडरा-बुटी-चंदवा पथ (13 किमी) पथ का शिलान्यास किया



**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन देर शाम लोहरदगा जिला पहुंचे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री का लोहरदगा जिला प्रवेश करते ही मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। परिसदन पहुंचने से पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व विधायक बंधु तिर्की सेन्हा, कंडरा स्थित सरना स्थल पर रुके और सरना स्थल पर पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना की। सरना स्थल के बगल में आदिवासी सांस्कृतिक कला केन्द्र का शिलान्यास किया। इस कला केंद्र का निर्माण 35 लाख रुपये की लागत से हो रहा है। साथ ही, मुख्यमंत्री द्वारा कंडरा चौक में कंडरा-बुटी-चंदवा पथ (13 किमी) पथ का शिलान्यास किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक चोपड़ा, अंचल अधिकारी विजय कुमार, जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, पूनम उरांव, सेन्हा थाना प्रभारी व ग्रामीण सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत ने आठ सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत जिला शाखा लोहरदगा ने 8 सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा। समाहरणालय मैदान में प्रदेश के राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के प्रदेश संयुक्त सचिव सह जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी लोहरदगा ने 8 सूत्री मांगों से संबंधित मांगपत्र सौंपा। सौंपे गए मांगपत्र में सेवा से विमुक्त किए गए चौकीदारों को पुनः सेवा में योगदान कराने और 1 जनवरी 1990 के पूर्व और बाद में सेवानिवृत्त चौकीदार दफादार के आश्रितों की नियुक्ति पूर्व प्रक्रिया के अनुसार करने हेतु तत्काल अध्यादेश जारी किया जाए या झारखंड ग्राम चौकीदार संशोधन विधेयक 2022 पारित किया जाए जब तक इस समस्या का समाधान नहीं हो जाता है तब तक चौकीदार दफादारो की नियुक्ति हेतु विज्ञापन निकालने पर रोक लगाई जाए, झारखंड सरकार के गृह विभाग के संकल्प संख्या 25-20 दिनांक 04 जून 2011 द्वारा झारखंड कैबिनेट द्वारा पारित आदेश के आलोक में 30 दिसंबर 1989 को सेवानिवृत्त चौकीदार दफादार घटवार और सरदारों के आश्रितों की नियुक्ति की जाए।कैबिनेट द्वारा पारित प्रस्ताव के समय शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास को ही लागू किया जाए चौकीदार दफादार दीवारों को बंसावली के आधार पर 01/01/1990 से ही बहाली नहीं हुई है बल्कि 01/01/1990 के बाद अवकाश प्राप्त करने वाले चौकीदारों के आश्रितों को केवल एक बार अपवाद स्वरूप बॉन्ड लेकर नियुक्ति करने का एक मौका दिया गया है, बिहार के तर्ज पर चौकीदार दफादार घटवार दिग्वार और सरदार 20 वर्ष सरकारी सेवा और 55 वर्ष उम्र पूरा कर लिए उनको सेवानिवृत्ति से 1 माह पहले स्वेच्छा सेवानिवृत्ति का लाभ लेने की सुविधा दी जाए और इनके द्वारा नामित आश्रित को चौकीदार के पद पर नियुक्ति की जाए यह सुविधा बिहार में मार्च 2014 से ही लागू है, झारखंड सरकार के कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक 10 167 दिनांक 1, 12, 2015 की कंडिका 4(4ii) में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति में आश्रित परिवार में पोता को भी जोड़ा जाए आश्रित परिवार में पोता शामिल नहीं रहने के कारण कई जिलों में आश्रित नियुक्ति से वंचित हो रहे हैं और अनुकंपा का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है अनुकंपा के आधार पर होने वाली नियुक्ति में अभ्यर्थियों की परीक्षा लेने पर रोक लगाई जाए कई जिलों में परीक्षा लेने की शिकायत मिली है अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु परीक्षा लेने से अनुकंपा का उद्देश्य पूरा नहीं होगा, वर्दी भत्ता प्रतिवर्ष 10000 दिया जाए और इस बाबत अधिसूचना जारी की जाए कई जिलों में लगभग 10 वर्षों से वर्दी भत्ता नहीं मिला है। अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु नियुक्ति पदाधिकारी जिला स्तरीय उपायुक्त को दिया जाए ताकि अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति का उद्देश्य पूरा हो सके, लोहरदगा जिला में चौकीदारों से भी चुनाव ड्यूटी कराया गया है लेकिन चुनाव भत्ता नहीं दिया गया है जबकि चौकीदारों को अपने क्षेत्र से कोसों दूर दूसरे क्षेत्र में ड्यूटी कराया गया है, अन्य कर्मचारियों को चुनाव भत्ता दिया जाता है तो चौकीदारों को भी चुनाव भत्ता भुगतान कराने का आदेश दिया जाए।

## आठ वर्षीय बच्ची के बलात्कारी इमाम को हो फांसी की सजा : लक्ष्मण बड़ाईक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कोलेबिरा में एक मदरसा में इमाम द्वारा एक नाबालिक का दुष्कर्म की घटना होने पर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की दोषी इमाम को फांसी की सजा होनी चाहिए। जिन पर समाज को दिशा दिखाने की जिम्मेवारी होती है वैसे लोग इस तरह की घटना को अंजाम देते हैं तो यह बहुत ही गंभीर बात है। इसका मैसेज समाज में अच्छा नहीं जाता। साथ ही प्रशासन वैसे लोगों पर भी कार्रवाई करें जो मामले को दबाना चाह रहे थे और रफा-दफा करने के चक्कर में थे। आगे प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा की हेमंत सरकार के साढ़े 3 वर्षों के शासन में झारखंड जंगलराज की ओर बढ़ चला है बहू बेटी सुरक्षित नहीं है। गठबंधन सरकार के गठन के बाद अब तक छ हजार से भी अधिक झारखंड में दुष्कर्म की घटनाएं हो चुकी है। लॉयन ऑर्डर पूरी तरह फेल है उग्रवादियों की घटनाएं बढ़ गई है और मुख्यमंत्री घूमने में अपना समय बर्बाद कर रहे है।

## एनडब्ल्यू जीईएल चर्च सेंट्रल डायोसिस के बिशप निस्तोर कुजूर का संत अगस्तुस उवि किनकेल में हुआ स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** एनडब्ल्यू जीईएल चर्च सेंट्रल डायोसिस के बिशप निस्तोर कुजूर मंगलवार को संत अगस्तुस उवि किनकेल पहुंचे। बिशप के विद्यालय परिसर पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। बिशप का स्वागत करने किनकेल पेरिसर के चैयरमेन अजहर मिंज, कोचेडेगा पेरिसर के चैयरमेन जस्टिन एक्का, सीएनआई चर्च के चेयरमेन मरकस मुखी, जिप सदस्य जोसिमा खाखा पहुंचे थे। सभी ने बिशप का जोरदार तरीके से स्वागत किया। बिशप ने उपस्थित शिक्षकों, बच्चों एवं अभिभावकों को क्रिसमस पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के परिजन भी अपने बच्चों की शिक्षा में अपनी सक्रिय सहभागिता दे। कहा कि बच्चे लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें। नियमित रूप से विद्यालय आएं और अपने शिक्षक, माता पिता के प्रति आदर भाव रखें। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, विधायक प्रतिनिधि प्रदीप केसरी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, मुंस खेस, विजय बेक, शीतल तिर्की, एरिक, मुखिया बसंती लकड़ा, राजेश आदि उपस्थित थे। वहीं पाकरटांड जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि बच्चे हमारा भविष्य हैं, उन्हें बेहतर शिक्षा देने के लिए विधायक भूषण बाड़ा और सरकार द्वारा हर सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। लक्ष्य के बिना मनुष्?य का जीवन व्यर्थ होता है। सभी बच्चे जीवन में एक ही लक्ष्य बनाओ और दिन-रात उसी लक्ष्य के बारे में सोचो। स्वप्न में भी तुम्हें वही लक्ष्य दिखाई देना चाहिए। फिर जुट जाओ, उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए। धुन सवार हो जानी चाहिए आपको। सफलता अवश्य आपके कदम चूमेगी।कहा कि स्कूल प्रबंधक और अभिभावक बेटियों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास करें। क्योंकि बेटियां हमारी आत्मा हैं। इनकी उन्नति ही समग्रता में समाज की उन्नति है।

**उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की हुई समीक्षा बैठक, कहा-**

# मेन्यू के आधार पर स्कूलों में बच्चों को मिले पोषाहार के रूप में अंडा और फल

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने पोषाक वितरण, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण, स्मार्ट शाला, ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर शिक्षक एवं बच्चों उपस्थिति, शिक्षा पदाधिकारीयों का स्कूल भ्रमण, बीआरपी/सीआरपी का स्कूल भ्रमण, पारा शिक्षकों का प्रमाण पत्र जाँच, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, मॉडल स्कूल, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, स्कूल ऑफ एक्सीलेंस एवं जाति प्रमाण पत्र से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2022-23 में जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1-8 तक कुल 48741 विद्यार्थियों की पोशाक वितरण से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप अब तक शत प्रतिशत बच्चों के बैंक खाता में डी.बी.टी. के माध्यम से राशि भुगतान नहीं कराया गया है, जिसके तहत उपायुक्त ने बी.ई.ओ. एवं अकाउंटेंट पर कार्रवाई करते हुए अगले आदेश तक वेतन



स्थगित करने का निर्देश दिया। जिले के जिस भी विद्यालय में रसोईया की रिक्ति स्थान है। उसे 30 दिसम्बर तक सभी विद्यालयों में चयन प्रकिया को पूर्ण कराते हुए अद्यतन प्रतिवेदन समर्पित करे का निर्देश दिया। प्रखंड स्तर पर स्टीयरिंग-सह-मॉनेटरिंग कमिटि की प्रति माह बैठक सुनिश्चित कराने की बात कहीं। वित्तीय वर्ष 2022-23 पूरक पोषाहार की समीक्षा के क्रम उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन मिलने वाले मेनू के आधार पर बच्चों को आहार देने तथा अंडा एवं फल सभी विद्यालयों में बच्चों नियम रूप से उपलब्ध कराने की बात कहीं। साथ ही प्रत्येक दिन बच्चों को मिलने वाले मेनू की शिकायतों हेतु एक टोल फ्री न0 एवं एक विभागीय मोबाइल न0 जारी करते हुए सभी विद्यालयों में दीवाल लेखन कराने का निर्देश दिया। ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर शिक्षकों की उपस्थिति की समीक्षा क्रम में उन्होंने बिना कारण बताये लम्बे समय से अनुपस्थित रहने वालें शिक्षकों पर उसके विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में रिक्ति पदों की नियुक्ति की प्रक्रिया को पूर्ण कराते हुए ससमय खाली पदों को भरने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिया। कक्षा 1 से 12 तक विद्यालय के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की समीक्षा करते हुए कार्य प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिये बैठक में उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर सांगा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बी.ई.ओ., अकाउंटेंट, सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में एससी एसटी एक्ट के तहत हुई समिति की बैठक

**उपायुक्त** सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में एसटी एससी एक्ट के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं समिति के सदस्यों सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा प्रथम एफआईआर के अंतर्गत कुल 02 मामलों पर किए गए कार्रवाई के संबंध में विचार विमर्श करने के उपरांत दो पीड़ितों को प्रथम किस्त की सहायता राशि भुगतान कराने हेतु स्वीकृति दी गई। बैठक में विधायक कोलेबिरा नमन विक्सल कोनगाड़ी, सांसद प्रतिनिधि, आईटीडीए निदेशक, अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, गैर सरकारी सदस्य सहित अन्य मौजूद थे।

## नेहरू युवा केंद्र ने कोचेडेगा में आयोजित की दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा द्वारा प्रखंड सिमडेगा के कोचेडेगा गांव में मंगलवार को दो दिवसीय ग्राम समुह स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया सर्वप्रथम प्रतियोगिता का उद्घाटन ग्राम पंचायत कोचेडेगा की पंचायत समिति सदस्य भगवती देवी, मुखिया शिशिर टोप्पो, प्राचार्य जॉन तोपनो और संजय बा ने संयुक्त रूप से स्वामी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर और फीता काटकर उद्घाटन किया। प्राचार्य ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में खेल का विशेष महत्व है और सिमडेगा जिला पुरे भारत में खेल की वजह से ही जाना जाता है। शिक्षा के साथ साथ खेल कूद के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना बहुत जरुरी है। तत्पश्चात हॉकी का उद्घाटन मैच कोचेडेगा और मांझीटोली के बीच खेला गया, जिसमें मांझीटोली 3-2 से आगे रहा। फुटबॉल का उद्घाटन मैच स्वामी विवेकानंद युवा क्लब कटुकोना और स्वामी विवेकानंद युवा क्लब लुकीबहार के बीच खेला गया जिसमें लुकीबहार 1-0 से आगे रहा। प्रतियोगिता राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सुषमा प्रधान और पुनीता मिंज के देखरेख में किया गया। प्रतियोगिता के आयोजन में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नितेश साय, सौरव बड़ाईक, युवा मंडल अध्यक्ष प्रमोद किन्डो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सम्पादक की कलम से...

## आधी-आबादी को मिले सम्मान

**झारखंड में अभी कुछ दिनों के अन्दर कांग्रेस नेतृत्व ने दो बड़े फैसले लिए हैं। छह वर्षों के बाद प्रदेश कमिटी की घोषणा की गयी है और इससे पहले जिलाध्यक्षों की घोषणा हुई थी। प्रदेश कार्यसमिति में गौर करें तो पूरी कमिटी में महज 18 महिलाओं को जगह मिली है जबकि एक भी जिला में अध्यक्ष बनने के काबिल महिला कांग्रेस पार्टी को नहीं मिली। कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर हो या प्रदेश स्तर पर हमेशा आधी आबादी को सम्मान देने का दंभ भरती है। याद करें यूपी विधानसभा चुनाव का समय जब पार्टी की तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा था कि संगठन से लेकर सरकार में महिलाओं को 40 प्रतिशत भागीदारी मिलेगी। उन्होंने यहां तक कहा था कि सरकार बनी तो सरकारी पदों में भी 40 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दिया जायेगा। लेकिन जब महिलाओं को सम्मान देने की बात आती है तो सबसे ज्यादा हासिये पर कांग्रेस पार्टी में आधी आबादी को ही रखा जाता है। पूरी कमिटी में महज 18 महिलाओं को जगह मिली है जबकि एक भी जिला में अध्यक्ष बनने के काबिल महिला कांग्रेस पार्टी को नहीं मिली। पिछले दिनों कांग्रेस पार्टी ने जो प्रदेश कमिटी की घोषणा की है उसमें 11 उपाध्यक्ष, 35 महासचिव, 82 सचिव और 33 लोगों में को कार्यकारिणी समिति में रखा गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष में एक भी महिला को जगह नहीं मिली है। महासचिव पद पर तीन महिलाओं को जगह दी गयी है। कांग्रेस के 18 विधायक हैं। अलग राज्य बनने के बाद इनके सर्वाधिक विधायक वर्तमान विधानसभा में हैं, जिनमें 5 महिला विधायक हैं लेकिन एक को छोड़कर अन्य महिला विधायकों को प्रदेश कमिटी में जगह नहीं मिली है। जबकि आमतौर पर यह देखा गया है कि कार्यकारिणी समिति में विधायकों और पूर्व विधायकों को जगह दी जाती है। झारखंड में महागठबंधन की सरकार बनी थी तो उस समय यह तय हुआ था कि चार विधायकों पर एक मंत्री पद दिया जायेगा। इसी फोमुले पर कांग्रेस को 4 मंत्रिपद मिले। उस समय कांग्रेस में 4 महिला विधायक थी लेकिन हेमंत मंत्रिमंडल में कांग्रेस ने एक भी महिला विधायक को मंत्रिपद नहीं दिया। लगातार यह मांग उठती रही मगर कांग्रेस नेतृत्व चुप्पी साधे रही। बाद में कांग्रेस में एक महिला विधायक और हुई। उस समय कहा यह जा रहा था कि कांग्रेस पार्टी सरकार में आधी आबादी को प्रतिनिधित्व देगी। ऐसा नहीं हुआ। जाहिर है कि आधी आबादी को 40 प्रतिशत भागीदारी देने की बात कांग्रेस पार्टी की सिर्फ एक छलावा है। कम से कम झारखंड में तो ऐसा नहीं दिख रहा है। यह एक ऐसा सवाल है जिसका जवाब कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को देना चाहिए। आधी आबादी को सम्मान देने की बात तो की जाती है लेकिन ऐन मौके पर यह चुप्पी आम आदमी की समझ से बाहर है। आखिर कथनी और करनी की स्पष्टता होनी ही चाहिए। कारण झारखंड में महिला कांग्रसी की कोई कमी नहीं हैं। आधी आबादी को सम्मान देकर ही इस राज्य में कांग्रेस अपनी खोई जमीन को वापस ला सकती है। ऐसे में इस महत्वपूर्ण विषय पर सोचने की जरूरत है। कारण अभी कांग्रेस झारखंड में अच्छी स्थिति में नजर नहीं आ रही है।**

### आज का इतिहास

**1910** : डॉ. राममनोहर लोहिया का उत्तर प्रदेश के फैजाबाद जिले में जन्म।
**1931** : भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान क्रांतिकारी भगत सिंह और उनके साथियों राजगुरु तथा सुखदेव को फांसी दी गई।
**1956** : पाकिस्तान दुनिया का पहला इस्लामिक गणतंत्र बना।
**1890** : रामचंद्र चटर्जी पैराशूट से उतरने वाले पहले व्यक्ति बने।
**1893** : चटगांव विद्रोह का सफल नेतृत्व करने वाले महान क्रांतिकारी सूर्य सेन का जन्म।
**1568** : फ्रांसीसी युद्धों के दूसरे चरण को समाप्त करने के लिए लॉन्गजुमाऊ की शांति संधि पर हस्ताक्षर किये गए थे।
**1994** : रॉबर्ट एफ केनेडी, जूनियर ने एमिली ब्लैक को तलाक दिया।
**2007** : ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन ने विश्वकप का सबसे तेज शतक बनाया।
**2008** : पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता युसुफ रजा गिलानी को पाकिस्तान का नया प्रधानमंत्री चुना गया।
**2008** : भूटान में पहला आम चुनाव हुआ। जिसमें जिग्मे थिनले के नेतृत्व वाली भूटान पीस एंड प्रॉस्पेरिटी पार्टी को चुनाव में 47 में से 45 सीटें मिली।
**2011** : केन्या ने अफ्रीका कार्बन एक्सचेंज खोला।
**2013** : पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान में एक सैन्य चौकी पर हुये आत्मघाती हमले में 17 सैनिक मारे गये।
**1880** : स्वतंत्रता सेनानी बसंती देवी का जन्म।
**1888** : इंग्लैंड में दुनिया की सबसे पुरानी पेशेवर एसोसिएशन फुटबॉल लीग द फुटबॉल लीग, की स्थापना।
**1917** : रूस की नयी सरकार को मान्यता देने वाला अमेरिका पहला देश बना।
**1942** : सर स्टैफोर्ड क्रिप्स के नेतृत्व में क्रिप्स मिशन भारत आया।
**1969** : इंडियन पेट्रोकेमिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड का उद्घाटन।
**1977** : इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दिया।
**1958** : सोवियत संघ ने नोवाया जेमलया में परमाणु परीक्षण किया।
**1979** : इजरायल की संसद ने मिस्र के साथ शांति संधि को मान्यता दी।

# फीफा कप को किसने जोड़ा मजहब से

कतर में चल रहे फीफा विश्व कप में लगातार उलटफेर हो रहे हैं। यह ही एक ऐसा खेल है जिसमें अच्छी क्वालिटी के खेलों का रोमांच बढ़ता है जब नतीजे अप्रत्याशित आते हैं। कमजोर समझी जाने वाली टीमें भी बड़ी शक्तिशाली टीमों को परास्त कर देते हैं। पर चालू फीफा कप को इसलिए भी याद रखा जाएगा कि लगातार इस विश्व कप की इस्लामीकरण करने की कोशिश ही होती रही। यह जब आरंभ हुआ तो इस बात को जरूरत से ज्यादा महिमामंडित किया गया कि इसका आयोजन एक इस्लामिक देश कर रहा है। फिर नॉकआउट राउंड में स्पेन को हराने के बाद पहली बार क्वार्टर-फाइनल में पहुंची मोरक्को टीम के खिलाड़ियों ने फिलिस्तीनी झंडे के साथ जीत का जश्न मनाया। मैच में मोरक्को ने स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में 3-0 से हराया था। मोरक्को की स्पेन पर जीत पर हमारे यहां भी बहुत से लोग इस तरह से खुश हो रहे थे मानो कि उनका मुल्क मोरक्को ही हो, पर यहाँ फिलिस्तीनी या पाकिस्तानी झंडे के साथ जश्न नहीं मनाया जा रहा था। देखिये, खेल और खिलाड़ी देश की सीमाओं से परे हैं। मोहम्मद अली, दादा ध्यान चंद, सचिन तेंदुलकर या रोज फेडरर को किसी देश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता। ये सही माने में विश्व नागरिक हैं। पर किसी खिलाड़ी या टीम को उसके मजहब के कारण पसंद करना या उसे चीयर करना समझ से परे है। इस बार यह बार-बार हुआ। सारी दुनिया ने इस बार फीफा कप के इस्लामीकरण करने की कोशिशों को तब भी देखा था जब सऊदी अरब को अर्जेंटीना की टीम पर ऐतिहासिक जीत मिली थी।

सऊदी अरब की जीत पर हमारे देश के कुछ खास उत्साही लोग भी इतरा रहे थे। जैसे कि हम पहले कह चुके हैं कि आप श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए,किसी भी खिलाड़ी या टीम को चीयर कीजिये। इसमें कतई गलत नहीं है। पर कतर, सऊदी अरब तथा मोरक्को के हक में इसलिए, खुश होना कि ये इस्लामिक देश हैं,कतई सही नहीं माना जा सकता। यानी आप खेल भावना को समझ ही नहीं सके। आपको ब्राजील, फ्रांस,सेनेगल,स्पेन हॉलैंड जैसी टीमों के उत्कृष्ट प्रदर्शन में कुछ भी विशेष दिखाई नहीं दिया। आप अर्जेंटीना के मेसी की ड्रिबलिंग या फ्रांस के चमत्कारी फारवर्ड कायलियन एमबापे से प्रभावित नहीं हुए। भारत के करोड़ों फुटबॉल प्रेमी परंपरागत रूप से ब्राजील और अर्जेंटीना की टीमों के कलात्मक खेल को पसंद करते हैं। कुछ साल पहले तक तो भारत में सिर्फ ब्राजील की टीम को ही चीयर किया जाता था। भारत में ब्राजील के पेले और अजेर्टीना के सुपर स्टार डिएगो माराडोना को करोड़ों खेल प्रेमी अपना नायक मानते हैं। ये जब भी भारत आए तो इनका गर्मजोशी से स्वागत हुआ। मुझे याद है पेले 2015 में दिल्ली में सुब्रतो कप के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि थे। पेले ने फाइनल मैच का पूरा आनंद लिया था। उन्हें देखने के लिए अंबेडकर स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था। उन्होंने फाइनल मैच के बाद एक खुली जीप पर सारे स्टेडियम का चक्कर लगाकर दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया था। पेले ने वहां पर मौजूद दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा था, 'मैं सुब्रतो कप में हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। मुझे भारत के युवा फुटबॉल खिलाड़ियों से मिलकर बहुत अच्छा लगा।' वे उम्रदराज होने पर भी बिल्कुल फिट लग रहे थे। उस यादगार दिन अंबेडकर स्टेडियम में पेले को देखने के लिए हजारों फुटबॉल प्रेमी पहुंचे थे। उन्हें चाहने वाले उन्हें इसलिए नहीं पसंद कर रहे थे क्योंकि वे किसी खास देश या धर्म से संबंध रखते हैं। यह ही होना भी चाहिए। लेकिन, फीफा कप के दौरान तो सारी दुनिया कुछ अलग ही मंजर देख रही है। फीफा आयोजन समिति भी निकम्मी साबित हो रही है कि वह मूक दर्शक बनी हुई है। उसकी तरफ से तब भी कोई आपत्ति दर्ज नहीं हुई थी जब कतर में कठमुल्ला जाकिर नाईक भी पहुंच गया था। उसका लक्ष्य सिर्फ अन्य धर्म के लोगों को इस्लाम में धर्मांतरण करवाना रहता है। वे इस्लाम से इतर सभी धर्मों का लगातार अपमान करता है, नीचा दिखाता है और खिल्ली उड़ाता रहता है। वह भारत से भागा हुआ अपराधी है। उस पर भारत में तमाम गंभीर आरोपों में केस चल रहे हैं। एक बार वह भारत आया तो फिर जीवन भर जेल की सलाखों के पीछे ही रहेगा। फीफा आयोजन समिति को कायदे से कतर सरकार को कसना चाहिए था कि उसने इतने बड़े आयोजन से पहले आखिरकार इस बदनाम जाकिर नाईक को अपने देश में आमंत्रित किया ही क्यों? इसका उद्देश्य क्या था? बहरहाल, भारत में जो लोग फीफा कप के एक अलग चश्मा पहनकर देख रहे हैं उन्हें कभी वक्त मिले तो वे यह जान लें कि दुनिया के इस्लामिक राष्ट्रों में कितना आपसी प्रेम है। अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद भयंकर हाहाकार मचा हुआ है। वहां से ज्यादातर स्थानीय अफगानी नागरिक भी अपना देश छोड़कर कहीं और जाकर बसना चाह रहे हैं। उन्हें अफगानिस्तान में अब अपने बीबी बच्चों के साथ एक मिनट भी रहना सुरक्षित और सही नहीं लग रहा है। अफगानिस्तान में सरेआम कत्लेआम चालू है। पर अफगानिस्तान के मुसलमानों को इस्लामिक देश अपने यहां शरण देने के लिए तैयार तक नहीं हैं। दुनिया के इस्लामिक देशों के अपने को नेता मानने वाले पाकिस्तान, सऊदी अरब तथा तुर्की जैसे देश पूरी तरह चुप हैं। पाकिस्तान का काला चेहरा खुलकर सामने आ रहा है। उसने अपनी अफगानिस्तान से लगने वाली सरहदों पर भरपूर सेना को तैनात कर दिया है। पाकिस्तान कह रहा है कि हमारे यहां तो पहले से ही लाखों अफगानिस्तान के शरणार्थी हैं। हम अब और नहीं लेंगे। तो फिर पाकिस्तान अपने को सारी दुनिया के मुसलमानों का रहनुमा क्यों मानता है। फिर उसने तख्तापलट में तालिबानियों का सहयोग क्यों किया ? अफगानिस्तान संकट के बहाने पाकिस्तान के दोहरे चरित्र को समझना आसान होगा। पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के मुसलमानों के हक के लिए सारी दुनिया के मुसलमानों का आये दिन खुलकर आह्वान करता है। वह संयुक्त राष्ट्र से लेकर तमाम अन्य मंचों पर भारत को घेरने की कोशिशों में भी नाकाम रहता है। पर पाकिस्तान यह तो बताएं कि वह क्यों नहीं अफगानिस्तान के मुसलमानों को अपने यहां शरण देता? क्या कुछ हजार मुसलमान और आने से पाकिस्तान नष्ट हो जायेगा? 57 इस्लामिक देशों का संगठन इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) भी पूरी तरह नकारा ही साबित हुआ है। ये संकट में भी एक-दूसरे के लिए खड़े नहीं होते हैं। रोहिंग्या मुसलमानों को शरण देने का ही मसला ले लें। म्यांमार के सबसे करीबी पड़ोसी बांग्लादेश ने भी रोहिंग्या मुसलमानों को लेने से मना कर दिया था। सीरिया या इराक में मुस्लिमों द्वारा मुस्लिमों को मारने का कभी भी विरोध नहीं किया जाता। ओआईसी के सदस्यों में भी तनातनी रहती ही है। ईरान-सऊदी अरब एक-दूसरे के जानी-दुश्मन हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश में छत्तीस का आंकड़ा तो सबको पता ही है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान भी एक-दूसरे के शत्रु हैं। इसके बावजूद भारत के सहारनपुर से दरभंगा में रहने वाले कुछ लोगों को कतर, सऊदी अरब और मोरक्को में अपना अक्स नजर आता है। **(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

> फीफा आयोजन समिति को कायदे से कतर सरकार को कसना चाहिए था कि उसने इतने बड़े आयोजन से पहले आखिरकार इस बदनाम जाकिर नाईक को अपने देश में आमंत्रित किया ही क्यों? इसका उद्देश्य क्या था? बहरहाल, भारत में जो लोग फीफा कप के एक अलग चश्मा पहनकर देख रहे हैं उन्हें कभी वक्त मिले तो वे यह जान लें कि दुनिया के इस्लामिक राष्ट्रों में कितना आपसी प्रेम है। अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद भयंकर हाहाकार मचा हुआ है।

**■ आर.के. सिन्हा**

## तमाशा

बाबा आपके बचपन में तो आज की तरह स्मार्टफोन, मल्टीप्लेक्स थियेटर तो नहीं हुआ करते थे। फिर आपका मनोरंजन कैसे होता था? बिटिया ने पूछा। पिता ने उसकी ओर देखा और कहा, बिटिया इंसान बड़ा जुगाड़ू होता है। वह दौर नहीं देखता। मन का मौज देखता है। ज्यादातर घर के बाहर वाले खेल हुआ करते थे। कभी गिल्ली-डंडा तो कभी लंगड़ी टांग, कभी कंचे तो कभी छुपन छुपाई का खेल, खेल लिया करते थे। बड़ा मजा आता था। उछलते-कूदते, धूम मचाते बदन को थका देते थे। कभी बदन पर चर्बी नहीं जमती थी। सच कहें तो हम अपने जमाने में खिलौनों से खेलते थे। अब खिलौना हमसे खेलने लगा है। वह कैसे बाबा? बिटिया की भोली-भाली उत्सुकता देख बाबा हँस पड़े। बोले, यह जो मोबाइल देख रही हो, एक खिलौना ही तो है। इसे हमने बनाया, लेकिन आज यह हमें बना रहा है। हम इसके गुलाम हो गये हैं। हमारे समय में यह नहीं था। हम बड़े खुश थे। अपनी मर्जी के मालिक। बिटिया ने कहा, यह तो ठीक है। उस समय मल्टीप्लेक्स नहीं थे। उसका क्या? बिटिया हमारे जमाने में मदारी और जमूरे का खेल हुआ करता था। सड़क के बीचोंबीच मदारी जमूरे के साथ शुरू हो जाता था। हाथ से डमरु बजाता और कहता, डुग डुग-डुग डुग-डुग डुग-डुग डुग-डुग डुग...मेहरबान कदरदान साहिबान...कुर्सी का खेल देखिये, खेल की धार देखिये। मुँह से टपकती लार देखिये, उस पर वक़्त की मार देखिये। जमूरा हाज़िर है मेहरबान, बच्चे-बूढ़े, कमसिन और जवान। 'घडी' देखते रहिये साहिबान...जमूरा अब खेल दिखायेगा! आन 'हथेली' पे रखेगा साहिबान। दांव पे अपना मान लगा देगा आपको खुश करने के लिए,जमूरा अपनी जान लगा देगा ! नाच-नाच कर मनोरंजन करेगा, आपकी हँसी न छूटी, तो अपनी उंगली से, आपके दाँतों में मंजन करेगा। तो बजाओ ताली। डुग-डुग डुग-डुग डुग-डुग डुग। पिता ने हाव-भाव के साथ मदारी-जमूरे का तमाशा सुनाया। लेकिन बाबा अब तो ऐसे तमाशे दिखायी नहीं देते। ऐसा क्यों? बिटिया ने पूछा। देखो बिटिया! जमूरा तो ठहरा एक जानवर। हमारी तरह उसका भी मान-सम्मान है। हमारी तरह वह भी सांस लेता है। हमारी तरह उसको भी दर्द होता है। आजकल जानवरों के लिए कई कानून बन गए हैं। अब जानवर की इज्जत इंसानों से ज्यादा होने लगी है। इसीलिए जानवरों पर जुल्म ढाना अपराध माना गया है। पिता ने बिटिया को समझाया। तो क्या बाबा हमारी पीढ़ी मदारी-जमूरे का तमाशा कभी नहीं देख पायेगी? बिटिया ने निराश होते हुए पूछा। निराश मत हो बिटिया! कौन कहता है मदारी-जमूरे का तमाशा खत्म हो गया? अब तो यह तमाशा बड़े धड़ल्ले से राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रहा है। अंतर केवल इतना है कि अब जानवर नहीं इंसान करता है। यकीन न हो तो शाम को कोई भी समाचार चैनल खोलकर बैठ जाओ। तरह-तरह के जमूरे अपने मदारियों के इशारे पर उछल-कूद करते हुए नजर आयेंगे। आज भी मदारी की डुगडुग पर जमूरे तमाशा दिखाने के लिए जान हथेली पर लिए तैयार रहते हैं। तुमने देखा नहीं उस दिन किस तरह एक जमूरे ने दूसरे जमूरे पर चिल्ला-चिल्लाकर दुनिया से छुट्टी कर दी थी। बिटिया यहाँ तो सिर्फ तमाशा ही तमाशा है। अभी तो मोल भाव होगा ! एक अदद कुर्सी के लिए कई तशरीफों का टकराना होगा। यहाँ हर कोई तमाशबीन है। इसलिए हर हाल में मदारी के इशारे पर जमूरे को नाचना होगा। जब तक ताली बजेगी तब तक मदारी का डुग-डुग चलता रहेगा।

**■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

## कुछ खट्टा कुछ मीठा

कौन जीता? कौन हारा? कौन गया मारा? सभी 'कुछ कुछ' जीते और सभी 'कुछ कुछ' हारे! सभी 'एक्जिट पोल' यानी मतदान बाद सर्वे 'लगभग' जीते और सभी मतदान बाद सर्वे 'लगभग' हारे! अगर हमारे शब्दकोश में 'लगभग' और 'कुछ कुछ' शब्द न हों, तो हमारा काम न चले! एक बोले कि 'ठेकेदार' हारे। दूसरे बोले कि 'अहंकार' हारा। तीसरा बोला कि 'रिवाज' जीता! कुछ विश्लेषकों के अनुसार, कहीं जीता 'विकास', कहीं जीती 'रेवड़ी' और कहीं जीती 'पुरानी पेंशन योजना'! जिन्होंने बंद की पेंशन, वही कहने लगे कि हम देंगे पुरानी पेंशन! कैसी गजब की राजनीतिक कलाबाजी और क्या गजब का 'पेंशन का अर्थशास्त्र'! एक ने कहिन कि हम दिल्ली जीतन, दूसरे कहिन कि हम भी दिल्ली 'जीतन'! पहला 'जीतन' बोला कि सर्वाधिक सीट हम 'जीतन', तो हारा हुआ बोला कि वोट फीसद में सर्वाधिक फीसद हम ही 'जीतन'! प्रवक्ताओं की चुनौती कि अपनी हार को जीत कैसे सिद्ध करें और दूसरे की जीत को हार कैसे बताएं और कुछ नहीं तो हार को अपनी 'नैतिक जीत' कैसे जताएं! कभी 'हारे को हरिनाम' हुआ करता था और मन को समझा लिया जाता था, लेकिन आज हारा हुआ भी अपने को येन-केन जीता हुआ दिखाता है! क्या कर सकते हैं आप? इन दिनों दलों के दिल इतने छोटे हो गये हैं कि उनके प्रवक्ता अपने रकीब की जीत पर दिल खोल कर बधाई तक नहीं दे पाते! एक विश्लेषक ने बताया कि इन चुनावों का एक ही सबक है कि 'कांग्रेस' को कम न समझना और 'आप' को भी कम न समझना! सच! 'जहां काम आवै सुई कहा करे तलवार!'

**■ सुधीश पचौरी**

### धर्म दर्शन

## श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

वनमें अपने आश्रम में उन्होंने धर्म, वायु, इन्द्र तथा दोनों अश्विनीकुमारोंसे पाँच क्षेत्र पुत्रोंको पाँच पाण्डवोंके रूपमें उत्पन्न कराया। धर्म, वायु तथा इन्द्रसे उत्पन्न हुए युधिष्ठिर, भीमसेन तथा अर्जुन- ये कुन्तीपुत्र कहे गये हैं। इसी तरह नकुल तथा सहदेव-ये दोनों माद्रीके पुत्र हुए ॥ 35-36 ॥

एक दिन महाराज पाण्डु एकान्तमें माद्रीका आलिंगन करके पूर्वशापके कारण मृत्युको प्राप्त हो गये। तत्पश्चात मुनियोंने उनका दाह-संस्कार किया और माद्री सती होकर पतिके साथ प्रज्वलित अग्निमें प्रविष्ट हो गयी और पुत्रोंसे युक्त कुन्ती वहीं स्थित रह गयी। तत्पश्चात मुनिलोग पतिविहीन उस दुःखित शूरसेन पुत्री कुन्तीको उसके पुत्रोंसहित हस्तिनापुर ले आये और उसे भीष्म तथा महात्मा विदुरको सौंप दिया। यह सुनकर मैं उन पाण्डुपुत्रोंके कारण सुख- दुःखसे पीड़ित हो गया। पाण्डुके ये पुत्र हैं-ऐसा सोचकर भीष्म, मतिमान विदुर तथा धृतराष्ट्र प्रेमपूर्वक उनका पालन-पोषण करने लगे ॥ 37-41 ॥

धृतराष्ट्रके दुर्योधन आदि जो क्रूर हृदयवाले पुत्र थे, वे एक समूह बनाकर उनका घोर विरोध करने लगे। तत्पश्चात द्रोणाचार्य वहाँ आये और भीष्मने उनका सम्मान किया। उन्होंने पुत्रोंको धनुर्विद्याकी शिक्षा देनेके लिये उन्हें उसी पुरमें रख लिया ॥ 42-43 ॥

कुन्तीने उत्पन्न होते ही जब कर्णका परित्याग कर दिया तब अधिरथ नामक सूतने नदीमें बहते हुए उस कर्णको पाया और उसका पालन-पोषण किया। सर्वश्रेष्ठ वीर होनेके कारण कर्ण दुर्योधनका प्रिय हो गया। बादमें भीम तथा दुर्योधन आदिमें परस्पर विरोध भाव उत्पन्न हो गया ॥ 44-45 ॥

बालक तब धृतराष्ट्रने अपने पुत्रों तथा उन पाण्डवोंके परस्पर संकटका विचार करके तथा उनके विरोध-भावको समाप्त करनेके उद्देश्यसे वारणावत नगरमें महात्मा पाण्डवोंको बसानेका निश्चय किया ॥ 46-47 ॥

द्रोहके कारण दुर्योधनने अपने मित्र पुरोचनको वहाँ भेजकर दिव्य लाक्षागृहका निर्माण करा दिया ॥ 48 ॥

हे मुनिश्रेष्ठ! तत्पश्चात कुन्तीसहित उन पाण्डवोंके उस लाक्षागृहमें दग्ध हो जानेका समाचार सुनकर उनके प्रति पौत्र-भाव होनेके कारण मैं दुःखके सागरमें डूब गया और उस निर्जन वनमें उन्हें दिन- रात खोजता हुआ अति शोकसन्तप्त रहता था। तभी मैंने दुःखके कारण अत्यन्त दुर्बल उन पाण्डवोंको एकचक्रा नगरीमें देखा। उन पाण्डवोंको देखकर मेरे मनमें अत्यधिक प्रसन्नता हुई और मैंने उन्हें तुरंत महाराज द्रुपदके नगरमें भेज दिया ॥ 49-51 ॥

- क्रमशः

### संपादक के नाम पाठकों की पाती

## फुटपाथ की दुकानें स्थायी हो

शहर में कई जगहों पर विशेष नाम से पहचान है। यहां पर स्थायी दुकानें नहीं,बल्कि फुटपाथ पर ही दुकानें लगती है। जैसे। घासपट्टी,घड़ा पट्टी,लोहा पट्टी, दौरी पट्टी, गुड़ पट्टी, बताशा पट्टी इत्यादि इन सब की दुकानें एक आध को छोड़ दें, तो सभी सड़क पर ही लगती है। इन दुकानों को एक जगह अगर व्यव्यस्थित तरीके से लगाने की व्यवस्था अगर नगर निगम करें,तो बरसात व अन्य मौसम में इन्हें सामग्री बेचने में सुविधा होगी। साथ ही इनके खरीदार भी आसानी से यहां पहुंचकर अपनी पंसद की सामग्री खरीद सकते हैं। इन सभी की दुकानें बरसात के समय में हटा ली जाती है। वहीं अभी अतिक्रमण के द्वारा सब्जी विकेताओं को रोड से हटा दिया गया। जिससे सब्जी विक्रेताओं की बिक्री प्रभावित हुई है। कोरोना काल में भी सब्जी विक्रेताओं को शिवजी मैंदान में रखा गया था। लेकिन शहर से दूर होने के कारण लोगों को सब्जी खरीदने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। मै लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से नगर निगम का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि इन सब्जी विक्रेताओं के लिए स्थायी समाधान निकाला जाय और इन्हे स्थायी रूप से दुकान दिया जाय। ताकि शहर का विकास हो सब्जी बाजार को दुसरे जगहों पर शिफ्ट होने से शहर का विकास होगा। इस तरह दुकानों को एक जगह स्थायीरूप दुकान दिया जाये, जिससे की वे हर मौसम में अपनी सामग्री बेच सकें और इससे ग्राहकों को भी सुविधा होगी।

**■ आदर्श कुमार, मेदिनीनगर।**

# गुलामी के दरवाजे पर दस्तक देता वर्तमान


देश के अधिकांश नागरिकों की राष्ट्रवादी सोच अभी तक पुष्ट नहीं हो सकी है। गुलामी की मानसिकता, स्वार्थ सिध्द का लक्ष्य और व्यक्तिगत चाहत के समुच्चय से बना त्रिशूल मां भारती की छाती को निरंतर जख्म दे रहा है। अतीत की वास्तविक उपलब्धियों को नजरंदाज करने वाले नागरिकों ने जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा के आधार पर ही हाल में सम्पन्न हुए निर्वाचन में मतदान किया है। तुलनात्मक अध्ययन को हाशिये पर छोड़कर प्रत्याशी से व्यक्तिगत संबंधों को तौला गया, व्यक्तिगत हित देखे गये और भविष्य के लाभ की संभावनायें तलाशी गईं। राष्ट्र, राज्य और समाज की कीमत पर स्वार्थपूर्ति स्वीकारने वालों ने अपने वोट से प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कर दिया। उनका चुना गया प्रतिनिधि अपनी पार्टी के प्रत्येक आदेश पर हाथ उठाने का ही काम करेगा। उसे पार्टी की नीतियों, रीतियों और प्रस्तावों पर केवल और केवल सहमति प्रगट करने वाली कठपुतली ही बनना पडेगा। ऐसे में छोटे-मोटे व्यक्तिगत हितों को पूरा करने के अलावा उसके हाथ में क्षेत्र का भाग्य बदलना कदापि नहीं होगा, राज्य या देश की किस्मत लिखना तो दूर की बात है। राजनैतिक पार्टियों की सोच उसकी कथनी-करनी की समानता के मापदण्ड से तौली जाती है। राष्ट्रवादी सोच का ढकोसला करने वाले दल कभी जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के टुकडे-टुकडे गैंग के साथ खडे हो जाते हैं तो कभी खालिस्तान का झंडा लेकर हिमाचल में उत्पात मचाने वालों पर कार्यवाही होने पर जबाबी प्रतिक्रिया व्यक्ति करते है। कहीं एक परिवार का गुलाम बनकर लाभ लेने की मानसिकता मुस्कुराती है तो कहीं जातिवाद का जहर कुछ लोगों में खून बनकर दौडने लगता है। संकुचित मानसिकता में डूबे लोगों की सोच व्यक्तिगत हितों को दायरे से बाहर निकल ही नहीं रही है। जब नागरिकों को स्वाधीनता देने वाला संविधान ही नहीं रहेगा, सभी धर्मो को सम्मान देने की स्थिति ही नहीं रहेगी, एक वर्ग विशेष के अपने नियम-कानून थोपे जायेंगे तब लोगों के पास जीवन की रक्षा हेतु केवल चाटुकारिता, पराधीनता और सत्ता को स्वीकारोक्ति देने का एकमात्र मार्ग ही शेष बचेगा। स्वाधीनता के बाद से निरंतर लम्बे समय तक एक वर्ग विशेष के तुष्टीकरण के बाद पुष्टीकरण तक पहुंचाने वालों ने गणतंत्र की जडों में मा ही पिलाया है। उन्होंने गोरों के रिमोड पर चलते हुए दूरगामी नीतियां निर्धारित की और देश को एक धर्म विशेष के हाथों में सौपने के सपने को साकार करने वाला संविधान थोप दिया, तब देश का आम आवाम सोता रहा। आपातकाल में एक धर्म विशेष के अनुयायियों को ही नसबंदी के माध्यम से सीमित किया गया, तब भी देश का आम आवाम सोता रहा। उसके पहले जब सोमनाथ पर बाह्य आक्रान्ताओं ने आक्रमण किया, तब भी देश का आम आवाम सोता रहा। जब विदेशी आक्रमणकारियों से सैनिक जूझ रहे थे, तब भी देश का आम आवाम सोता रहा और आज जब कुछ राज्यों के चुनावों के परिणाम सामने हैं तो लगता है कि कुछ जगह आज भी देश का आम आवाम सो रहा है। देश का वो सोते रहने वाला आम आवाम शायद देश को एक बार फिर टुकडों में विभक्त होते देखना चाहता है, पुनः गुलामी के बंधन में तडफता देखने की चाहता है या फिर चाहता है धार्मिक कानूनों की बंदिशे। सत्ताधारी पार्टी के सकारात्मक कार्यों को भी प्रश्नवाची चिन्हों से रंगने वाला विपक्ष वास्तव में विपक्ष नहीं होता बल्कि सत्ता हासिल करने की इच्छा से कार्य करता है। सत्य का विपक्ष असत्य ही हो सकता है और जो असत्य का पक्षधर हो उसे स्वार्थी विपक्ष कहना अतिशयोक्ति न होगी। मुफ्तखोरी की आदतें डालने वाली पार्टियां निश्चय ही अपनी निकम्मी जनता के पेट में मेहनतकश लोगों का खून डालकर उन्हें संतुष्ट करना चाहतीं हैं। मौन रहकर जुल्म को सहने के कारण ही गुलामी की जंजीरें हमारे गले में बांध दी जातीं हैं। सुभाष, आजाद, बिस्मिल जैसों को फांसी दिलने वालों की पार्टियों में आज भी आधुनिक जयचन्दों की फौज भर्ती हो रही है।

**■ डा. रवीन्द्र अरजरिया**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातु, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## न्यूज गैलरी

### काशी तमिल संगम के समापन समारोह में शामिल होंगे गृह मंत्री



**वाराणसी (एजेंसी)।** गृहमंत्री अमित शाह 16 दिसंबर को वाराणसी आयेंगे। गृहमंत्री शहर में प्रवास के दौरान काशी तमिल संगमम के समापन समारोह में शामिल होंगे। उनके साथ केन्द्रीय पर्यटन मंत्री भी समारोह के साक्षी बनेंगे। माना जा रहा है कि काशी में मौजूदगी के दौरान गृहमंत्री निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा के प्रदेश और काशी क्षेत्र के पदाधिकारियों से जानकारी लेंगे। चुनाव में पार्टी की जीत को लेकर पदाधिकारियों व जन प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा निर्देश देंगे। भाजपा की क्षेत्रीय इकाई उनकी बैठक को लेकर तैयारी में जुट गई है। क्षेत्रीय अध्यक्ष महेशचंद्र श्रीवास्तव ने गृहमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए मंगलवार को मंडल स्तर की बैठक भी बुलाई है। इसमें 14 दिसम्बर को जिले के 21 तथा महानगर के 13 मंडलों में बैठकें होंगी। इसमें हर बूथ से कम से कम पांच कार्यकर्ताओं को आने को कहा गया है। इन बैठकों में मंडल प्रभारी, पालक तथा महानगर के प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे। काशी क्षेत्र के अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संदेश दिया कि काशी की गरिमा के अनुरूप जिस प्रकार काशी तमिल संगमम के उद्घाटन सत्र में काशी के सांसद व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को सफल बनाया, उसी प्रकार 16 दिसम्बर के समापन सत्र को भी यादगार बनाना है।

### एपीजे कोलकाता साहित्य महोत्सव 12 जनवरी से




**कोलकाता (एजेंसी)।** एपीजे कोलकाता साहित्य महोत्सव (एकेएलएफ) के 14वें संस्करण का आयोजन आगामी12 से 15 जनवरी तक भारतीय संग्रहालय की साझेदारी में किया जाएगा। एपीजे सुरेंद्र ग्रुप और ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर्स ने मंगलवार को यह घोषणा की। कोरोना महामारी के कारण लगातार दो संस्करणों के लिए ऑनलाइन होने के बाद एकेएलएफ का 14वां संस्करण अपने भौतिक स्वरूप में वापस आ गया है। यह सभी के लिए नि:शुल्क है। एक सौ साल पुराने ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर द्वारा आयोजित एकमात्र साहित्य महोत्सव है। इस महोत्सव में जानी-मानी लेखिका एलिस वॉकर शामिल होंगी। एपीजे सुरेन्द्र समूह की निदेशक प्रीती पाल ने कहा, हम एकेएलएफ 2023 में ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर की शताब्दी मनाने वाले हैं। जो पुस्तक प्रेमियों का इंतजार समाप्त करेगा। मुझे खुशी है कि दो साल के वर्चुअल संस्करण के बाद, एपीजे कोलकाता साहित्य महोत्सव शानदार विरासत संस्थान, भारतीय संग्रहालय के साथ साझेदारी में भौतिक स्वरूप में लौट रहा है। भारतीय संग्रहालय के निदेशक अरिजीत दत्ता चौधरी ने कहा, भारतीय संग्रहालय हमारे देश का सबसे पुराना और सबसे बड़ा संग्रहालय है। बहु-विषयक गतिविधियों वाला यह बहुउद्देशीय संस्थान राष्ट्र का गौरव है।

### संसद पर हुए हमले में शहीद जवानों को मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि



**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2001 में संसद पर हुए आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने ट्वीट किया है कि देश आपके बलिदानों को कभी नहीं भूलेगा। इसके साथ ही गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर की जयंती पर भी उन्हें याद किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि आज ही के दिन वर्ष 2001 में मजहबी आतंकियों ने संसद पर कायरतापूर्ण हमला कर भारत की संप्रभुता को लहूलुहान करने का असफल प्रयास किया था। इस हमले में अपने प्राण न्योछावर कर माँ भारती के मान की रक्षा करने वाले सभी वीरों को विनम्र श्रद्धांजलि। देश आपके बलिदानों को कभी नहीं भूलेगा। दूसरे ट्वीट में उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर को याद करते हुए लिखा कि भारतीय राजनीति में सादगी, शुचिता व जनपक्षधरता के आदर्श प्रतिमान, पूर्व रक्षा मंत्री एवं गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा से पूरित आपका जीवन सभी के लिए प्रेरणादायी है।

# शीतकालीन सत्र : चालू वित्तीय वर्ष के संभावित खर्च के लिए 19,048.98 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश

## ❍ दोनों सदन की कार्यवाही आज तक के लिए स्थगित

**पटना (एजेंसी)।** वित्त मंत्री विजय चौधरी ने शीतकालीन सत्र के पहले दिन चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के संभावित खर्च के लिए 19048.98 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें 15,544 करोड़ रुपये वार्षिक स्कीम मद के लिए और केन्द्रीय क्षेत्र स्कीम मद के 3,502 करोड़ रुपये हैं। विजय चौधरी ने 2022-23 अनुपूरक बजट को सदन के पटल पर रखते हुए कहा कि वार्षिक स्कीम के अन्तर्गत 15,544.8559 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान द्वितीय अनुपूरक आगणन में प्रस्तावित किया गया है, जिसमें वार्षिक स्कीम मद में केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम के केन्द्रांश मद में 490.1034 करोड़ रुपये एवं राज्यांश मद में 3,756.0688 करोड़ रुपये यानी कुल 4,246.1722 करोड़ रुपये स्कीमवार हैं। विजय चौधरी ने बताया कि इसमें केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम (केन्द्रांश ) के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए 174.00 करोड़ रुपये, 62.76 करोड़ रुपये मिशन शक्ति योजना के लिए, 58.09 करोड़ रुपये एकीकृत बाल विकास स्कीम के लिए, 40.00 करोड़ रुपये अनुसूचित जाति के बहुमुखी विकास योजना के लिए और 37.10 करोड़ रुपये पैक्स के कम्प्यूटरीकरण योजना के लिए है। केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम (राज्यांश) के तहत 1389.70 करोड़ रुपये समग्र शिक्षा अभियान के लिए 1020.00 करोड़ रुपये प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 476.00 करोड़ रुपये राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के लिए 372.96 करोड़ रुपये नमामि गंगे योजना के लिए 225.00 करोड़ रुपये मनरेगा योजना के लिए 88.00 करोड़ रुपये प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के लिए 51.73 करोड़ रुपये एकीकृत बाल विकास स्कीम के लिए है। उन्होंने बताया कि राज्य स्कीम मद में कुल प्रावधानित राशि 11,298.6837 करोड़ रुपये में चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य स्कीम के पूंजीगत निर्माण/निवेश के वित्त पोषण के लिए 50 वर्षीय सूद रहित ऋण में राज्य सरकार द्वारा कुल प्रस्तावित 8,760.3512 करोड़ रुपये के विरुद्ध 4,555.79 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है।

### शीतकालीन सत्र के पहले दिन नियुक्ति पत्र का मुद्दा गरमाया, भाजपा ने सरकार पर बोला हमला




**बिहार विधानमंडल** के शीतकालीन सत्र के पहले दिन मंगलवार को भाजपा सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। विधानसभा के मुख्य द्वारा पर भाजपा के विधायकों ने रोजगार के मुद्दे को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सरकार पर नौकरी के नाम पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। नियुक्ति हो चुके विभिन्न विभागों के कर्मियों के बीच पिछले दिनों राज्य सरकार द्वारा दोबारा नियुक्ति पत्र बांटने को लेकर भाजपा ने सरकार पर जोरदार हमला बोला। इससे पहले विधानमंडल के कॉरिडोर में पत्रकारों से बातचीत में मधुबनी जिले के विस्फी विधानसभा से भाजपा के फायरब्रांड विधायक हरिभूषण ठाकुर उर्फ बचौल ने तंज कसते हुए कहा कि सीएम नीतीश लगातार अपनी सभाओं में तेजस्वी को बिहार की बागडोर संभालने की बात करते फिरते हैं लेकिन नीतीश कुमार कहते कुछ हैं और करते कुछ और हैं। नीतीश कुमार तेजस्वी यादव को ठग रहे हैं। नीतीश का पीएम बनने का सपना चकनाचूर हो चुका है और अब वे किसी भी कीमत पर सीएम की कुर्सी नहीं छोड़ने जा रहे हैं। भाजपा विधायक बचौल ने कहा कि नीतीश कुमार उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को ठगने का काम कर रहे हैं। इतना दिन तक भाजपा को ठगे और अब तेजस्वी को ठग रहे हैं। नीतीश कुमार की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। मुख्यमंत्री कहते हैं कि वे मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहते थे और भाजपा के कहने पर बिहार के सीएम बने। अगर ऐसी बात है तो वे तेजस्वी को मुख्यमंत्री बना दें, भाजपा तो उन्हें नहीं कह रही है कि वे मुख्यमंत्री बने रहें। नीतीश कुमार सीएम की कुर्सी नहीं छोड़ेंगे और वे सिर्फ तेजस्वी यादव को ठगने का काम कर रहे हैं। बचौल ने कहा कि नीतीश सरकार रोजगार के नाम पर युवाओं के साथ छल कर रही है। महीनों से जो लोग नौकरी कर रहे हैं उन्हें दोबारा नियुक्ति पत्र बांटकर लोगों में भ्रम फैलाया जा रहा है। बचौल ने तेजस्वी यादव पर प्रहार करते हुए कहा कि केंद्र सरकार रोजगार का प्रति सजग है।

### मुख्यमंत्री ने बिहार विधान परिषद के 'सदन कॉरिडोर' का किया उद्घाटन



**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार ने मंगलवार को बिहार विधान परिषद के 'सदन कॉरिडोर' का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद के सभापति देवेशचंद्र ठाकुर, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी, उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, बिहार विधान परिषद के उपसभापति डॉ रामचन्द्र पूर्वे सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### कार्यवाही बुधवार तक स्थगित

**विधानसभा** और विधान परिषद दोनों जगहों पर भाजपा ने महागठबंधन सरकार के खिलाफ गरम रुख अपनाया। विधानसभा की कार्यवाही शुरू किए जाने के बाद बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गयी जबकि विधानपरिषद की कार्यवाही सभापति देवेश चंद्र ठाकुर के सम्बोधन के दो घंटे के बाद बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### किस मद में कितने करोड़ रुपये प्राप्त

- 559.00 करोड़ रुपये पटना मेट्रो रेल परियोजना के लिए।
- 400.00 करोड़ रुपये बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लिए।
- 344.59 करोड़ रुपये औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के भवनों के निर्माण के लिए।
- 206.69 करोड़ रुपये एकीकृत बाल विकास स्कीम के स्थापना के लिए ।
- 200.00 करोड़ रुपये उच्च माध्यमिक विद्यालय के स्थापना के लिए।
- 189.95 करोड़ रुपये डीजल अनुदान के लिए।
- 160.00 करोड़ रुपये मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के लिए।
- 155.00 करोड़ रुपये न्यायिक आवासीय एवं कोर्ट भवन के लिए।
- 149.30 करोड़ रुपये राज्य के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विकास के लिए।
- 100.00 करोड़ रुपये हर खेत तक सिंचाई का पानी योजना के लिए।
- 100.00 करोड़ रुपये जल - जीवन - हरियाली अभियान के लिए।
- 100.00 करोड़ रुपये बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए।
- 100.00 करोड़ रुपये मुख्यमंत्री अत्यन्त पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति एवं जनजाति उद्यमी योजना के लिए।
- 100.00 करोड़ रुपये समस्तीपुर, सारण एवं पूर्णिया के चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निर्माण के लिए।
- 91.47 करोड़ रुपये उच्च विद्यालय के उन्नयन कार्यक्रम के लिए।
- 83.69 करोड़ रुपये मुख्यमंत्री किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए।
- 61.36 करोड़ रुपये क्षतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण के लिए और 50.00 करोड़ रुपये बिहार वाहन दुर्घटना सहायता के लिए है।

#### स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद में अतिरिक्त प्रावधान का प्रस्ताव

- स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय (प्रभृत सहित) मद में प्रस्तावित राशि 3,502.1288 करोड़ रुपये है।
- 1136.00 करोड़ रुपये पेंशन तथा अन्य सेवानिवृति हितलाभ के लिए।
- 630.00 करोड़ रुपये सूखाग्रस्त जिलों के प्रभावित पंचायतों के सभी प्रभावित परिवारों को प्रति परिवार 3,500 रुपये सीधे डीबीटी के माध्यम से लाभुकों के बैंक खाते में उपलब्ध कराने के लिए।

590.75 करोड़ रुपये वेतन मद के लिए।

- 590.00 करोड़ रुपये अनुरक्षण एवं मरम्मत मद में ओपीआरएमसी के लिए 500.00 करोड़ रुपये प्रस्तावित है।

### प्रदेश की समस्याओं के लिए सार्थक विमर्श महत्वपूर्ण : देवेशचंद्र ठाकुर



**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के पहले दिन विधानपरिषद में सभापति देवेशचंद्र ठाकुर ने अपने सम्बोधन में कहा कि वर्तमान सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें निर्धारित हैं। यह सत्र अल्प अवधि का होते हुए भी महत्वपूर्ण है। इसमें आप सभी की सहभागिता आवश्यक है। प्रदेश की समस्याओं के निदान के लिए सार्थक विमर्श महत्वपूर्ण है। मुझे आशा है, यह सदन सत्रावधि में राज्य के विकास को लेकर जनहित के मामले एवं जनता की समस्याओं के निदान तथा उनके कल्याण के लिए जनतांत्रिक ढंग से विमर्श कर अपेक्षित हल निकालने का सफल प्रयास करेगा। सभापति देवेशचंद्र ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में सरकार के प्रयासों से सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल-कॉलेजों के भवन, कई सिग्नेचर बिल्डिंग्स के साथ ही अनेकानेक आधारभूत संरचनाओं का विकास हुआ है। नये स्कूल कॉलेज, विश्वविद्यालय प्रबंध संस्थान आदि की स्थापना की गई है। पर्यावरण संतुलन एवं जलवायु परिवर्तनकारी कारकों के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए पौधा रोपण, वर्षा जल संचयन, भूमिगत जल संरक्षण, शुद्ध पेयजल आपूर्ति जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे हैं। सभापति ठाकुर ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में कृषि रोड मैप, फसल उत्पादन वृद्धि के उपाय, खाद्य पदार्थों के उत्पादन में बढ़ोतरी एवं खाद्य प्रसंस्करण के उपाय कर खाद्य संकट के समाधान का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। रोजगार सृजन एवं रिक्त पदों पर नियुक्ति की कार्रवाई के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव, प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा प्रधान शिक्षक एवं प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति तथा अभियंत्रण एवं चिकित्सा शिक्षा के लिए नये विश्वविद्यालय के गठन के सरकार के प्रयास में सदन का सहयोग प्रशंसनीय रहा है।

## सांसद ने लोकसभा में शून्य काल के दौरान जनहित में कई मुद्दे उठाये



**सहरसा (एजेंसी)।** लोकसभा में स्थानीय सांसद दिनेश चंद्र यादव ने शून्यकाल के दौरान जन जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाया। उन्होंने शहरी क्षेत्र के गंगजला रेलवे ढाला पर रेल ओवर ब्रिज नहीं रहने के कारण राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों की परेशानी को देखते हुए उन्होंने गंगजला रेलवे ढाला पर लाइट रेल ओवर ब्रिज निर्माण की मांग की। उन्होने कहा कि पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर अंतर्गत समस्तीपुर डिवीजन के सहरसा जंक्शन पर गाड़ियों के आवागमन पर सभी रेलवे ढाला को घंटो बंद कर दिया जाता है। सोनवर्षा कचहरी के बीच परमिनिया हाल्ट के सटे उत्तर ढाला को सील कर दिया गया है। जिससे परमिनियाँ एवं दूधैला के किसानो को खेती कार्य से आने जाने में काफी दिक्कत हो रही है। उन्होने कहा कि सर्वा ढाला प्रायः बंद ही रहता है। यही हाल सहरसा से सहरसा कचहरी के बीच गंगजला ढाला बराबर बंद रहने से आम लोगों को भारी दिक्कतें होती है। सांसद ने जनहित में रेल मंत्री से सोनवर्षा कचहरी, सहरसा जंक्शन, कचहरी के बीच परमिनियां ढाला, सर्वा ढाला, सहरसा कचहरी के बीच गौतमनगर से उद्योग कार्यालय के बीच अंडर पास, गंगजला ढाला पर लाइट आरओबी का निर्माण अविलंब कराने की मांग की।

## संबलपुर में पुलिस ने 12 वकीलों को किया गिरफ्तार, 29 का लाइसेंस निलंबित

**संबलपुर (एजेंसी)।** ओडिशा के संबलपुर में उच्च न्यायालय की पीठ स्थापित करने की मांग को लेकर सोमवार को वकीलों का आंदोलन हिंसक हो गया और इस मामले में पुलिस 12 वकीलों को गिरफ्तार किया है। अदालत के पास दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 लागू की गई और 17 प्लाटून पुलिस बल के जवानों को तैनात कर दिया गया है। आंदोलन के दौरान जिला न्यायाधीश को उनके अदालत कक्ष से घसीटा गया और आंदोलनकारी वकीलों द्वारा अदालत कक्ष में तोड़फोड़ की गई। संबलपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) बी गंगाधर ने बताया कि गिरफ्तारी सोमवार रात सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई और गिरफ्तार किए गए नौ वकीलों को स्थानीय अदालत द्वारा जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद और टीवी न्यूज के वीडियो क्लिपिंग के आधार पर सोमवार की हिंसा के सिलसिले में और गिरफ्तारियां की जाएंगी। इस बीच जिला प्रशासन ने कचेरी छाक में सीआरपीसी की धारा 144 लागू कर दी है और चेतावनी जारी की है कि यदि किसी ने निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए 17 प्लाटून पुलिस बल तैनात किया गया है और यदि आवश्यक हुआ तो और बल की मांग की जाएगी। उल्लेखनीय है कि संबलपुर की अदालत में में सोमवार को जनता, अधिवक्ताओं, सिविल सोसाइटी के सदस्यों और यहां तक कि किन्नरों की पुलिस बल के साथ धक्का-मुक्की के बाद अराजक स्थिति पैदा हो गई। यहां तक कि जिला न्यायाधीश मानस रंजन बारिकको चैंबर से जबरदस्ती घसीटा गया। न्यायाधीश रंजन के चैंबर में काफी संख्या में जनता और अधिवक्ता प्रवेश कर गए और अदालत कक्ष में तोड़फोड़ की। उधर, उच्चतम न्यायालय ने इस घटना को पूरी गंभीरता से लिया है और ओडिशा के पुलिस महानिदेश (डीजीपी) और उत्तरी क्षेत्र के महानिरीक्षक (आईजी) को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बुधवार को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। शीर्ष अदालत ने पहले चेतावनी दी थी कि यदि वकील विरोध करना जारी रखते हैं और अदालतों के कामकाज को पंगु बना देते हैं, तो आंदोलनकारी वकीलों के लाइसेंस रद्द किए जा सकते हैं। इसके बावजूद वकील ने अपने फैसले पर कायम रहे और सोमवार को उग्र आंदोलन किया। प्रदर्शनकारियों ने भारी पुलिस बल की तैनाती के बावजूद न्यायाधीशों को अदालत परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने हड़ताली वकीलों द्वारा की गई तोड़फोड़ पर कड़ी आपत्ति जताते हुए सोमवार को 29 अधिवक्ताओं के लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से 18 महीने के लिए निलंबित कर दिया और संबलपुर जिला बार एसोसिएशन के सभी सदस्यों को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया।

## पुलिसकर्मी पर गोली चलाने के मामले में 41 लोगों को मिली सशर्त जमानत



**उत्तर 24 परगना (एजेंसी)।** मंगलवार को बशीरहाट अनुमंडल अदालत ने बशीरहाट में एक पुलिस कांस्टेबल को गोली मारने के मामले में गिरफ्तार 41 लोगों को सशर्त जमानत दे दी है। बशीरहाट थाने की अनंतपुर चौकी के पुलिस कांस्टेबल प्रभात सरदार 21 नवंबर को निमदाड़ीया-कोड़ालिया ग्राम पंचायत के शंखचुरा गांव में तृणमूल गुटिय संघर्ष को निपटाने की कोशिश के दौरान बदमाशों की गोलीबारी में घायल हो गए थे। गोली लगने के तुरंत बाद उन्हें बशीरहाट जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उनका ट्रांसफर बारासात कर दिया गया। बशीरहाट थाने की पुलिस ने पुलिस पर फायरिंग के आरोप में स्थानीय तृणमूल नेता सिराजुल समेत तृणमूल के 41 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। जब आरोपितों को आज यानी मंगलवार को बशीरहाट अनुमंडलीय न्यायालय में पेश किया गया तो जज ने सिराजुल समेत तृणमूल के 41 कार्यकताओं को सशर्त जमानत दे दी। वहीं, बशीरहाट एक नंबर ब्लॉक के तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष नजरूल हक के नेतृत्व में तृणमूल कार्यकताओं और समर्थकों ने जमानत पर रिहा हुए तृणमूल के 41 कार्यकताओं को फूलों का हार पहना कर स्वागत किया। नजरुल हक ने कहा कि वे सभी तृणमूल कांग्रेस के सिपाही हैं। क्षेत्र के विकास के लिए सभी फिर से मिलकर काम करेंगे।

## विश्व के सौ सर्वाधिक प्रदूषित शहरों की सूची में 36 शहर पश्चिम बंगाल के



**कोलकाता (एजेंसी)।** एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) द्वारा मंगलवार को जारी विश्व के 100 सबसे प्रदूषित शहरों में पश्चिम बंगाल के 36 शहर शामिल हैं। मंगलवार अपराह्न तीन बजे तक के एयर क्वालिटी इंडेक्स की लाइव सूची के अनुसार पश्चिम बंगाल के मालदह जिले का इंग्लिश बाजार इलाके का एयर क्वालिटी इंडेक्स 342 था जो राज्य में सर्वाधिक है। पूरे विश्व के 100 सर्वाधिक प्रदूषित शहरों की सूची में इंग्लिश बाजार 17वें स्थान पर रहा, जबकि 339 एक्यूआई के साथ बालूरघाट 18वें, 325 एक्यूआई के साथ बांकुड़ा 20वें, 316 एक्यूआई के साथ पानीहाटी 28वे और रिसड़ा 29वें, 315 एक्यूआई के खड़दह 30वें, श्रीरामपुर 31वें और टीटागढ़ 32वें स्थान पर रहे। 314 एक्यूआई के साथ कुल्टी 34वें, 313 एक्यूआई के साथ भद्रेश्वर 37वें, 312 एक्यूआई के साथ भाटपाड़ा 38वें, चांपदानी 39वें, चंदननगर 40वें, हाबरा 41वें, हालिशहर 42वें, हुगली 43वें, कल्याणी 44वें, कांचड़ापाड़ा 45वें, कृष्णानगर 46वें, मध्यमग्राम 47वें, नैहाटी 48वें, नवद्वीप 49वें और शांतिपुर 50वें स्थान पर रहे। इसके साथ ही 311 एक्यूआई के साथ बांसबेडिया 51वें, 308 एक्यूआई के साथ बाली 53वें, बनगांव 54वें और दुगार्पुर 56वें स्थान पर रहे। इसके अलावा 306 एक्यूआई के साथ बशीरहाट 57वें, 305 एक्यूआई के साथ दमदम 58वें, 302 एक्यूआई के साथ उलुबेड़िया 59वें, 297 एक्यूआई के साथ हावड़ा 60वें, 295 एक्यूआई के साथ आसनसोल 61वें, 287 एक्यूआई के साथ बारा सात 66वें, 277 एक्यूआई के साथ कोलकाता 68वें, 220 एक्यूआई के साथ बहरमपुर 92वें और 217 एक्यूआई के साथ बर्दवान 94वें स्थान पर रहे। सर्दियों की शुरूआत में ही पश्चिम बंगाल के विभिन्न शहरों में इस कदर बढ़े प्रदूषण के स्तर ने यहां के निवासियों की चिंता बढ़ा दी है।

### मुख्यमंत्री योगी ने पहले ठाकुरजी के किये दर्शन, फिर 822 करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात, कहा

## डबल इंजन की सरकार से होगा ब्रज का सम्पूर्ण विकास



**मथुरा (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार पूर्वान्ह मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान मंदिर पहुंचे। उन्होंने स्वयं ही पूजा और मंत्रोच्चारण करते हुए ठाकुरजी से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने 822 करोड़ की 210 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाबी और चेक भी दिया। भाजपा के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का संबोधित किया। मुख्यमंत्री गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से हैलीकाप्टर द्वारा मथुरा पहुंचे। यहां उन्होंने सम्मेलन में न जाकर पहले ठाकुरजी के चरणों में हाजरी लगाई। इसके बाद सम्मलेन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सरकार पर बांके बिहारी की कृपा है। भाजपा सरकार में व्यापारी और महिलाएं सुरक्षित महसूस कर रही हैं। अगर कोई अपराधी दुस्साहस करेगा तो अंजाम भी भुगतेगा। डबल इंजन की सरकार में तीसरा इंजन निकाय बोर्ड का भी हो, तो प्रगति और तेज होगी। सीएम ने राधे-राधे और बांके बिहारी की जय से संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा हम सौभाग्यशाली हैं कि ब्रजभूमि में आने का अवसर मिला है। आज उत्तर प्रदेश विकास के नए मॉडल के रूप में आगे बढ़ रहा है। पूरी दुनिया उत्तर प्रदेश की ओर आकर्षित हो रही है। 30 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट ब्रजभूमि के विकास से जुड़ने वाले हैं। उन्होंने कहा ब्रजभूमि को 822 करोड़ की सौगात देकर आनंद की अनुभूति हो रही है। उत्तर प्रदेश में सभी धार्मिक और पवित्र स्थल हैं। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों ने विधानसभा चुनाव में आशीर्वाद दिया। भाजपा के सभी विधायकों को जिताया। इसके लिए आभार व्यक्त करता हूं। अबकी बार नगर निकाय चुनाव में भी ऐसे आशीर्वाद देकर भगवा फहराएं। पिछले पांच साल में ब्रजभूमि की तस्वीर बदली है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत बाकी सात नगर निगम को भी जोड़ा। इसमें मथुरा निगम भी है। ट्रैफिक मैनेजमेंट भी किया। भाजपा सरकार में व्यापारी और महिलाएं सुरक्षित महसूस कर रही हैं। अगर कोई अपराधी दुस्साहस करेगा तो अंजाम भी भुगतेगा। उत्तर प्रदेश सौभाग्यशाली है। मथुरा, अयोध्या, काशी, गंगा यमुना का आशीर्वाद मिल रहा। हमने नगर निगम बनाया। ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन किया। चुनाव में ब्रज भूमि ने साबित किया कि वह अन्याय के खिलाफ खड़ा है। ब्रज के लोगों के लिए और यहां आने वाले पर्यटकों के लिए हम एलिवेटेड रोड और रोप वे बना रहे हैं। बाहर से आने वाले यात्रियों को यहां दिक्कत न हो इसके लिए। ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए हम इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम बना रहे हैं। योगी ने कहा कि हम इसी सिस्टम के तहत कोरोना काल मे पीड़ित लोगों तक पहुंचे। आवास गरीबों के लिए सपना था। अब भाजपा की सरकार में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ गरीबों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेहड़ी व्यवसायी को हमने व्यवस्थित किया है। नौ लाख पटरी दुकानदारों को अबतक व्यवस्थित किया जा चुका है। जल्द और भी व्यवस्था हो रही है। मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि यमुना मैया निर्मल होंगी। नमामि गंगे योजना में नाले टेप किये गए हैं। इससे यमुना में गन्दा पानी नहीं जाएगा। हमने सभी विभागों को निर्देश दिए इन कार्यों में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए।

# वर्ल्ड जूनियर वुशु चैम्पियनशिप में भारत का धमाका, आठ मेडल किये अपने नाम

**जकार्ता (एजेंसी)।** इंडोनेशिया में हाल ही में सम्पन्न हुए 8वें वर्ल्ड जूनियर वुशु चैम्पियनशिप में भारत ने कमाल का खेल दिखाया। इस चैम्पियनशिप में भारतीय टीम ने तीन गोल्ड समेत आठ मेडल पर अपना कब्जा जमाया। भारत के खाते में वुशु चैंपियनशिप में तीन गोल्ड, तीन सिल्वर और दो कांस्य पदक आये।

**भारत ने रचा इतिहास :** वर्ल्ड जूनियर वुशु चैम्पियनशिप में भारत ने आठ मेडल के साथ इतिहास रच दिया है। साल 2015 बुलगारिया में छठे वर्ल्ड जूनियर वुशु चैम्पियनशिप में टीम इंडिया को सिर्फ एक मेडल मिला था। अब भारतीय खिलाड़ियों ने सात साल के भीतर कमाल का खेल दिखाया और टीम के युवा प्लेयर्स ने आठ मेडल अपने नाम कर लिया।



**आर्यन और ध्रुव ने खोला मेडल का खाता :** जूनियर वुशु चैम्पियनशिप में हरियाणा के प्लेयर आर्यन और ध्रुव ने गोल्ड मेडल जीतकर टीम इंडिया के पदकों का खाता खोला था। पानीपत के समालखा के रहनेवाले आर्यन ने लड़कों के सब जूनियर 42 किलोग्राम वेट कैटेगरी में मिस्त्र के उमर मोहम्मद फथी को 2-1 से हराकर गोल्ड पर कब्जा किया। वहीं, सोनीपत के ध्रुव ने लड़कों के सब जूनियर 52 किलोग्राम कैटेगरी में मिस्त्र के यूसुफ येहला शहात अहमद को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

**वुशु संघ ने प्लेयर्स को दी बधाई :** भारतीय वुशु संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा, महासचिव जतिंदर सिंह और सीईओ सुहैल अहमद ने टीम इंडिया के इस ऐतिहासिक जीत के बाद टीम इंडिया के सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है। संघ ने कहा कि टीम के सभी प्लेयर्स ने उम्मीद से बढ़कर प्रदर्शन किया है।

### इन खिलाड़ियों ने जीता मेडल : -

- आर्यन : गोल्ड मेडल
- ध्रुव : गोल्ड मेडल
- नीतीश कुमार : गोल्ड मेडल
- कायिकू : सिल्वर मेडल
- ध्रुव : सिल्वर मेडल
- अनिरुद्ध चौधरी : ब्रॉन्ज मेडल
- हिमांशी : सिल्वर मेडल
- आयरा हसन : ब्रॉन्ज मेडल

## अर्जुन तेंदुलकर ने गोवा के लिए किया डेब्यू


**पणजी (एजेंसी)।** बॉलिंग ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर ने मंगलवार 13 दिसम्बर को पोरवोरिम में गोवा क्रिकेट एसोसिएशन अकादमी ग्राउंड में राजस्थान के खिलाफ एलीट ग्रुप सी मैच में गोवा के लिए रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्जुन ने इस साल की शुरुआत में मुंबई के लिए खेलने का पर्याप्त मौका नहीं मिलने के बाद गोवा शिफ्ट हो गये थे। उन्होंने मुंबई और गोवा के लिए केवल सात लिस्ट ए मैच और नौ टी-20 मैच खेले हैं। राजस्थान के खिलाफ मैच उनकी प्रथम श्रेणी की शुरुआत भी हुई। अर्जुन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस (एमआई) का भी हिस्सा थे, लेकिन उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला। एमआई के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि अर्जुन को प्लेइंग इलेवन में जगह बनाने के लिए अपने खेल के कुछ पहलुओं में सुधार करने की जरूरत है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने भी अर्जुन को अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) दिया, जिसने इसके लिए आवेदन किया था। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने कहा कि वह आगामी सत्र में गोवा के लिए खेलना चाहते थे, इसलिए उन्होंने हमसे संपर्क किया। हमने उनसे कहा कि पहले एमसीए से एनओसी हासिल करो, जो उन्हें आज मिल गया। आगे हम उनकी फिटनेस और स्किल टेस्ट करेंगे।

# किंग कोहली पर होंगी फैंस की निगाहें तीन साल बाद कर सकते बड़ा कारनामा

**चटगांव (एजेंसी)।** भारत बनाम बांग्लादेश के बीच खेली जानेवाली टेस्ट सीरीज में फिर विराट कोहली लाइमलाइट में रहन वाले हैं। विराट कोहली ने पिछला टेस्ट शतक तीन साल पहले जमाया था इसलिए क्रिकेट फैंस को उम्मीद है कि वे बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट शतक जड़कर तीन साल की ड्राइनेस को खत्म करेंगे। विराट कोहली के अलावा टीम इंडिया के कुछ और बल्लेबाजों के पास फार्म में वापसी का मौका है। इसमें रिषभ पंत का नाम सबसे उपर है, क्योंकि वे लगातार फेल होते जा रहे हैं और टीम में उनकी जगह भी खतरे में है।

**बांग्लादेश के खिलाफ ही लगाया था पिछला शतक :** विराट कोहली के पिछले टेस्ट शतक की बात करें तो वह भा बांग्लादेश के खिलाफ ही आया था। 2019 के टेस्ट सीरीज में विराट ने बांग्लादेश के खिलाफ शतक जड़ा था। तब कोहली ने 136 रनों की पारी खेली थी। विराट ने पिंक बाल का सामना करते हुए 194 गेंद पर यह पारी खेली और भारत ने वह टेस्ट मैच 46 रनों से जीत लिया था। तब से लेकर अब तक तीन साल बीत चुके हैं, लेकिन विराट ने टेस्ट में शतक नहीं जड़ा है। हालांकि, एशिया कप में टी-20 शतक और बांग्लादेश के खिलाफ अंतिम वनडे मैच में शतक जड़कर विराट ने वनडे शतकों की संख्या 44 तक पहुंचा दी है, लेकिन टेस्ट शतक की दरकार अभी बाकी है।

### रिषभ पंत के पास भी रहेगा मौका



**टी-20** क्रिकेट में रिषभ पंत का खेल स्तरीय नहीं रहा और इसी वजह से उन्हें वनडे सीरीज में रेस्ट दिया गया। हालांकि, टेस्ट टीम में रिषभ पंत को फिर से मौका मिला है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि वे कैसी पारियां खेलते हैं। लिमिटेड ओवर के बाद टेस्ट में मिले मौके को पंत ने भुना लिया तो उनके करियर के लिए बेहतर होगा। अन्यथा वे टीम में अपनी जगह भी गंवा सकते हैं। इसके अलावा राहुल त्रिपाठी, श्रेयस अय्यर और रजत पाटीदार के सामने खुद को साबिक करने का गोल्डेन चांस है, क्योंकि वे बेहतर प्रदर्शन करेंगे तो टीम में अपनी जगह पक्की कर सकते हैं।

# दो टेस्ट मैचों की सीरीज आज से बांग्लादेश से टेस्ट नहीं हारा है भारत

**चटगांव (एजेंसी)।** भारत-बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट की सीरीज 14 दिसम्बर से शुरू हो रही है। दोनों मुकाबले वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के हिसाब भारत के लिए बहुत अहम हैं। वनडे सीरीज में 2-1 से हार के बाद टीम इंडिया अटैकिंग अप्रोच अपनायेगी और टेस्ट सीरीज जीतकर बांग्लादेश से बदला लेना चाहेगी। भारत के लिए अच्छी बात यह है कि इस फॉर्मेट में उसे बांग्लादेश के खिलाफ 22 साल में अब तक एक भी मुकाबले में हार का सामना नहीं करना पड़ा है। 2-0 से सीरीज जीतने पर भारत डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल के दूसरे स्थान पर भी आ सकता है। वहीं, बांग्लादेश को भारत के ऋषभ पंत और रविचंद्रन अश्विन जैसे प्लेयर्स से बचना होगा।

**भारत का पलड़ा भारी :** दोनों देशों के बीच अब तक 11 टेस्ट खेले गये हैं। नौ भारत ने जीते और दो मैच ड्रॉ रहे। बांग्लादेश की टीम भारत के खिलाफ एक भी टेस्ट नहीं जीत सकी। भारत ने नौ में से पांच बार उन्हें पारी के अंतर से हराया है। दो बार नौ विकेट से ज्यादा और दो बार 100 रन से ज्यादा के अंतर से हराया है। भारत ने बांग्लादेश में भी आठ टेस्ट खेले हैं, इनमें से छह जीते और दो टेस्ट ड्रॉ रहे।

### टीम इंडिया के पास मजबूत बैटिंग ऑर्डर

**वनडे** सीरीज में 2-1 से हार के बाद टीम इंडिया टेस्ट सीरीज में एग्रेसिव अप्रोच अपनायेगी। टीम बांग्लादेश को हावी होने का कोई भी चांस नहीं देगी। टीम में राहुल, गिल, कोहली, पुजारा, अय्यर और पंत के रूप में मजबूत बैटिंग लाइन-अप है। अश्विन और अक्षर के रूप में दो टॉप क्लास स्पिनर भी मौजूद हैं। जो लोअर ऑर्डर में बैटिंग भी कर सकते हैं। बॉलिंग में भारत के पास कुलदीप यादव के रूप में तीसरा स्पिनर मौजूद है। साथ ही उमेश यादव और मोहम्मद सिराज के रूप में बेहतरीन पेसर्स अवेलेबल हैं। दोनों ही लगातार 140 किमी से ज्यादा की स्पीड से बॉलिंग कर बांग्लादेशी बैटर्स को परेशान कर सकते हैं।

### राहुल दूसरी बार करेंगे कप्तानी

**रोहित** शर्मा वनडे सीरीज में चोटिल होकर पहले टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। उनकी जगह केएल राहुल टीम की कमान संभालेंगे। पहला टेस्ट चटगांव में सुबह नौ बजे से खेला जायेगा। राहुल ने इसी साल जनवरी में साउथ अफ्रीका दौरे पर पहली बार टेस्ट में टीम इंडिया की कप्तानी की थी। साउथ अफ्रीका ने यह मैच सात विकेट से जीता था। राहुल सीरीज के दोनों मैच जीतकर टेस्ट कप्तान के रूप में अपना रिकॉर्ड सुधारना चाहेंगे। टेस्ट के अलावा राहुल ने सात वनडे में भी कप्तानी की है। इनमें भारत को चार में जीत और तीन में हार मिली। एक टी-20 में भी उन्होंने टीम इंडिया की कप्तानी की, इसमें भारत को जीत मिली थी।

### मुल्तान टेस्ट में पाक फैंस का कोहली को संदेश

# एशिया कप खेलो...हम आपको बाबर से ज्यादा प्यार करते हैं

**मुल्तान (एजेंसी)।** पाकिस्तानी टीम इंडिया की मेजबानी करने के लिए गिड़गिड़ा रही है। पीसीबी चीफ रमीज राजा के बाद अब वहां के फैंस भी टीम इंडिया को पाकिस्तान बुलाने की मुहिम में जुट गये हैं। सोमवार को दो पाकिस्तानी फैंस ने मुल्तान टेस्ट के दौरान पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली से पाकिस्तान में आकर एशिया कप खेलने की अपील की। इंग्लैंड-पाकिस्तान के इस मुकाबले के दौरान वे दोनों हाथ में पोस्टर लिए दिखे, जिसमें लिखा था- 'हाय, किंग कोहली...आओ और एशिया कप खेलो। हम आपको हमारे किंग बाबर से ज्यादा प्यार देंगे।'




यह फोटो सोशल मीडिया में पोस्ट हुआ है। इस पोस्ट पर कोहली के सोशल मीडिया फैंस बाबर को किंग कहने पर भड़क गये हैं। एक ने जवाबी पोस्ट करते हुए लिखा- 'बाबर को किंग कभी मत कहना, किंग तो केवल कोहली है।' एक अन्य फैंस ने लिखा- 'पहले आतंकवाद बंद करो। फिर बात करना।' इस पोस्ट ने एक बार भी भारत के पाकिस्तान में खेलने या न खेलने की चर्चा को जन्म दे दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चीफ रमीज राजा पहले भी भारत के पाकिस्तान में खेलने की पैरवी कर चुके हैं। अगले साल पाकिस्तान वनडे एशिया कप की मेजबानी करने जा रहा है। ऐसे में भारत के पाकिस्तान में खेलने की मांग और तेज हो गयी है। आपको याद दिला दें कि टीम इंडिया ने पाकिस्तान का आखिरी दौरा 2008 में किया था। तब भी उसने एशिया कप ही खेला था।

## सरफराज और फवाद के साथ की गयी ज्यादती

**कराची (एजेंसी)।** इंग्लैंड टीम ने 22 साल बाद पाकिस्तान की सरजमीं पर टेस्ट सीरीज जीत के एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इंग्लैंड ने तीन टेस्ट मैच सीरीज का पहला और दूसरा मैच जीतकर सीरीज में यहां अजय बढ़त बना ली है और वहीं घर में मिली इस हार के बाद पाकिस्तान टीम की जमकर आलोचना हो रही है। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने अब टीम मैनेजमेंट पर ही सवाल उठा दिये हैं। कनेरिया का मानना है मैनेजमेंट ने सरफराज अहमद और फवाद आलम को बाहर करके बहुत बड़ी गलती की है और टीम को अब इसका नतीजा भुगतना पड़ रहा है। दानिश कनेरिया ने कहा कि जो खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करते हैं, उन्हें आप खिलाना नहीं चाहते। आपने बिना किसी कारण के फवाद आलम को ड्रॉप कर दिया और आपने सरफराज अहमद को बाहर रखा और आपने उनका फायदा नहीं उठाया। जब इस तरह से ज्यादती करोगे तो नतीजे ऐसे ही मिलेंगे। कनेरिया ने आगे कहा कि सरफराज को मौका दिया जाना चाहिए।

### प्लेन क्रैश में बाल-बाल बचे डबल ओलिंपिक चैंपियन रुदिशा

# केन्या में हुई दुर्घटना, पलट गया प्लेन, एथलीट ने कहा- खौफनाक



**नैरोबी (एजेंसी)।** लगातार दो ओलिंपिक गोल्ड जीतने वाले केन्या के मिडिल डिस्टेंस रनर डेविड रुदिशा एक प्लेन क्रैश में बाल-बाल बच गये। उनका प्लेन एक मैदान पर क्रैश हो गया। 33 साल के इस पूर्व केन्याई एथलीट ने इस दुर्घटना को खौफनाक बताया। रुदिशा ने लंदन-2012 और रियो-2016 के ओलिंपिक गेम्स में एथलेटिक्स के 400 मीटर इवेंट के गोल्ड मेडल जीते थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, रुदिशा सहित पांच अन्य को ले जा रहा प्लेन शनिवार को दक्षिण-पूर्व केन्या के काजियाडो काउंटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सभी किमाना वाइल्ड लाइफ में आयोजित एनुअल मसाई इवेंट में हिस्सा लेकर लौटे रहे थे। दुर्घटना के बाद रुदिशा ने डेली नेशन से कहा कि उड़ान के 7-8 मिनट तक सब ठीक था। अचानक प्लेन का इंजन बंद हो गया। ऐसे में पायलट ने एक खाली स्थान देखा। जहां प्लेन को लैंड कराया जा सके, लेकिन प्लेन का एक पंखा पेड़ से टकरा गया और प्लेन मैदान पर ही गोल-गोल चक्कर खाने लगा, लेकिन उस पायलट ने अविश्वसनीय काम किया है।

### रुदिशा सुरक्षित, एक अस्पताल में भर्ती

**मिली** जानकारी के अनुसार, प्लेन क्रैश में रुदिशा को कोई चोट नहीं आई है। जबकि एक अन्य यात्री को पसलियों में चोट के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया है। रुदिशा तीन साल पहले एक कार एक्सीडेंट से भी बाल-बाल बचे थे। अगस्त 2019 में उनकी एसयूवी कार नैरोबी-किसुमू राजमार्ग पर टायर फटने के बाद एक बस से टकरा गयी थी। रुदिशा टॉप लेवल एथलेटिक्स से रिटायर हो चुके हैं और अब कोचिंग देने पर विचार कर रहे हैं।

## न्यूज गैलरी

### पाकिस्तान को आईसीसी ने दिया झटका

**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान को आईसीसी ने बड़ा झटका दिया है। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। रावलपिंडी में खेले गये पहले टेस्ट में 1768 रन बने थे और इंग्लैंड टीम को अंतिम दिन 74 रन से जीत हासिल की थी। अब आईसीसी ने रावलपिंडी की पिच को औसत से नीचे माना है और उसे एक डिमेरिट प्वाइंट मिले है। इससे पहले मार्च में इसी पिच पर पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट हुआ था, तब भी उसे एक डिमेरिट प्वाइंट मिले थे। ये प्वाइंट पांच साल तक एक्टिव रहते हैं और पांच डिमेरिट होने पर किसी भी वेन्यू या मैदान पर 12 महीने का बैन लग जाता है। यानी वहां एक साल तक कोई भी इंटरनेशनल मुकाबले नहीं हो सकते। अब रावलपिंडी की पिच को 3 डिमेरिट प्वाइंट मिले, तो उस पर बैन लग जायेगा। पीसीबी के अध्यक्ष रमीज राजा ने पिच पर निराशा जतायी थी। मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट ने भी इस पर सहमति जतायी। पायक्रॉफ्ट ने मंगलवार को कहा कि यह काफी सपाट पिच थी, जिससे किसी भी तरह से गेंदबाज को मदद नहीं मिली। यही मुख्य कारण था कि बल्लेबाजों ने बहुत तेजी से रन बनाए और दोनों ही टीमों ने बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया।

### आलोचकों के निशाने पर बाबर, रिपोर्टर ने कहा – अहम मौकों पर आप नहीं चलते

**मुल्तान (एजेंसी)।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम इन दिनों आलोचकों के निशाने पर हैं। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान पहले ही 0-2 से पिछड़कर सीरीज गंवा चुका है। मुल्तान में खेले गये सीरीज के दूसरे मैच के चौथे दिन एक समय ऐसा लग रहा था कि पाकिस्तान जीत के साथ सीरीज में बराबरी हासिल कर लेगा, लेकिन फिर एक के बाद एक विकेट गिरते गये और पाकिस्तान को 26 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम जब प्रेस कॉन्फ्रेन्स के लिए पहुंचे, तो कई तीखे सवालों के जवाब देने पड़े। रिपोर्टर ने कहा कि अहम मौकों पर आप नहीं चलते। बाबर ने सवाल के जवाब में कहा, 'देखें, जब करेंगे भी तो भी कहेंगे कि इसने आसान हालातों में ऐसा किया, और जब नहीं होता तो वो वैसे ही कहते हैं। मेरे ख्याल से जिस तरह ऑस्ट्रेलिया वाला मैच था, वो मेरे ख्याल से कोई नहीं, मैं ही खेला था।' पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच सीरीज का आखिरी मैच 17 दिसम्बर से कराची नेशनल स्टेडियम में खेला जाना है।

### नेमार को स्पेन की अदालत ने धोखाधड़ी के मामले में किया बरी

**बार्सिलोना (एजेंसी)।** स्पेन की एक अदालत ने फुटबॉल स्टार नेमार के 2013 में सैंटोस से बार्सिलोना स्थानांतरित किये जाने के धोखाधड़ी से जुड़े मामले में इस ब्राजीली खिलाड़ी और उनके साथी प्रतिवादियों को बरी कर दिया। ब्राजील की कंपनी डीआईएस ने नेमार, उनके पिता तथा सैंटोस और बार्सिलोना के पूर्व प्रमुखों पर स्थानांतरण की राशि को जानबूझकर छुपाने का आरोप लगाया था ताकि उसे डीआईएस को भुगतान नहीं करना पड़े क्योंकि वह इस खिलाड़ी के खेल अधिकारों का आंशिक हकदार था। अदालत ने हालांकि मंगलवार को जारी बयान में कहा, ह्ययह साबित नहीं हुआ कि किसी तरह का गलत अनुबंध किया गया या डीआईएस को नुकसान पहुंचाने का इरादा था।

# बीसीसीआई के एनुअल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर हो सकते हैं रहाणे-ईशांत

**मुंबई (एजेंसी)।** टेस्ट स्पेशलिस्ट अजिंक्य रहाणे, तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा और ऋद्धिमान साहा बीसीसीआई के एनुअल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर हो सकते हैं। वहीं, शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव का ग्रेड प्रमोशन हो सकता है। हालांकि, एनुअल

■ सूर्या-गिल को मिल सकता है प्रमोशन

कॉन्ट्रैक्ट की फाइनल लिस्ट के लिए 21 दिसम्बर का इंतजार करना होगा। क्योंकि, उसी दिन अपेक्स कमेटी की मीटिंग में नए कॉन्ट्रैक्ट को मंजूरी मिलेगी। पीटीआई ने अपने सूत्रों के हवाले से ये दावे किये हैं। एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में लिखा कि बीसीसीआई साल 2022-23 के कॉन्ट्रैक्ट में बड़े बदलाव करनेवाली है। ऋद्धिमान साहा को भी कॉन्ट्रैक्ट से बाहर किया जा सकता है। उनसे इस साल की शुरूआत में कहा गया था कि उन्हें टीम इंडिया में शामिल होने का मौका नहीं दिया जायेगा। ईशांत शर्मा और रहाणे की भी टीम इंडिया में वापसी बेहद मुश्किल नजर आ रही है।



### बी ग्रेड में आ सकते हैं पांड्या

**भारतीय** टी-20 टीम के भावी कप्तान माने जा रहे हार्दिक पंड्या को भी ग्रेड प्रमोशन मिल सकता है। वे सी से बी ग्रेड में प्रमोट हो सकते हैं।

### सूर्या-गिल को इनाम ईशान को 'सी' ग्रेड

**सूर्यकुमार** यादव और शुभमन गिल को उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। दोनों इस साल शानदार प्रदर्शन किया है और दोनों ही टी-20 और वनडे का अहम हिस्सा हैं। इसलिए दोनों को सी कैटेगरी से बी में प्रमोशन मिलना तय है। बोर्ड पिछले मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक जमानेवाले ईशान किशन को सी कैटेगरी में जगह दे सकता है। अजिंक्य रहाणे पिछले कुछ साल से आउट ऑफ फॉर्म चल रहे हैं। वे 14 दिसम्बर से बांग्लादेश में शुरू हो रही टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया का हिस्सा नहीं हैं। यही हार तेज गेंदबाज ईशात शर्मा का है।



# बैंकों ने पिछले पांच वर्षों में 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक फंसे कर्ज बट्टे खाते में डाले : सीतारमण



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** बैंकों ने पिछले पांच वित्त वर्षों के दौरान 10,09,511 करोड़ रुपये के फंसे कर्ज (एनपीए) बट्टे खाते में डाले हैं। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को संसद को यह जानकारी दी। वित्तमंत्री ने राज्यसभा को एक लिखित उत्तर में कहा कि गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) या फंसे कर्ज को बट्टे खाते में डालते हुए उसे संबंधित बैंक के बही खाते से हटा दिया गया है। इसमें वे फंसे हुए कर्ज भी शामिल हैं जिसके एवज में चार साल पूरे होने पर पूर्ण प्रावधान किया गया है। सीतारमण ने कहा, बैंक आरबीआई के दिशानिर्देशों तथा अपने-अपने निदेशक मंडल की मंजूरी वाली नीति के अनुसार पूंजी का अनुकूलतम स्तर पर लाने लिए अपने अपने बही-खाते को दुरूस्त करने, कर लाभ प्राप्त करने और पूंजी के अनुकूलतम स्तर प्राप्त करने को लेकर नियमित तौर पर एनपीए को बट्टे खाते में डालते हैं। आरबीआई से मिली जानकारी के अनुसार अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) ने पिछले पांच वित्त वर्षों के दौरान 10,09,511 करोड़ रुपये की राशि को बट्टे खाते में डाला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बट्टे खाते में कर्ज को डालने से कर्जदार को लाभ नहीं होता। वे पुनर्भुगतान के लिए उत्तरदायी बने रहेंगे और बकाये की वसूली की प्रक्रिया जारी रहती है। बैंक उपलब्ध विभिन्न उपायों के माध्यम से बट्टे खाते में डाले गए राशि को वसूलने के लिये कार्रवाई जारी रखते हैं। इन उपायों में अदालतों या ऋण वसूली न्यायाधिकरणों में मुकदमा दायर करना, दिवाला और ऋण शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत मामले दर्ज करना और गैर- निष्पादित संपत्तियों की बिक्री आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने पिछले पांच वित्त वर्षों के दौरान कुल 6,59,596 करोड़ रुपये की वसूली की है। इसमें बट्टे खाते में डाले गये कर्ज में से 1,32,036 करोड़ रुपये की वसूली शामिल है।

> आरबीआई से मिली जानकारी के अनुसार अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) ने पिछले पांच वित्त वर्षों के दौरान 10,09,511 करोड़ रुपये की राशि को बट्टे खाते में डाला है।


## दो दिवसीय दक्षिण एशियाई कृषि शिखर सम्मेलन 19 जनवरी से



इंदौर। इस वर्ष दो दिवसीय दक्षिण एशियाई कृषि शिखर सम्मेलन काठमांडू में पहली बार 19 जनवरी से आयोजित होगा। शिखर सम्मेलन में इन्दौर सहित देशभर के व्यापार जगत से जुड़ी जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी। बीएसएफ फाउंडेशन के मानद अध्यक्ष सुधाकर तोमर ने सोमवार को बताया कि 19 एवं 20 जनवरी को आयोजित होने वाले इस दक्षिण एशियाई कृषि शिखर सम्मेलन का उद्देश्य दक्षिण एशियाई कृषि व्यवसाय के लिए नए विकास प्रतिमान बनाना है। यह कृषि शिखर सम्मेलन दालों, अनाज, चावल, चीनी, तेल, तिलहन, सूखे मेवे और मसाले के बदलते परिदृश्य पर चर्चा करने के लिए कृषि उद्योग एवं व्यापार जगत से जुड़े व्यापारियों को एकजुट करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह शिखर सम्मेलन प्रमुख दक्षिण एशियाई कृषि और संबद्ध क्षेत्रों जैसे कि अनाज, दालें, चीनी, चावल, तेल और तिलहन, मसाले और जड़ी-बूटियों, सूखे मेव, नट्स, एग्री-फूड-टेक-स्टार्ट अप्स, पर विचार-विमर्श के लिए एक बहुपक्षीय क्षेत्रीय मंच के रूप में कार्य करेगा। शिखर सम्मेलन में यूएई, सिंगापुर, कनाड़ा, ऑस्ट्रेलिया, म्यामांर, वियतनाम, ऑस्ट्रेलिया, सीआईएस, तुर्की, ब्राजील, यूएसए, कनाड़ा पश्चिमी और पूर्वी अफ्रीका जैसे देशों के व्यापार जगत से जुड़े व्यापारी शामिल होंगे। दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में आयात-निर्यात के साथ ही कई अहम मुद्दों पर विचार मंथन किया जाएगा।

## न्यूज गैलरी

### उज्जीवन स्मॉल फाईनेंस बैंक के एमडी एवं सीईओ की पुनर्नियुक्ति को आरबीआई की मंजूरी




**नयी दिल्ली।** उज्जीवन स्मॉल फाईनेंस बैंक को श्री इत्तिरा डेविस को दो सालों के लिए प्रबंध निदेशक एवं सीईओ के रूप में पुनर्नियुक्त करने के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की अनुमति मिल गई है। बैंक ने आज यहां जारी बयान में बताया कि वह 14 जनवरी, 2023 से अपना पदभार ग्रहण करेंगे। उज्जीवन स्मॉल फाईनेंस बैंक ने जनवरी, 2025 तक उनकी पुनर्नियुक्ति के लिए रैगुलेटर की अनुमति मांगी थी। उनके नेतृत्व में बैंक ने पिछली कुछ तिमाहियों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। बिजनेस वॉल्यूम (डिस्बर्समेंट और जमा, दोनों) में जबरदस्त वृद्धि के साथ कलेक्शंस में निरंतर सुधार हुआ, जिससे वित्तवर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में 294 करोड़ रुपये का सर्वाधिक त्रैमासिक लाभ मिला। श्री डेविस उज्जीवन के साथ मार्च 2015 से काम कर रहे हैं। हेड ऑफ ट्रांज़िशन के रूप में अपने पहले महत्वपूर्ण दायित्व में उनकी भूमिका माईक्रो-फाईनेंस संगठन को एक स्मॉल फाईनेंस बैंक में बदलने की थी, जिसमें एक सफल आईपीओ के साथ पूंजी बाजारों का आकलन शामिल था।

### प्रॉफिट वाली कंपनी को बेच रही सरकार, खरीदने में अडानी-टाटा की दिलचस्पी



**नई दिल्ली।** केन्द्र की मोदी सरकार एक और कंपनी को बेचने की तैयारी में है। खबर है कि सरकार जनवरी 2023 के अंत तक राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) और उसकी सब्सिडियरी कंपनी के विनिवेश के लिए रुचि पत्र यानी ईओएल मंगवाने की योजना बना रही है। यह बात इकोनॉमिक्स टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में बताई है। रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार आरआईएनएल से अपनी पूरी हिस्सेदारी बेचना चाहती है। सूत्रों के मुताबिक, 'टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील और अडानी ग्रुप ने दिसंबर की शुरूआत में प्री-बिड कंसल्टेशन के दौरान कंपनी में 'मजबूत दिलचस्पी' दिखाई थी।' पहचान न बताने की शर्त पर एक व्यक्ति ने कहा, "हमें रोड शो के दौरानआरआईएनएल के लिए बेहद ही पॉजिटिव फीडबैक मिला है। टाटा स्टील, अडानी ग्रुप और जेएसडब्ल्यू स्टील सहित सात कंपनियों ने बड़ी दिलचस्पी दिखाई है। आपको बता दें कि यह सरकारी कंपनी मुनाफे में है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी को 913 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था। इस अवधि में इस टर्नओवर 28,215 करोड़ रुपये का है। कंपनी के पास करीबन 22,000 एकड़ की जमीन है। राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड का एक प्लांट गंगावरम पोर्ट के पास है और यह पोर्ट अडानी ग्रुप के पास है। इसी वजह से अडानी और टाटा ग्रुप दोनों ने इसे खरीदने के लिए गहरी रुचि दिखाई है।

### बर्नार्ड अर्नाल्ट बना दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति

**नई दिल्ली।** ट्विटर को खरीदने के बाद से एलन मस्क के बुरे दिन चल रहे हैं। ट्विटर और उनकी इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के शेयरों में लगातार गिरावट आई है। इसने अब एलन मस्क से दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति का ताज छीन लिया है। फोर्ब्स की दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट के अनुसार, अब वे दुनिया के सबसे अमीर शख्स नहीं हैं। उनकी जगह अब फ्रांस के दिग्गज कारोबारी बर्नार्ड अर्नाल्ट ने ले ली है। फोर्ब्स के अनुसार, बर्नार्ड अर्नाल्ट एंड फैमिली की संपत्ति 186.9 अरब डॉलर है। वहीं, दूसरे स्थान पर खिसके एलन मस्क की संपत्ति घटकर 181.3 अरब डॉलर रह गई है। दुनिया के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में गौतम अडानी तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। उनकी संपत्ति 134.5 अरब डॉलर है। जिस तरह से एलन मस्क की संपत्ति में गिरावट आ रही है।

## बीएसई ने 148 दिन में अपने मंच पर एक करोड़ निवेशकों को जोड़ा

**नई दिल्ली।** प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई ने 148 दिन की अवधि में अपने मंच पर एक करोड़ पंजीकृत निवेशक खाते जोड़े हैं, जिसके साथ उसके पास ऐसे कुल खातों की संख्या 12 करोड़ हो गई है। बीएसई ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि उसने इस साल 18 जुलाई से 13 दिसंबर के बीच एक करोड़ निवेशकों के खाते जोड़े। बीएसई को 11 करोड़, 10 करोड़, नौ करोड़ और आठ करोड़ खातों के पड़ाव तक पहुंचने में इससे पहले क्रमशः 124 दिन, 91, 85 और 107 दिन का वक्त लगा था। एक्सचेंज ने कहा, "बीएसई ने 13 दिसंबर, 2022 को यूनिक क्लाइंट कोड (यूसीसी) के आधार पर 12 करोड़ पंजीकृत उपयोगकताओं के पड़ाव को पार कर लिया।" इन 12 करोड़ उपयोगकर्ताओं में से 42 प्रतिशत खाताधारक 30 से 40 वर्ष आयु वर्ग के हैं, 23 प्रतिशत 20 से 30 वर्ष में और 11 प्रतिशत 40 से 50 आयु वर्ग के हैं। कुल 12 करोड़ निवेशकों में से 20 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ महाराष्ट्र निवेशकों के मामले में सबसे आगे रहा। इसके बाद गुजरात 10 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश नौ प्रतिशत और राजस्थान एवं तमिलनाडु प्रत्येक छह-छह प्रतिशत पर रहे। हालांकि एक्सचेंज ने यह नहीं बताया कि इनमें से कितने खाते सक्रिय हैं या सिर्फ म्यूचुअल फंड निवेश के लिए उपयोग किए जाते हैं। वर्ष 1875 में स्थापित बीएसई (पूर्व में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज) छह माइक्रोसेकंड की गति के साथ दुनिया का सबसे तेज शेयर बाजार है।

# डालमिया सीमेंट भारत ने 17वें एनसीबी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में जीत हासिल की



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड, भारत के शीर्ष सीमेंट निमार्ताओं में से एक ने 17वें एनसीबी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में छह पुरस्कार जीते हैं। पुरस्कार श्री सोम प्रकाश सिंह, वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री द्वारा दिए गए थे और समूह के वरिष्ठ अधिकारियों श्री महेंद्र सिंघी, प्रबंध निदेशक अवम सीईओ गणेश डब्ल्यू जिरकुंटवार, राष्ट्रीय विनिर्माण प्रमुख (डीसीबीएल), द्वारा प्राप्त किया गया । डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद । डीसीबीएल के लिए छह पुरस्कारों में बेलगाम प्लांट-कर्नाटक के लिए पर्यावरणीय उत्कृष्टता के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार शामिल है। डालमियापुरम-तमिलनाडु में एकीकृत सीमेंट संयंत्रों में पर्यावरण उत्कृष्टता के लिए दूसरा सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार, साथ ही सर्कुलर इकोनॉमी हासिल करने के लिए पहला सांत्वना पुरस्कार और एकीकृत सीमेंट में पर्यावरण उत्कृष्टता के लिए दूसरा सांत्वना पुरस्कार अरियालुर यूनिट-तमिलनाडु शामिल है; लंका इकाई (कैलकॉम सीमेंट), असम को ग्राइंडिंग इकाइयों में ऊर्जा उत्कृष्टता के लिए दूसरा सांत्वना पुरस्कार; बोकारो ग्राइंडिंग यूनिट-झारखंड को ग्राइंडिंग इकाइयों में पर्यावरण उत्कृष्टता के लिए तीसरा सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार मिला है। डीसीबीएल के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री महेंद्र सिंघी ने टिप्पणी की, हम एनबीसी की आयोजन समिति और वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय को पर्यावरणीय रूप से स्थायी भविष्य की दिशा में काम करने के लिए संवाद और मान्यता के माध्यम से उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए धन्यवाद देते हैं। डालमिया भारत 10 स्थानों पर 14 संयंत्रों के अपने पूरे भारत में नवीन स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को बढ़ाकर जलवायु संकट से निपटने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। यह 2040 तक कार्बन नेगेटिव बनने के लिए प्रतिबद्ध है और क्लीन एंड ग्रीन इज प्रॉफिटेबल एंड सस्टेनेबल के अपने व्यापार दर्शन के लिए प्रतिबद्ध है।

## खुदरा महंगाई दर नवंबर में घटकर 11 महीने के निचले स्तर 5.88 फीसदी पर



**नई दिल्ली।** खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी से देश में खुदरा महंगाई दर नवंबर में घटकर 11 महीने के निचले स्तर 5.88 फीसदी पर आ गई है। पिछले साल नवंबर महीने में यह 4.91 फीसदी रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने सोमवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी है। आंकड़ों के मुताबिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर नवंबर महीने में 11 महीने के निचले स्तर 5.88 फीसदी पर आ गई है। इससे पिछले अक्टूबर महीने में यह दर 6.77 फीसदी थी, जबकि दिसंबर, 2021 में खुदरा महंगाई दर 5.66 फीसदी रही थी। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक नवंबर महीने में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर घटकर 4.67 फीसदी पर आ गई है, जो पिछले महीने अक्टूबर में 7.01 फीसदी रही थी। खुदरा महंगाई दर जनवरी से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के छह 6 फीसदी की संतोषजनक सीमा से ऊपर बनी हुई थी, लेकिन अब यह घटकर 11 महीने के सबसे निचले स्तर पर आ गई है। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक को खुदरा महंगाई दर दो फीसदी घट-बढ़ के साथ 4 फीसदी के दायरे में रखने की जिम्मेदारी दी गई है। आरबीआई ने महंगाई दर पर नियंत्रण पाने के लिए पिछले हफ्ते ही प्रमुख नीतिगत दर रेपो रेट को 0.35 फीसदी बढ़ाकर 6.25 फीसदी कर दिया था।

## जी-20 के वित्त और केंद्रीय बैंक के उप प्रमखों की बैठक बेंगलुरु में शुरू




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की जी-20 अध्यक्षता में वित्त एवं केंद्रीय बैंक के उप प्रमुखों की पहली तीन दिवसीय बैठक कर्नाटक के बेंगलुरु में शुरू हो गई है। जी-20 फाइनेंस ट्रैक की इस बैठक में वैश्विक अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ढांचा, अवसंरचना और स्थायी वित्त पर चर्चा होगी। जी-20 इंडिया ने मंगलवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। जी-20 इंडिया के मुताबिक यह बैठक वैश्विक व्यापक आर्थिक मुद्दों पर ध्यान देने के साथ, वित्त ट्रैक जी-20 के लिए सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर वैश्विक वास्तुकला को आकार देने के लिए महत्वपूर्ण है। बैठक की अध्यक्षता वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) संयुक्त रूप से कर रहे हैं। जी-20 वित्त और केंद्रीय बैंक के उप प्रमुखों की बैठक की सह अध्यक्षता आर्थिक मामलों के विभाग में सचिव अजय सेठ और रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर डॉ. माइकल डी पात्रा कर रहे हैं। जी-20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की पहली बैठक बेंगलुरु में अगले साल 23, 24 और 25 फरवरी को होगी। भारत ने जी-20 सदस्य राष्ट्रों और कई अन्य देशों के उनके समकक्षों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों को इस बैठक में शामिल होने का न्योता दिया है। भारत की जी-20 अध्यक्षता में बेंगलुरु की बैठक में ह्यफाइनेंस ट्रैकह्न एजेंडा पर विचार-विमर्श होगा। यह वैश्विक आर्थिक विमर्श और नीति समन्वय के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराएगा।

# ग्लोबल मार्केट से तेजी के संकेत एशियाई बाजारों का मिला-जुला रुख




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिलते नजर आ रहे हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के ठीक पहले अमेरिकी शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सत्र के दौरान तेजी का रुख बना रहा। वहीं एशियाई बाजारों में आज मिलाजुला रुख नजर आ रहा है। हालांकि यूरोपीय बाजार पिछले कारोबारी सत्र में कमजोरी के साथ बंद हुए। पिछले कारोबारी सत्र के दौरान डाओ जोंस 528.58 अंक यानी 1.58 प्रतिशत की छलांग लगाकर 34,005.04 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने भी 1.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3,990.56 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। जबकि नैस्डेक 139.12 अंक यानी 1.26 प्रतिशत की तेजी के साथ 11,143.74 अंत के स्तर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिकी शेयर बाजार के सभी 11 सेक्टर मुनाफा कमाकर हरे निशान में बंद हुए। खासकर एनर्जी सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा मजबूती दिखाई दी। माना जा रहा है कि अमेरिका में महंगाई की दर के आंकड़ों में इस बार गिरावट आ सकती है। महंगाई दर के पिछले महीने आए आंकड़े 7.7 प्रतिशत के स्तर पर थे। उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार महंगाई दर के आंकड़े घट कर 7.3 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच सकते हैं। आपको बता दें कि नवंबर के दौरान अमेरिका में कोर महंगाई दर भी 6.3 प्रतिशत से घटकर 6.1 प्रतिशत हो गई है। माना जा रहा है कि कोर सेक्टर की महंगाई दर में आई गिरावट महंगाई में ओवरऑल गिरावट के रूप में भी नजर आ सकती है। महंगाई दर के आंकड़ों के साथ ही निवेशकों की नजर यूएस फेड की बैठक के आने वाले फैसलों पर भी टिकी हुई है। इन दोनों का बाजार के आगे के रुख पर असर पड़ना तय माना जा रहा है। अमेरिकी बाजारों के विपरीत पिछले कारोबारी सत्र में यूरोपीय बाजारों में दबाव की स्थिति बनी रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.41 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,445.97 अंक तक लुढ़क कर बंद हुआ।

> ◆माना जा रहा है कि अमेरिका में महंगाई की दर के आंकड़ों में इस बार गिरावट आ सकती है। महंगाई दर के पिछले महीने आए आंकड़े 7.7 प्रतिशत के स्तर पर थे। उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार महंगाई दर के आंकड़े घट कर 7.3 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच सकते हैं।

## सोना आठ रुपये टूटा, चांदी में 82 रुपये की तेजी

**नयी दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच मंगलवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोना आठ रुपये के नुकसान के साथ 54,534 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 54,542 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी का भाव 82 रुपये की तेजी के साथ 68,267 रुपये प्रति किलोग्राम पर जा पहुंचा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव कमजोरी के साथ 1,787.80 डॉलर प्रति औंस पर था। चांदी तेजी के साथ 23.48 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक, सौमिल गांधी ने कहा, सीमित कारोबार की वजह से डॉलर पांच माह के निम्न स्तर पर मंडरा रहा है। निवेशकों ने अमेरिकी उपभोक्ता मुद्रास्फीति के आंकड़ों से पहले सतर्कता का रुख अपनाया हुआ है।

## पेज एक के शेष

### कार्यशैली सुधारें अधिकारी...

थानेदार को लाइन हाजिर का सीएम ने निर्देश दिया। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लोहरदगा और गुमला जिला राज्य के ऐसे जिले हैं जहां पलायन और ह्यूमन ट्रैफिकिंग काफी ज्यादा है। पलायन पेट की भूख के कारण है जहां ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं को गति देने की आवश्यकता है। राज्य सरकार ने ऐसी ही योजनाओं का एक पैकेज बनाया और यहां के लोगों द्वारा अपनायी जा सकनेवाली योजनाओं को यहां लागू कराने का कार्य किया। सीएम ने कहा कि अब योजनाओं की समीक्षा सिर्फ राज्य मुख्यालय स्तर तक ही नहीं, बल्कि आनेवाले समय में मंत्री या राज्यस्तर के पदाधिकारियों द्वारा नीचे स्तर पर भी जाकर की जायेगी। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा भंडरा-कैरो पथ में पुल निर्माण, कुडू प्रखंड में अधूरे पड़े अस्पताल, हाल सर्वे में गड़बड़ी, स्टेडियम में फ्लड लाइट की सुविधा, बकसीडीपा स्थित वन के पर्यटकीय विकास को लेकर ध्यान आकृष्ट कराया। समीक्षा बैठक में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद धीरज प्रसाद साहू, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, पुलिस महानिदेशक नीरज सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन सचिव अमिताभ कौशल, प्रधान सचिव वित्त विभाग अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के सचिव के. श्रीनिवासन, डॉ. मनीष रंजन, ग्रामीण विकास सचिव प्रशांत कुमार, आदिवासी कल्याण आयुक्त मुकेश कुमार, पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार, पुलिस महानिरीक्षक अमोल वेणुकान्त होमकर, पुलिस उप महानिरीक्षक अनीश गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद, लोहरदगा जिला उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, गुमला जिला उपायुक्त सुशांत गौरव, लोहरदगा जिला पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, गुमला जिला पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा जिला उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, समेत दोनो जिलों के जिलास्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी व अचंल अधिकारी उपस्थित थे।

### सरकार की योजना...

एक लाख 30 हजार करोड़ रुपये बकाया है। यह पैसा झारखंड को मिलेगा तो देश का विकसित राज्य के रूप में बनेगा।

**विकसित जिला बनेगा लोहरदगा :** राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि झारखंड की महागठबंधन सरकार अच्छा कार्य कर रही है। यहां विकास हो रहा है। लोहरदगा का रोडमैप बना है, लोहरदगा विकसित जिला बनेगा। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि आप सभी श्रम विभाग मे निबंधन जरूर कराइये उससे बहुत लाभ मिलेगा। सबको पेंशन, कन्यादान योजना, पढ़ाई के लिए साइकिल, मजदूर को निशुल्क चिकित्सा लाभ मिलेगा। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बंधु तिर्की, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, विधायक जिग्गा सुसारन होरो, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखैर भगत और झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद समेत हजारों लोगों की भीड़ मौजूद थी।

### अस्पताल में भर्ती...

मनी लाउंड्रिंग के मामले में आरोपित हैं, रिम्स में रहने के दौरान उनकी गतिविधियां काफी संदिग्ध रही थी। ऐसे में सीआईपी निदेशक को कहा गया है कि वह पंकज मिश्रा को जेल मैनुअल के अधीन रखते हुए मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने दें, साथ ही किसी भी व्यक्ति को उनसे मिलने की इजाजत नहीं दी जाये। जेल मैनुअल का पालन सीआईपी में कराने का निर्देश ईडी ने दिया है।

### भारत और चीन ...

**भारत या चीन का एयरफोर्स है मजबूत :** भारत व चीन की एयरफोर्स की तुलना करें तो चीन हमसे आगे दिखायी देता है। भारत के पास 538 कॉम्बैट एयरक्राफ्ट हैं, जबकि चीन के पास 1,232 हैं। इसी तरह भारत के पास 172 डेडिकेटेड अटैक एयरक्राफ्ट हैं, जबकि चीन के पास इस तरह के 371 एयरक्राफ्ट हैं। भारत के पास 77 स्पेशल मिशन प्लेन हैं, जबकि चीन के पास 111 हैं। भारत के पास 722 हेलीकॉप्टर है जबकि चीन के पास 911 हेलीकॉप्टर हैं। भारत के पास 23 हेलोज हैं, जबकि चीन के पास 281 हैं।

**किसकी नौसेना ताकतवर :** भारत और चीन की नौसेना की तुलना करें तो भारत के पास केवल एक एयरक्राफ्ट कैरियर है, जबकि चीन के पास दो एयरक्राफ्ट कैरियर हैं। इसी तरह भारत के पास 16 सबमरीन हैं जबकि चीन के पास 74 हैं। भारत के पास 10 एयरक्राफ्ट डिस्ट्रॉयर हैं, वहीं चीन के पास 36 हैं। भारत के पास तीन माइन वारफेयर हैं, जबकि चीन के पास 29 हैं। इसी तरह भारत के पास 139 कोस्टल पैट्रोल हैं जबकि चीन के पास 220 हैं।

**कितने परमाणु हथियार :** भारत के पास कितने परमाणु हथियार हैं, इसका कोई सार्वजनिक डाटा नहीं है। आर्म्ड फोर्सेज डॉट ईयू की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत के पास अनुमानित 150 न्यूक्लियर हथियार हैं। चीन के पास 280 से ज्यादा न्यूक्लियर हथियार हैं। कई रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि चीन के पास इससे ज्यादा परमाणु हथियार हो सकते हैं। मालूम हो कि चीन अब तक 45 बार परमाणु परीक्षण कर चुका है।

### 80 भारतीय सैनिकों...

झड़प हुई थी। चीनी सैनिक भारतीय चौकी को हटाना चाह रहे थे। हमने उन्हें खदेड़ा। इस दौरान दोनों देशों के सैनिकों को हल्की चोटें आयी हैं। सेना ने अपने बयान में कहा कि भारतीय सैनिकों ने चीनी सैनिकों का बहादुरी से मुकाबला किया और उनकी साजिशों को नाकाम किया। अरुणाचल-पूर्व के भाजपा सांसद तपीर गाव का इस बारे में कहना है कि नौ दिसम्बर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग में चीन की सेना पीपुल लिबरेशन आर्मी और भारतीय सेना के बीच झड़प हुई और इसमें हमारे सैनिक घायल हुए हैं, पीपुल लिबरेशन आर्मी के भी घायल हुए हैं। सीमा पर तैनात भारतीय जवान एक इंच भी नहीं हिले। अब स्थिति ठीक है। यह जो भी हुआ वह निंदनीय है। कुछ पूर्व सेना अफसरों का कहना है कि इस बार चीन की सेना ने उपयुक्त समय देखकर पूर्व नियोजित हमला किया था। टीन द्वारा यह घटना उत्तराखंड की पहाड़ियों में औली में भारत-अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास आपरेशन युद्धाभ्यास पर आपत्ति जताने के कुछ दिनों बाद हुई, जिसमें दावा किया गया कि यह 1993 और 1996 के सीमा समझौतों का उल्लंघन है।

## सेंसेक्स में दो दिन की गिरावट थमी, 403 अंक चढ़ा

**मुंबई।** खुदरा मुद्रास्फीति के 11 माह में पहली बार छह प्रतिशत के स्तर से नीचे आने से उत्साहित स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी देखी गई और दोनों प्रमुख सूचकांक अच्छी बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 402.73 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ 62,533.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय इसमें 437.35 अंक तक उछाल दर्ज किया गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 110.85 अंक यानी 0.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,608 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा और बजाज फिनसर्व लाभ में रहे। वहीं, नेस्ले इंडिया, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी और टाइटन के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।





## न्यूज गैलरी

### जी-7 देशों ने भारत की जी-20 अध्यक्षता का किया समर्थन


**वाशिंगटन (एजेंसी)।** जी-7 के सदस्य देशों ने भारत की जी-20 अध्यक्षता का समर्थन किया है और न्यायसंगत दुनिया के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। जी-7 देशों के नेताओं ने जारी एक संयुक्त बयान में कहा कि वे सभी के लिए बेहतर एवं सतत भविष्य का समर्थन करते हैं। जी-7 देशों के नेताओं ने एक संयुक्त बयान में कहा कि जर्मनी की अध्यक्षता में जी-7 देशों ने अपने अन्य अंतर्राष्ट्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर हमारे समय की प्रमुख प्रणालीगत चुनौतियों और तत्काल संकट से मिलकर निपटने का अपना संकल्प दिखाया है। हमारी प्रतिबद्धताओं और कदमों ने एक न्यायसंगत दुनिया की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है। बयान में कहा गया है कि जी-7, जी-20 में भारत की अध्यक्षता का समर्थन करता है। इसमें कहा गया कि जी-7 एक शांतिपूर्ण, समृद्ध और सतत भविष्य के पुनर्निर्माण के लिए मजबूती से, एकजुट होकर और पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका जी-7 के सदस्य देश हैं।

### धन शोधन मामले में नवाब मलिक को झटका

**मुंबई (एजेंसी)।** बम्बई उच्च न्यायालय ने एक जमीन के सौदे से जुड़े धन शोधन के मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक की जमानत अर्जी पर तत्काल सुनवाई करने से मंगलवार को इंकार कर दिया। इस सौदे में भगोड़ा गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम तथा उसके गुर्गे भी शामिल हैं। पूर्व मंत्री नवाब मलिक (62) की जमानत अर्जी विशेष अदालत ने 30 नवंबर को खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने मामले में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। न्यायमूर्ति एमएस कार्णिक की एकल पीठ ने तत्काल सुनवाई के मलिक के आग्रह को खारिज कर दिया और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को दो सप्ताह में इस अर्जी पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने मामले की सुनवाई छह जनवरी तक स्थगित कर दी। मंगलवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति कार्णिक ने मलिक के अधिवक्ता अमित देसाई से कहा कि सबसे पहले वह यह बतायें कि मामले में अविलंब सुनवाई की क्यों आवश्यकता है। इसके बाद देसाई ने अदालत को राकांपा के वरिष्ठ नेता के चिकित्सीय स्थिति के बारे में अवगत कराया। अधिवक्ता ने कहा कि मलिक का केवल एक गुर्दा काम कर रहा है और उसके अविलंब प्रतिरोपण की आवश्यकता है। उन्होंने अदालत को बताया कि पूर्व मंत्री के परिजन प्रतिरोपण की प्रक्रिया की शुरू करना चाहते हैं, जिसके लिये जांच और विशेषज्ञों के साथ बैठक की आवश्यकता होगी। न्यायाधीश ने इसके बाद देसाई से पूछा कि किस उपचार की जरूरत है, उससे संबंधित दस्तावेज अदालत में जमा करायें।

## हमारे जवानों ने बहादुरी से चीनी सैनिकों का किया सामना : राजनाथ सिंह

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारतीय और चीनी बलों के बीच हुई झड़प को लेकर मंगलवार को लोकसभा में बयान देते हुए कहा कि हमारे वीर जवान सीमा पर मुस्तैद हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे जवानों ने बहादुरी से चीनी सैनिकों का सामना किया और वहां से खदेड़ दिया। उन्होंने संसद में बयान देते हुए कहा कि हमारे जवानों में कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है और न ही कोई शहीद हुआ है। उन्होंने कहा भारतीय सेना के जवान बहादुरी से देश सेवा में डटे हुए हैं। रक्षा मंत्री ने बताया कि पीएलए सैनिकों ने हाथापाई की और भारतीय सेना ने उसका माकूल जवाब भी दिया। वहीं, झड़प के बाद दोनों देशों ने फ्लैग मीटिंग की। बता दें कि भारतीय सेना ने सोमवार को बताया था कि भारतीय और चीनी सैनिकों की तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के निकट एक स्थान पर नौ दिसम्बर को झड़प हुई, जिसमें दोनों पक्षों के कुछ जवान मामूली रूप से घायल हो गये। पूर्वी लद्दाख में दोनों पक्षों के बीच 30 महीने से अधिक समय से जारी सीमा गतिरोध के बीच पिछले शुक्रवार को संवेदनशील सेक्टर में एलएसी पर यांग्त्से के पास झड़प हुई। कांग्रेस के कई सांसदों ने चीन के साथ लगती सीमा पर हालात को लेकर संसद के दोनों सदनों में चर्चा की मांग करते हुए मंगलवार को कार्यस्थगन प्रस्ताव के नोटिस दिये थे। पार्टी सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में नोटिस देकर मांग की है कि प्रश्नकाल, शून्यकाल और अन्य विधायी कार्यों को रोककर इस विषय पर चर्चा करायी जाये, जबकि कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला और सैयद नासिर हुसैन ने राज्यसभा में इसी प्रक्रार के नोटिस दिये।



### तवांग में घायल छह जवानों को किया गया एयरलिफ्ट


**अरूणाचल** प्रदेश के तवांग में नौ दिसम्बर को चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के साथ हुई झड़प के दौरान घायल हुए भारतीय सेना के छह जवानों को एयरलिफ्ट कर गुवाहाटी के वशिष्ठ स्थित सेना के 151 बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि घायल जवानों को नौ दिसम्बर की दोपहर तवांग से एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए गुवाहाटी लाया गया। बता दें कि भारतीय और चीनी सैनिक के बीच नौ दिसम्बर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर झड़प हुई थी। प्राप्त रिपोर्ट में इस दौरान दोनों देशों के जवान घायल हुए थे। पीएलए के सैनिकों ने नौ दिसंबर को तवांग सेक्टर में एलएसी को पार किया। इस दौरान भारतीय सैनिकों ने दृढ़ता और दृढ़ तरीके से उनका मुकाबला किया। इस आमने-सामने की लड़ाई में दोनों पक्षों के कुछ कर्मियों को मामूली चोटें आयीं। इसके बाद दोनों पक्ष तुरंत पीछे हट गए।

संसद में खूब बरसे गृह मंत्री अमित शाह, बोले -

## नेहरू के प्यार के चलते यूएनएससी में कुर्बान हो गयी भारत की सीट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग का मुद्दा संसद में जमकर गूंजा। एक ओर जहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मामले की जानकारी दी। वहीं, विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। इसे लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाये कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कारण ही भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद यानी यूएनएससी में सीट गंवा दी थी। साथ ही उन्होंने कांग्रेस को राजीव गांधी फाउंडेशन में चीनी दूतावास की राशी को लेकर भी घेरा। गृहमंत्री शाह ने मंगलवार को नेहरू सरकार पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सदस्यता छोड़ने के आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि नेहरू के प्रेम के कारण ही भारत की यूएनएससी की स्थायी सदस्यता कुर्बान हो गयी। जिस वक्त गलवान में हमारे जवान चीनियों से भिड़ रहे थे उस वक्त चीनी दूतावास के अधिकारियों को कौन रात्रिभोज दे रहा था। इसका शोध हुआ क्या। उनकी सरकार में चीन ने पूरे अरुणाचल पर दावा किया।

### राजीव गांधी फाउंडेशन से जुड़े सवाल से बचने के आरोप



**शाह** ने कांग्रेस पर राजीव गांधी फाउंडेशन से जुड़े सवाल पर चर्चा से बचने के आरोप लगाये। संसद के बाहर पत्रकारों से बातचीत के दौरान शाह ने कहा कि आरजीएफ को चीनी दूतावास से एक करोड़ रुपये से ज्यादा मिले हैं और 50 लाख रुपये नाइक से मिले। उन्होंने आरोप लगाये कि जब कांग्रेस ने दावा किया कि दूतावास से मिली रकम भारत और चीन के संबंधों पर रिसर्च के लिए थी। शाह ने कहा कि देश जानना चाहता है कि क्या 1962 के युद्ध के दौरान भारत ने जो जमीन गंवायी है उसे रिसर्च में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि मैंने सूची देखी और सवाल नंबर 5 को देखने के बाद मैं कांग्रेस की चिंता को समझ गया। वह प्रश्न राजीव गांधी फाउंडेशन के फॉरेन कॉन्ट्रिब्यूशन रेग्युलेशन एक्ट लाइसेंस रद्द होने को लेकर था...। अगर उन्होंने मुझे अनुमति दी होती, तो मैं संसद में जवाब देता कि राजीव गांधी फाउंडेशन को 2005-2007 के बीच चीनी दूतावास से 1.35 करोड़ रुपये का अनुदान मिला है, जो एफसीआरए के तहत उचित नहीं है। नियमों के अनुसार, गृह मंत्रालय ने रजिस्ट्रेशन कैंसिल कर दिया। शाह ने कहा कि चीन ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर सवाल उठाये थे। उन्होंने कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि भाजपा सरकार जमीन पर घुसपैठ नहीं होने देगी। हम एक इंच जमीन भी नहीं देंगे। सैनिकों की तरफ से दिखाई गई बहादुरी तारीफ के काबिल है, उन्होंने हमारे जमीन को बचाया।

ऐसी शादी किसी की ना हो

## दूल्हे के मां-पिता समेत 22 की मौत



### शमशान में पांच दिन से रोज जल रहीं चिताएं

**इस** हादसे के बाद प्रत्येक मृतक के परिजनों को सात लाख रुपये और घायलों के परिजनों को एक लाख रुपये की आर्थिक मदद की घोषणा सीएम की ओर से की गयी हैं। भूगरां गांव में स्थित शमशान में पांच दिन से आग ठंडी नहीं हुई है। हर कुछ देर में किसी न किसी का शव जलाने के लिए लाया जा रहा है।

**जोधपुर/राजस्थान (एजेंसी)।** जोधपुर में मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले सप्ताह गुरुवार से लेकर मंगलवार सुबह तक 22 लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गयी। दूल्हे का पूरा परिवार खत्म होने के कगार पर है। सोमवार शाम दूल्हे की मां साथ छोड़ गयी और मंगलवार सुबह पिता भी हमेशा के लिए चले गये। माता पिता की सिर्फ यही इच्छा थी कि बेटा दूल्हा बने और घर बहू आए...। बेटा दूल्हा बना भी लेकिन अब अस्पताल में सांसों की लड़ाई लड़ रहा है। दो साल से घर आने का इंतजार कर रही बहू का इंतजार और ज्यादा लंबा होता जा रहा है। दरअसल, जोधपुर के शेरगढ़ थाना इलाके में स्थित भूंगरा गांव में पिछले सप्ताह गुरुवार को दोपहर में बारात रवाना होने से ठीक पहले एक साथ पांच सिलेंडर धमाके हुए। उस समय वहां पर करीब सौ से ज्यादा लोग थे। हादसे में दो साल के बच्चे समेत सत्तर साल के बुजुर्ग तक साठ लोग झुलस गये। इनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से अब तक 22 की मौत हो चुकी है। गुरुवार रात से अब तक मौतों का सिलसिला जारी है।

**दूल्हे के मां-पिता और बहन भांजी सबकी मौत :** शेरगढ़ पुलिस ने बताया कि दूल्हे सुरेंद्र सिंह के पिता सगत सिंह की मंगलवार सुबह मौत हो गयी। दूल्हे की मां जस्सू कंवर बीती रात दम तोड़ चुकी थी। उसके अलावा मंगलवार सुबह पांच साल के आईदान सिंह, सुगन कंवर और दिलिप सिंह की भी जान चली गयी। पुलिस का कहना है कि अभी भी तीस से ज्यादा लोग ऐसे हैं जो बेहद गंभीर हैं।

## सरकार ने प्रिंट-इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में ऐड पर आठ साल में खर्च किये 6399 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार द्वारा प्रिंट और इलेक्ट्रानिक माध्यमों से विज्ञापनों पर पिछले करीब आठ साल में 6399.6 करोड़ रुपए खर्च किए गए। लोकसभा में एम सेल्वराज के प्रश्न के लिखित उत्तर में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा मंगलवार को पेश किए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सदस्य ने पूछा था कि साल 2014 से प्रत्येक मंत्रालय द्वारा प्रिंट और इलेक्ट्रानिक माध्यम से विज्ञापनों पर वहन किए गए खर्च का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है। मंत्री द्वारा पेश किये गए आंकड़ों के अनुसार, साल 2014-15 से सात दिसंबर 2022 तक प्रिंट मीडिया के माध्यम से विज्ञापनों पर 3138.81 करोड़ रुपए खर्च किए गए जबकि इस अवधि में इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से विज्ञापन पर 3260.79 करोड़ रुपए खर्च हुए। सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये आंकड़ों के अनुसार केंद्रीय संचार ब्यूरो के माध्यम से साल 2014-15 में प्रिंट मीडिया पर विज्ञापन में 424.84 करोड़ रुपए और इलेक्ट्रानिक मीडिया पर विज्ञापन में 473.67 करोड़ रुपए, वर्ष 2015-16 में प्रिंट मीडिया पर 508.22 करोड़ रुपए और इलेक्ट्रानिक मीडिया पर 531.60 करोड़ रुपए खर्च किए गए।



### पटेरिया के बयान को कांग्रेस ने माना अनुशासनहीनता

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री राजा पटेरिया के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दिए बयान को पार्टी संगठन ने अनुशासनहीनता मानते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पार्टी उपाध्यक्ष और प्रदेश संगठन प्रभारी चंद्रप्रभाष शेखर की ओर से आज जारी नोटिस में श्री पटेरिया को संबोधित करते हुए कहा गया है कि उनके द्वारा पन्ना जिले के पवई में प्रधानमंत्री श्री मोदी को लेकर दिया बयान घोर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।

## पूर्व मंत्री पटेरिया गिरफ्तार, अदालत में किया जायेगा पेश

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में उकसावे वाला बयान देने के मामले में पूर्व मंत्री राजा पटेरिया को गिरफ्तार कर लिया गया है और अब अदालत में पेश किया जाएगा। डॉ. मिश्रा ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान बताया कि कांग्रेस नेता राजा पटेरिया को दमोह के हटा से गिरफ्तार किया गया है। उन्हें आज पवई कोर्ट में पेश किया जाएगा। पूर्व में लगाई गई धाराओं में धारा 115 और 117 और बढ़ाई गई है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस को भी जम कर निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस महात्मा गांधी की कांग्रेस नहीं रही, इटालियन कांग्रेस हो गई है, जिस पर मुसोलिनी का फासीवाद हावी हो गया है। कांग्रेस को राजा पटेरिया पर कार्रवाई करनी चाहिए।







## सऊदी रेगिस्तान में खुदाई शुरू, जमीन पर दिखाई देने लगा द लाइन शहर

- सऊदी अरब के रेगिस्तान में बनने लगा विशालकाय द लाइन शहर
- नयी सैटेलाइट तस्वीरों में हुआ खुलासा, साइट पर दिखा भारी निर्माण
- 170 किमी लंबी और 200 मीटर चौड़ी होगी फ्यूचरिस्टिक मेगासिटी

**रियाद (एजेंसी)।** सऊदी अरब में एक 'फ्यूचरिस्टिक मेगासिटी' का निर्माण किया जा रहा है। यह शहर किसी अजूबे से कम नहीं होगा। खाड़ी देश के रेगिस्तान में बसाया जा रहा यह शहर अब आकार लेने लगा है। नयी सैटेलाइट तस्वीरें इसकी तस्दीक करती हैं। 982,70,80,00,000 डॉलर के इस शहर में हर वह सुविधा मौजूद होगी जिसका सपना इंसान देख सकता है। लगभग 170 किमी लंबा यह शहर 50 लाख लोगों का घर होगा। शहर को 'द लाइन' नाम दिया गया है जो दो लंबी और ऊंची समांतर इमारतों के बीच बसा होगा। आनेवाले दिनों में इसे लेकर उत्सुकता और ज्यादा बढ़ सकती है, क्योंकि अब शहर का ढांचा जमीन पर दिखाई देने लगा है।



द लाइन की दोनों इमारतें करीब 1,600 फीट ऊंची होंगी और सऊदी रेगिस्तान में एक-दूसरे के समांतर खड़ी होंगी। इसका निर्माण पूरा होने में 50 साल का वक्त लगेगा। इस प्रोजेक्ट को 'अर्थ स्क्रैपर' कहा जा रहा है, जिसकी शुरुआत अक्टूबर में हुई थी। पहले भी ड्रोन फुटेज में साइट पर भारी मशीनरी और निर्माण गतिविधियों को देखा गया था। चांग गुआंग सैटेलाइट टेक्नोलॉजी की तस्वीर में द लाइन के लिए रेत में हो रही खुदाई को पीले रंग की पट्टी में देखा जा सकता है। तस्वीर में भारी मशीनरी और बड़ी संख्या में मजदूरों को रेड डॉट से दर्शाया गया है। इस शहर के निर्माण में सऊदी का 500 अरब डॉलर का प्राइवेट इन्वेस्टमेंट फंड भी खर्च हो रहा है। यह शहर जॉर्डन और मिस्त्र की सीमा पर स्थित होगा और 2030 तक निवासियों और व्यवसायों का स्वागत करना शुरू कर देगा। हालांकि, बिल्डरों और शहरी योजनाकारों का कहना है कि इसे पूरा होने में करीब 50 साल लग सकते हैं।